kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-13 ❒ अंक-332 ❒ गुरुवार, 02 जनवरी 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



हमें अपने सभी किसान बहनों और भाइयों पर गर्व है जो हमारे देश का पेट भरने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। 2025 की पहली कैबिनेट हमारे किसानों की समृद्धि बढ़ाने के लिए समर्पित है। मुझे खुशी है कि इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। नरेन्द्र मोदी

प्रख्यात कार्टूनिस्ट हरीश चंद्र शुक्ला 'काक' नहीं रहे 11

जम्मू देश का पहला उच्च पर्वतीय रेलवे मंडल होगा 11

## संक्षेप

### दिसंबर में जीएसटी संग्रह 176857 करोड़ रहा

**नयी दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह दिसंबर 2024 में 176857 करोड़ रुपये रहा जो दिसंबर 2023 में संग्रहित 164882 करोड़ रुपये की तुलना में 7.3 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2024 में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 154366 करोड़ रुपये रहा है जो दिसंबर 2023 में संग्रहित 149409 करोड़ रुपये की तुलना में 3.3 प्रतिशत अधिक है। दिसंबर 2024 में कुल रिफंड 22490 करोड़ रुपये रहा है जो दिसंबर 2023 के 15473 करोड़ रुपये के रिफंड की तुलना में 45.3 प्रतिशत अधिक है। दिसंबर 2024 में सीजीएसटी 32836 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 40499 करोड़ रुपये, 91221 करोड़ रुपये रहा है। इसके अतिरिक्त अभिभार 12301 करोड़ रुपये रहा है।

### यूपी-उत्तराखंड महिला विधायकों का सम्मेलन 8 को कानपुर में

**लखनऊ।** कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन (भारत क्षेत्र) के जोन-1 उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के विधानमंडल की महिला सदस्यों का सम्मेलन कानपुर में 8 जनवरी को होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसका उद्घाटन करेंगे। यूपी के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व उत्तराखंड की ऋतु खंडूड़ी भूषण उपस्थित रहेंगी। लोकसभा अध्यक्ष ने पूरे देश में (सीपीए) के नौ जोन बनाए हैं, जिससे इनमें विधायी गतिविधियों का आयोजन हो सके। सदस्यों को संसदीय विषयों की जानकारियों से अवगत कराने के लिए सम्मेलन आयोजित किए जाते हैं। इन सम्मेलनों में किसी प्रकार का कोई राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं होता है। कानपुर में आयोजित होने वाले सम्मेलन में यूपी व उत्तराखंड की महिला सदस्य शामिल होंगी। इसका समापन पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा किया जाएगा।

### भारत और पाकिस्तान ने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची एक-दूसरे को सौंपी

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे के परमाणु ठिकानों पर हमला करने से रोकता है।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत और पाकिस्तान ने आज नई दिल्ली और इस्लामाबाद में राजनयिक माध्यमों से एक साथ दोनों देशों के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले के निषेध पर समझौते के अंतर्गत शामिल परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं की सूची एक-दूसरे को सौंपी। बयान में कहा गया है कि 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षरित और 27 जनवरी 1991 को लागू हुए इस समझौते में अन्य बातों के साथ-साथ यह भी प्रावधान है कि भारत और पाकिस्तान प्रत्येक कैलेंडर वर्ष की पहली जनवरी को समझौते के अंतर्गत आने वाले परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं के बारे में एक-दूसरे को सूचित करेंगे।

# चार बहनों, मां की हत्या

## आगरा के युवक ने लखनऊ के होटल में की वारदात

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



मां आसमां (46 साल) | बेटी आलिया (9 साल) | बेटी अक्सा (16 साल) | बेटी अल्शिफा (19 साल) | बेटी राहीमीन (18 साल)

लखनऊ। स्तब्ध करने वाली एक घटना में आगरा के 24 वर्षीय युवक ने जमीन से जुड़े विवाद में अपने समुदाय के लोगों द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न से परेशान होकर बुधवार की सुबह यहां एक होटल में अपनी चार बहनों और मां की कथित तौर पर हत्या कर दी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि आरोपी मोहम्मद अरशद को इस दिल दहलाने वाली घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया। यह घटना नाका क्षेत्र में स्थित होटल शरनजीत में घटित हुई। पुलिस उपायुक्त (मध्य लखनऊ) रवीना त्यागी ने कहा कि आरोपी की पहचान अरशद (24) के रूप में हुई जिसने अपने ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी। इस घटना के बाद पुलिस ने उसे घटनास्थल से ही पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान आलिया (9), अलशिया (19), अक्सा (16), रहमीन (18)- सभी अरशद की बहनें और अस्मा (आरोपी युवक की मां) के रूप में हुई है। त्यागी ने बताया कि 24 वर्षीय अरशद आगरा का रहने वाला है और प्रारंभिक पूछताछ से पता चला कि उसने घरेलू विवाद की वजह से यह कदम उठाया। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीम को साक्ष्य एकत्रित करने के लिए घटनास्थल से एकत्रित किया और इस मामले की विस्तृत जांच शुरू की गई है।

घटनास्थल पर पहुंचे संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) बबलू कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि




फोरेंसिक टीम साक्ष्य संग्रह करने के लिए सक्रियता के साथ जांच कर रही है और वरिष्ठ अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। कुमार ने कहा, जहां तक बरामद किए गए शवों का संबंध है, किसी की कलाई पर चोट है तो किसी के गले पर चोट है। चोट के इन निशानों, गवाहों के बयानों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हम इस मामले की विस्तृत जांच करेंगे। इस घटना के तुरंत बाद एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया जिसमें अरशद ने अपनी बहनों और मां की कलाई और गला काटने का अपराध स्वीकार किया है। उसका दावा है कि उसने अपने क्षेत्र के लोगों द्वारा उत्पीड़न की वजह से यह कदम उठाया है।

अरशद ने कहा, मैं मेरे पूरे परिवार के साथ असहाय और हताश होकर यह कदम उठाने को मजबूर हूं.. मैंने मेरी बहनों की हत्या कर दी है। जब पुलिस को यह वीडियो मिलता है, मेरी गुजारिश है कि वे इसके लिए क्षेत्र के लोगों को जिम्मेदार ठहराएं। उसका आरोप है कि उसके क्षेत्र के लोगों ने उसका घर हड़पने के लिए उसके परिवार पर अकल्पनीय अत्याचार किए हैं जिसके खिलाफ आवाज उठाने के बावजूद किसी ने कभी उनकी बात नहीं सुनी। उसके मुताबिक, 15दस दिन हो गए हैं और हमें फुटपाथ पर सोने को मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने हमसे हमारा घर ले लिया है, जबकि उस घर के कानूनी कागजात हमारे पास हैं। हम इसे एक मंदिर के लिए समर्पित करना चाहते थे और हमारा धर्म बदलना चाहते थे, लेकिन हमसे सबकुछ छीन लिया गया। अरशद ने पुलिस और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ● शेष पेज 11 पर

### हम तंग आकर धर्म परिवर्तन करना चाहते थे... पूजा भी करते हैं

आरोपी ने कहा कि हमने पुलिस वालों से नेताओं से बजरंग दल के लोगों से और भाजपा के लोगों से मदद मांगी पर किसी ने हमारी मदद की। हमें तंग किया गया। हम लोग बदायूं के रहने वाले हैं। हमारी ताई के पास सन 47 से पूरा हिसाब मिल जाएगा। हमें अपनी जमीन से बेदखल करने के लिए हम पर तरह-तरह के आरोप लगाए जाते हैं कि हम लोग बांग्लादेशी हैं। हमारे पूरे खानदान का पूरा रिकॉर्ड बदायूं में हमारी ताई के पास मिल जाएगा। हम तंग आकर धर्म परिवर्तन करना चाहते थे। हम सभी पूजा करते हैं।

### हर मुसलमान एक सा नहीं होता

आरोपी ने कहा कि हर मुसलमान एक सा नहीं होता है। उसने सीएम योगी व प्रधानमंत्री का नाम लेकर कहा कि हमें जीते जी इंसान भले ही न मिला हो पर मरने के बाद ही इंसाफ दे दीजिए। उन लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए ये लोग नेताओं और पुलिस में गहरी पकड़ रखते हैं। हमारा आधा प्लाट छीन लिया और आधा छीनना चाहते थे। हमारी यही मांग है कि अब उस प्लाट पर सिर्फ मंदिर ही बनना चाहिए और घर में मौजूद पूरे सामान को अनाथ आश्रम में दे देना जिससे कि हमारी रूह को चैन मिले। मैंने अपने पिता के साथ मिलकर इन्हें मारा है। मेरी बहनें तड़पी हैं आज। मैंने उनके हाथ काटे... गला दबाया। मैंने इन्हें मारकर इनकी इज्जत बचाई है। हिंदुओं ने भी मेरी मदद नहीं की। उम्मीद है कि मरने के बाद हमारे साथ इंसाफ होगा।

# डीएपी की बोरी 1350 रुपए में मिलती रहेगा

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों के लिए डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) फर्टिलाइजर के लिए अतिरिक्त सब्सिडी को मंजूरी दी है। कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने डीएपी फर्टिलाइजर के लिए 3,850 करोड़ रुपये का एकमुश्त पैकेज दिया है। किसानों को 1,350 रुपये प्रति 50 किलोग्राम की दर से डीएपी उर्वरक मिलता रहेगा। अतिरिक्त लागत सरकार वहन करेगी।

उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने किसानों को किफायती कीमतों पर डीएपी की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक जनवरी 2025 से अगले आदेश तक एनबीएस सब्सिडी से परे डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पर एकमुश्त विशेष पैकेज के विस्तार को मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि भू-राजनीतिक कारणों से डीएपी की वैश्विक बाजार कीमतें अस्थिर हैं लेकिन अतिरिक्त खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने बताया कि लाल सागर जैसे प्रमुख समुद्री मार्ग संघर्षों के कारण असुरक्षित हैं। मालवाहक जहाजों को भारत में उर्वरक लाने के लिए केप ऑफ गुड होप के रूट का इस्तेमाल करना पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव का भारत में उर्वरकों की कीमत पर असर पड़ेगा। 2014 से प्रधानमंत्री मोदी ने सुनिश्चित किया है कि किसानों को कोविड और युद्ध संबंधी व्यवधानों के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव का खमियाजा न



**राहत**

❒ केंद्रीय कैबिनेट ने फर्टिलाइजर पर 3,850 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी, फसल बीमा का बजट बढ़ाकर 69516 करोड़ किया

उठाना पड़े। 2014-24 तक उर्वरक सब्सिडी 11.9 लाख करोड़ थी, जो 2004-14 (5.5 लाख करोड़ रुपये) से दोगुनी है।

किसानों को सब्सिडी वाले, किफायती और उचित मूल्य पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। किसानों को किफायती मूल्य पर डीएपी उर्वरक की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वीकृत एनबीएस सब्सिडी के अतिरिक्त एक जनवरी 2025 से अगले आदेश तक डीएपी पर 3,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से विशेष पैकेज प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उर्वरक निर्माताओं/आयातकों के माध्यम से किसानों को रियायती मूल्य पर 28 ग्रेड के पीएंडके उर्वरक उपलब्ध कराए जाते हैं। पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी एक अप्रैल 2010 से एनबीएस योजना द्वारा शासित है। किसानों के ● शेष पेज 11 पर

# रक्षा मंत्रालय ने 2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने मौजूदा और भविष्य के सुधारों को गति देने के लिए 2025 को 'सुधारों का वर्ष' के रूप में मनाने का फैसला लिया है। इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों को बहु-क्षेत्रीय एकीकृत संचालन में सक्षम तकनीकी रूप से उन्नत युद्ध-तैयार बल में बदलना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'सुधारों का वर्ष' सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह वर्ष रक्षा तैयारियों में अभूतपूर्व प्रगति की नींव रखने के साथ ही 21वीं सदी की चुनौतियों के बीच भारत की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करेगा।

रक्षा मंत्री ने नए साल की पूर्व संध्या पर रक्षा मंत्रालय के सभी सचिवों के साथ विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं, सुधारों और आगे की राह की प्रगति की समीक्षा करने के लिए एक बैठक की। बैठक में 2025 में केंद्रित हस्तक्षेप के लिए व्यापक

❒ भविष्य के युद्धों को जीतने के लिए रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाएं विकसित करने पर जोर




क्षेत्रों की पहचान की गई। बैठक में कहा गया कि सुधारों का उद्देश्य संयुक्तता और एकीकरण पहल को और मजबूत करने तथा एकीकृत थिएटर कमांड की स्थापना को सुगम बनाने के लिए होना चाहिए। इन सुधारों में साइबर और अंतरिक्ष जैसे नए क्षेत्रों तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, हाइपरसोनिक और रोबोटिक्स जैसी उभरती हुई तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। भविष्य के युद्धों को जीतने के लिए आवश्यक संबद्ध रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाएं भी विकसित की जानी चाहिए। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि इन सुधारों का उद्देश्य भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाना, भविष्य की चुनौतियों के लिए ● शेष पेज 11 पर

# मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जमीन चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू

नयी दिल्ली। सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने के लिए स्थल चिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और वह स्थल पर अंतिम मुहर लगाने के लिए सिंह के परिवार के संपर्क में है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों ने राष्ट्रीय स्मृति स्थल में संजय गांधी के स्मारक के आसपास के स्थलों का निरीक्षण किया और कुछ स्थानों की पहचान की जहां स्मारक बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के संपर्क में है और स्मारक की जगह के लिए तीन या चार विकल्पों पर चर्चा की है। सूत्रों ने बताया कि अभी तक कोई भी स्थल तय नहीं किया गया है और सब कुछ सिंह के परिवार के परामर्श से किया जाएगा। केंद्र, स्मारक के लिए चयनित भूमि को आवंटित करने से पहले एक न्यास का गठन करेगा। सरकार ने स्मारक बनाने की अपनी इच्छा के बारे में पहली ही पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार को अवगत करा दिया है। भारत में आर्थिक सुधारों के जनक ● शेष पेज 11 पर


# पल्लवी ने प्राविधिक शिक्षा में भ्रष्टाचार के मामले में राज्यपाल को दिया पत्रक

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ इस मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने की मांग की

लखनऊ। सपा से सिराथू की विधायक व अपना दल (कमेरावादी) की नेता डा. पल्लवी पटेल ने बुधवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। जिसमें उन्होंने प्राविधिक शिक्षा विभाग में हुए भ्रष्टाचार के मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने की मांग करते हुए पत्र दिया।

सपा से सिराथू की विधायक व अपना दल (कमेरावादी) की नेता डा. पल्लवी पटेल ने बुधवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। जिसमें उन्होंने प्राविधिक शिक्षा विभाग में हुए भ्रष्टाचार के मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने की मांग करते हुए पत्र दिया। पल्लवी पटेल ने पत्र के माध्यम से राज्यपाल को अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश प्राविधिक एप्लाइड साइंस एवं ह्यूमैनिटीज सेवा संघ ने उन्हें बताया है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा असंवैधानिक कार्यवाही करते हुए विभागाध्यक्ष के पद प्रोन्नति के माध्यम से भर दिए गए हैं। ये पद नियमानुसार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से भरे जाने चाहिए थे। पत्र के माध्यम से पल्लवी पटेल ने मांग की है कि प्राविधिक शिक्षा के छात्रों व शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस विभागीय भ्रष्टाचार के विरुद्ध एसआईटी गठित करते हुए जिम्मेदार दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए दंडित किया जाए। नौ दिसंबर 2024 को ● शेष पेज 11 पर




# बार-बार चालान होने पर ड्राइविंग लाइसेंस व परमिट निरस्त किया जाएगा : मुख्यमंत्री



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिया है कि अगर किसी वाहन का बार-बार चालान होता है तो सम्बन्धित व्यक्ति का ड्राइविंग लाइसेंस और परमिट निरस्त कर दिया जाएगा। इस कार्रवाई को फास्टैग से जोड़ा जाए। सड़क हादसे रोकने के लिए स्कूलों-कालेजों में छह से 10 जनवरी तक सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएं। साथ ही ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए मोटरसाइकिलों में से ऊंची आवाज करने वाले मोडिफाई साइलेंसर व हॉर्न हटाए जाएं। साथ ही नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाए जाने पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हर साल 23 से 25 हजार मौतें सड़क हादसे में होती है। इससे राष्ट्रीय क्षति होती है। उन्होंने सभी जिलों में पांच जनवरी तक जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक पूरी कर लेने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा माह केवल लखनऊ तक सीमित न रहे, बल्कि इसे सभी 75 जिलों में पूरा करा लिया जाए। अधिकतर दुर्घटनाएं जागरुकता के अभाव में होती है। उन्होंने हर महीने जिलों में डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की बैठक करने के निर्देश दिए। इस बैठक में एसपी, नगर आयुक्त, आरटीओ, पीडबल्यूडी, शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ ही सीएमओ भी उपस्थित रहें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिलों में उन स्थानों को चिन्हित कर लें, जहां सड़क हादसे ज्यादा होते हैं। हादसों की वजह पता करें और उसे दूर करने की कार्ययोजना बनाएं। इस बात पर ध्यान देने के निर्देश दिए कि नाबालिग ई-रिक्शा व अन्य वाहनों को चलाते न दिखें। ई-रिक्शा रजिस्ट्रेशन ठीक से कराया जाए। मुख्यमंत्री ने ओवरलोडिंग पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि ओवरलोडिंग कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसे सीमा पर ही रोक लिया जाए। शहर के अंदर स्टार्टिंग प्वाइन्ट ● शेष पेज 11 पर

❒ ओवरलोडिंग कतई बर्दाश्त नहीं, परिवहन निगम के बसों के ड्राइवरों की नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाए

❒ मोटरसाइकिलों से हटाए जाएंगे ऊंची आवाज करने वाले हार्न व साइलेंसर

❒ छह से 10 जनवरी तक स्कूलों में सड़क सुरक्षा जागरुकता के कार्यक्रम कराए जाएंगे

❒ मुख्यमंत्री ने राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में कई निर्देश दिए

❒ सभी जिलों में पांच जनवरी तक जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक पूरी करने को कहा

# मायावती ने नए साल पर देशवासियों को दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने देशवासियों को नए साल की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पिछला वर्ष चाहे जैसा गुजरा हो लेकिन आने वाला नया साल 2025 छलावा व खोटी उम्मीद वाला न हो तो बेहतर है। व्यापक जन व देशहित में उत्तर प्रदेश और देश में कानून का बेहतर राज जरूरी है। मायावती ने नव वर्ष के पहले दिन जारी विज्ञप्ति में कहा कि देश के 140 करोड़ लोग यह नहीं पूछते हैं।

कि देश के कल्याणकारी संविधान के तहत सरकार ने उनके लिए क्या किया, किन्तु फिर भी सरकार को अपनी नीयत, नीति व गुड गवर्नेंस आदि से उन सबके लिए 'अच्छे दिन' लाकर यह जरूर साबित कराना चाहिए कि वह जनहितैषी है, क्योंकि देश इंसान से ही बनता और संवरता है। उन्होंने कहा कि नये साल की बधाई में खासकर देशवासियों के लिए नई खुशियां व नई उम्मीद की किरण जरूर निहित होनी चाहिए। वरना यह केवल औपचारिकता ही कही जाएगी। ऐसी रुखी-सुखी औपचारिकताओं का निर्वहन लोग नहीं चाहते हैं क्योंकि इससे वास्तविकता में देश आगे बढ़ने वाला नहीं है।

वे चाहते हैं कि उनको उनकी मेहनत का सही फल मिलना चाहिए, सरकार यह सुनिश्चत करे।

# महाकुंभ में लाखों रुपए प्रति रात रुकने और पर्यटन को लेकर अभियान चलाने पर संतों में नाराजगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज महाकुंभ में शास्त्रीय और लोक परंपरा को लेकर संत भी मुखर है। महाकुंभ में लाखों रुपए प्रति रात रुकने और पर्यटन को लेकर अभियान चलाने पर संतों ने नाराजगी जताई है।बुधवार को अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि आस्था पर अर्थ और आतंक का हमला संत समाज नहीं सहन करेगा। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 12 वर्ष बाद पूर्ण कुंभ शुरू होने जा रहा है। देश और दुनिया के सनातन साधक और लोक इसमें शामिल होने के लिए प्रयागराज की ओर चल पड़े है। सनातन भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने खरमास से ठीक पहले घट स्थापित कर इसका आरंभ कर दिया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ स्वयं इस महाआयोजन की व्यवस्था में प्राणप्रण से जुटे हैं। सब कुछ शास्त्रीय और लोक परंपरा के साथ चल रहा है। किंतु इसी मध्य अर्थ और व्यवसाय के भूखे कुछ लालची लोगों ने इस पवित्र पुण्य आयोजन का स्वरूप बिगाड़ने का भी पूरा इंतजाम कर लिया है। कुछ सोशल मीडिया और कुछ व्यावसायिक घरानों के सूचना माध्यमों और यूट्यूब के कथित पत्रकारों ने इसमें केवल व्यवसाय और अर्थ की तलाश शुरू कर दी है। अनेक माध्यमों पर कुंभ में लाखों रुपए प्रति रात रुकने और पर्यटन को लेकर जैसे एक अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान कुंभ के नैसर्गिक स्वरूप को बिगाड़ रहा है। ऐसे किसी भी अभियान को संत समाज न तो सहेगा और न ही आस्थावान लोगों का शोषण होने देगा। उन्होंने कहा कि कुंभ ऐसा सम्मिलन है जिसमें आदिकाल से राजे महाराजे भी आस्था और श्रद्धा के साथ शामिल होते रहे हैं। कुंभ में आकर वे सनातन आस्था के लिए अपने राजकोष भी दान करते रहे हैं। सनातन की रक्षा, प्राणियों में सद्भावना और विश्व के कल्याण के उद्घोष के साथ कुंभ सभी सनातनियों के लिए समर्पण का आयोजन है । जहां केवल आस्था लेकर लोग आते हैं और यहां संतों, मनीषियों, साधकों, महापुरुषों के साथ साथ पवित्र त्रिवेणी में स्नान और दान के साथ विदा होते हैं। लाखों रुपए के कॉटेज और कमरों की पैकेजिंग के विज्ञापन पर चिंता स्वामी जीतेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि अभी देखने में आ रहा है कि कुंभ की सनातन आस्था पर कुठाराघात करते हुए धनलोभियों ने जाल बिछा कर ठगी करने की योजना बना ली है। लाखों रुपए के कॉटेज और कमरों की पैकेजिंग के विज्ञापन चलाए जा रहे हैं। आस्था के इस महाआयोजन में ऐश की सामग्री दिखाकर ऐसे लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है जिनको सनातन और कुंभ से कुछ भी लेना देना नहीं है। ऐसे अर्थ लोभी, कामी और व्यवसायी लोगों को संत समाज कुंभ परिसर में कदापि किसी क्रियाकलाप की अनुमति नहीं देगा। जहां तक सुरक्षा की बात है तो संतों को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के सुरक्षा व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। इसलिए आतंक का भय दिखा कर सनातन आस्था के लोक को कुंभ में आने से कोई शक्ति रोक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि कुंभ की सुरक्षा और यहां के कथित कीमती कॉटेज, पुलिस की कड़ाई और ऐसे अनेक कथानक फैला कर भारत के ग्रामीण और दूर दराज के सामान्य लोगों में एक भय का वातावरण बनाया जा रहा है। एक तरफ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री लोगों से कुंभ में आने और अपनी सनातन आस्था से जुड़ने के लिए सतत प्रयत्नशील हैं और दूसरी ओर ये माध्यम महंगे प्रचार और अनावश्यक कहानियां गढ़ कर लोगों में महंगाई और सुरक्षा को लेकर भय का वातावरण बना रहे हैं। संत समाज की बहुत सूक्ष्म दृष्टि इन सभी गैर सनातनी गतिविधियों पर है।

# नई साल पर निगम ने शहर के लोगों को दिया पहली मल्टी लेवल कार पार्किंग का तोहफा

एजेंसी

गाजियाबाद। नए साल पर गाजियाबाद नगर निगम ने शहर की जनता को पहली मल्टी लेवल कार पार्किंग का तोहफा दिया। इस मौके पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सभी अधिकारियों के साथ मिलकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही वहां की सुविधाओं के बारे में भी उपस्थित जनों को अवगत कराया गया। पहले दिन 35 से 40 वाहन मल्टी लेवल कार पार्किंग में पार्क हुए।

शहर वासियों को नगर आयुक्त ने नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ-साथ मल्टीलेवल पार्किंग की शुरुआत को लेकर भी शुभकामनाएं दी।

नगर आयुक्त ने बताया कि शहर की पहली मल्टीलेवल कार पार्किंग में 20 चार्जिंग स्टेशन भी लगाए गए हैं। इलेक्ट्रिक व्हीकल यूजर को लाभ मिलेगा।

गाजियाबाद में आगमन से पूर्व कार पार्किंग की व्यवस्था को पहले से ही ऑनलाइन जानकारी यूजर ले सकते हैं, कैश के अलावा ऑनलाइन तथा फास्ट टैग की सुविधा भी भुगतान हेतु रखी गई है। पार्किंग के स्पेस को लेवल के क्रम में देखने के लिए उपकरण भी लगाए गए हैं। लिफ्ट की सुविधा, महिला पुरुष शौचालय की भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा मल्टी लेवल कार पार्किंग में दी हुई है।

शुल्क एक नजर में फोर व्हीलर के लिए 25 रुपये तीन घंटे के लिए, 12 घंटे के लिए रुपये 100, दिन में तथा रात्रि में रुपये200 शुल्क निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा टू व्हीलर हेतु रुपये 10 तीन घंटे के लिए, रुपये 50 12 घंटे के लिए निर्धारित किए गए हैं।

साइकिल के लिए रुपये 5 4 घंटे के लिए, रुपये20 12 घंटे के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा महीने का पार्किंग पास बनाने की सुविधा भी दी गई है जिसमें चार पहिए वाली गाड़ी हेतु रुपये 1500 12 घंटे दिन के लिए तथा रात्रि के लिए 1750 रुपए 12 घंटे के लिए निर्धारित किए गए हैं। दुपहिया वाहन हेतु ?600 12 घंटे के लिए दिन में, रुपये 700 12 घंटे के लिए रात्रि में निर्धारित किए गए हैं।

# महाकुंभ नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में साल के पहले दिन 900 मरीजों का हुआ उपचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महाकुम्भ नगर। नया साल शुरू होते ही महाकुम्भ के महाआयोजन को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर पहुंचने लगा है। योगी सरकार की चाक चौबंद व्यवस्था का परिणाम ये है कि अभी से देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का महाकुम्भनगर में आगमन रफ्तार पकड़ने लगा है। साल के पहले दिन महाकुम्भ नगर के सेंट्रल हॉस्पिटल में भी 900 लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। देश के किसी भी बड़े हॉस्पिटल की तर्ज पर हाईटेक टेक्नोलॉजी का यहां लोगों की देखभाल में इस्तेमाल किया जा रहा है। साल के पहले दिन से ही ईसीजी की भी सुविधा शुरू हो गई है। मिल रहीं अत्याधुनिक सुविधाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चाहते हैं कि महाकुम्भ का आयोजन ऐसा हो, जो पहले के किसी भी कुम्भ से ज्यादा दिव्य और भव्य हो। दुनिया में यूपी की बेहतरीन छवि बने, इसके लिए मुख्यमंत्री ने चुन चुनकर अफसरों की यहां तैनाती की है। महाकुम्भ में पहुंचकर विभिन्न प्रदेशों से आए श्रद्धालु स्वास्थ्य लाभ लेने भी लगे हैं। आस्था के इस महाकुम्भ में चिकित्सकों का भी उत्साह देखते बन रहा है।

कई बार डॉक्टरों को खुद आगे बढ़कर मरीजों का सहयोग करते देखा जा सकता है। महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि महाकुम्भनगर में यहां सेंट्रल हॉस्पिटल में साल के पहले दिन 900 मरीजों की ओपीडी हुई। यहां देश के विभिन्न राज्यों से पहुंच रहे 800 से 900 लोग प्रतिदिन स्वास्थ्य लाभ लेने आ रहे हैं। इनकी देखभाल के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टरों ने व्यवस्था संभाल ली है। सीएम योगी के निर्देश पर यहां मरीजों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलने लगी हैं। ईसीजी की भी सुविधा शुरू हो चुकी है। साथ ही केंद्रीय पैथोलॉजी में 100 से ज्यादा लोगों का प्रतिदिन टेस्ट शुरू हो गया है। यहां मेले में श्रद्धालुओं को 50 से अधिक तरह का फ्री टेस्ट कराने की सुविधा प्रदान की जा रही है। एआई का हो रहा उपयोग इस बार महाकुम्भ में अति आधुनिक टेक्नोलॉजी का पूरी सजगता के साथ इस्तेमाल किया जा रहा है। मरीजों और डॉक्टरों के बीच भाषा की बाध्यता को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से दूर कर दिया गया है। महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालु किसी भी भाषा में बोलें, एआई टेक्नोलॉजी की मदद से महाकुम्भ के डॉक्टर उनकी बात समझकर उनका इलाज करने में पूरी तरह सक्षम हैं। देश में पहली बार महाकुम्भनगर में हाईटेक एआई मैसेजिंग फ्लो सिस्टम बनाया गया है। योगी सरकार की यह नई पहल मरीजों की इंटेंसिव केयर में भी मददगार साबित होने जा रही है।

## विभूति नारायण के प्रवक्ता पद पर चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी



**करछना प्रयागराज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जमुनापार क्षेत्र विकासखंड कौंधियारा अन्तर्गत ग्राम पंचायत टिकरी निवासी विभूति नारायण सिंह पुत्र रविन्द्र कुमार सिंह का बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा के इंटर कॉलेज में प्रवक्ता पद पर चयन हुआ है।बिहार लोक सेवा आयोग ने यह परीक्षा 22 जुलाई को आयोजित की थी। सफलता से वे अपने परिवार सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है। जानकारी होने पर मां मंजू देवी सहित जनार्दन पाण्डेय,साक्षी, मानसी, कृति,अभिनव सिंह सहित अन्य लोगों ने उनके घर पहुंचकर उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। कौंधियारा के एक छोटे से गाँव में सामान्य परिवार से विभूति नारायण ने बिहार पीसीएस की परीक्षा क्वालिफाई कर क्षेत्र के युवाओं को प्रेरणा दी है कि मेहनत से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। सामान्य परिवार के बच्चे भी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकते हैं।

## सेंट्रल जोन की पुलिस ने 12 लाख रुपये की कीमत के गुम हुए 70 मोबाइल लौटाए

**कानपुर।** पुलिस ने नव वर्ष के पहले दिन शहरवासिययों को तोहफा देते हुए 70 पीड़ितों के गुम या चोरी हुए मोबाइलों को बरामद कर उनको सुपुर्द कर दिया। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और इन मोबाइलों की कीमत 12 लाख रुपये के आस-पास बताई जा रही है। नव वर्ष के उपलक्ष्य में सेंट्रल जोन की पुलिस ने 70 ऐसे लोगों को तोहफा दिया है जो अपने खोये हुए या गुम हुए मोबाइल को लेकर परेशान थे। अपर पुलिस उपायुक्त मध्य राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को बताया कि सेंट्रल जोन के अंतर्गत अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गुम हुए मोबाइलों की शिकायत के आधार पर सर्विलांस टीम द्वारा आधुनिक तकनीकों व मोबाइलों के आईएमईआई नंबरों के माध्यम से मोबाइलों को बरामद कर पीड़ितों द्वारा लिखवाई गयी शिकायत के जरिये उनसे संपर्क कर मोबाइल लौटाने के लिए साल का पहला दिन चुना गया। नव वर्ष के पहले दिन बुधवार को सभी मोबाइल स्वामियों को बुलाकर उनके मोबाइल लौटा दिए गए हैं, खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। अनुमान के मुताबिक बाजार में इन सभी मोबाइलों की कीमत 12 लाख रुपये के आस-पास बताई जा रही है।

## सत्य मार्ग पर चलकर जीवन व्यतीत करें:डेनियल मसीह

**मुरादाबाद।** नववर्ष पर सिटी मैथौडिस्ट चर्च दांग बारादरी में बुधवार को न्यू ईयर आराधना बड़े उत्साह व धूमधाम से सम्पन्न हुई। इस अवसर पर युवाओं ने अमन की अगुवाई में बड़े जोश व आनंद से पिता परमेश्वर प्रभु यीशु मसीह की स्तुति व प्रशंसा के गीत गाए। वहीं नन्हे आलविन ने भी अपनी सुरीली आवाज की छटा बिखेरकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर चर्च के पास्टर इंचार्ज पादरी डेनियल मसीह ने सत्य मार्ग पर चलकर जीवन व्यतीत करने का आह्वान करते हुए कहा कि मार्ग, सत्य और जीवन प्रभु यीशु मसीह हैं जिसके बिना कोई स्वर्ग में प्रवेश नहीं कर सकता। इसलिए हमें परमेश्वर की आज्ञा का पालन करना चाहिए। चर्च के सहायक पास्टर राजू चरण ने बाइबिल पाठ कर प्रार्थना करवाई। इस अवसर पर मिस सुबीना डैनिएल ने सभी बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट देकर उनको प्रोत्साहित किया। आराधना सभा का संचालन कर पास्टर इंचार्ज ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नववर्ष पर प्रमुख पार्कों व स्मारकों में हुई एलडीए की ख़ूब कमाई

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नववर्ष के अवसर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा संचालित प्रमुख पार्कों व स्मारकों में प्राधिकरण की खूब कमाई हुई। जिसके चलते साल के पहले दिन रात के 8:00 तक जनेश्वर मिश्र पार्क में 42,600 टिकट बेच कर यहाँ 6,39,000 रूपये की आय हुई। इसके अलावा गोमती नगर स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर 13,175 टिकट बिके जिसमे 3,29,375 रूपये की आय हुई। तथा कांशीराम ग्रीन ईको गार्डे न में 7,769 टिकट की बिक्री हुई जिसमे 1,94,225 रूपये की आय हुई। गोमती रिवर फ्रंट में इस मौके पर 3,590 टिकट बिके जिसमे 53,850 रूपये की आय हुई।

## पड़ोसी ने पीट-पीट कर युवक को मार डाला, पुलिस जांच में जुटी

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाना क्षेत्र स्थित ग्राम मिल्क रावली में एक 35 वर्षीय युवक की पड़ोसी ने पीट-पीट का हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पड़ोसी की तलाश की जा रही है, जल्दी ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि 1 जनवरी को थाना मुरादनगर पर एक सूचना प्राप्त हुई कि चौकी रावली अन्तर्गत ग्राम मिलक रावली में एक व्यक्ति विनोद नामक युवक की किसी ने हत्या कर दी है । इस सूचना के आधार पर फील्ड यूनिट को बुलाते हुए तत्काल थाना मुरादनगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा आस पास के लोगों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक शराब पीने का आदी था। कल देर रात पड़ोस के व्यक्ति ने मार पिटाई की थी। जिससे उसके सिर, हाथ व पैर में चोटें आयीं हैं। जिसके बाद उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सभी पहलुओं पर जांच करते हुए परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की ।

# जानलेवा हमले का आरोपी फैजान मुठभेड़ में गिरफ्तार,लगी गोली

एजेंसी



फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ पुलिस टीम ने मंगलवार की देर रात्रि में घर में घुसकर गृह स्वामी पर फायरिंग कर जानलेवा हमले के आरोपी को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि थाना रामगढ़ के कश्मीरी गेट निवासी खालिद अनवर पुत्र अनवर हुसैन के घर में घुसकर 25 दिसम्बर को अभियुक्त फैजान पुत्र इकबाल व फराज पुत्र इकबाल निवासीगण बगिया मौहल्ला थाना दक्षिण ने आठ-दस अज्ञात लोगों के साथ अवैध असलाह से लैस होकर माँ बहिन की गाली गलौज की थी। इन लोगों ने घर का सारा सामान फैक दिया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए जान से मारने की नियत से गृह स्वामी के ऊपर दो फायर किए थे। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 3 पुलिस टीमों का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी रामगढ़ संजीव कुमार दुबे पुलिस टीम के साथ मंगलवार की देर रात्रि क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी सूचना पर पुलिस टीम द्वारा फैक्ट्री ऐरिया से लिंक रोड़ पर चैकिंग की जा रही थी तभी एक मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति से पुलिस टीम की मुठभेड़ हो गई। संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत फायरिंग की गई। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की पहचान फैजान पुत्र इकबाल के रुप में हुई है, जोकि थाना रामगढ़ में खालिद अनवर के घर में घुसकर जानलेवा हमले का आरोपी है जो फरार चल रहा था। अभियुक्त के कब्जे से एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर, एक तमंचा 315 बोर, 2 जिंदा कारतूस, 3 खोखा कारतूस बरामद हुए है। एएसपी ने बताया कि घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराय गया है।

# महाकुम्भ मेला की सुरक्षा में 502 होमगार्डों ने लिया प्रशिक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। तीर्थराज प्रयाग में लगने वाले ऐतिहासिक महाकुम्भ पावन पर्व को मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन के विजन अनुरूप भव्य, दिव्य, स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आपदा से बचाव का प्रशिक्षण दिये जाने के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गोमतीनगर लखनऊ द्वारा मेला में प्रतिस्थापित 502 होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। बुधवार को आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण जनपद प्रयागराज के पुलिस लाइन झूंसी मेला परिक्षेत्र स्थित समर्पण प्रशिक्षण पण्डाल में हुआ। पुलिस लाइन झूसी मेला परिक्षेत्र स्थित समर्पण प्रशिक्षण पण्डाल में जनपद चन्दौली से 160 होमगार्ड्स, भदोही से 56, झांसी से 238 एवं कौशाम्बी से 48 होमगार्ड्स स्वयंसेवक इस प्रकार कुल 502 होमगार्ड्स स्वसयसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मेलाधिकारी, होमगार्ड्स अमित कुमार पाण्डेय ने जवानों को नववर्ष की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षण से लाभ के सम्बंध में अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु होमगार्ड्स स्वयंसेवको को डूबने की स्थिति में, भीड़ सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम, आपातकालीन स्थिति में, अग्निकांड की स्थिति में, भगदड़ की स्थिति में, शीतलहर की स्थिति में क्या करें, क्या न करें तथा प्राथमिक उपचार के सम्बंध में प्रशिक्षित किया गया। उक्त प्रशिक्षण व डेमो एनडीआरएमयू के प्रशिक्षकां द्वारा दिया गया। श्री पाण्डेय ने बताया कि यह प्रशिक्षण 29 दिसम्बर से शुरू हुआ है, जो 07 जनवरी तक चलेगा।

# सांसद रविकिशन के पिता की पुण्यतिथि पर वितरित किया गया खतौनी व घरौनी

एजेंसी



जौनपुर। गोरखपुर के सांसद व अभिनेता रवि किशन के पिता की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई। डीएम दिनेश चन्द्र बुधवार को सांसद रविकिशन के पैतृक गांव बिसुई बराई पहुँचे। जहां पर प्राचीन मंदिर के मैदान में डीएम ने दो सौ जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किया। सांसद रविकिशन के पिता श्याम नारायण शुक्ला की बुधवार को पांचवी पुण्यतिथि मनाईं गई।सांसद के पिता की पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर बिसुई बराई गांव में पहुचे डीएम दिनेश चन्द्र ने पहले शिव मंदिर में दर्शन पूजन कर सांसद के पिता के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में सांसद व अभिनेता रविकिशन की तारीफ की । जिलाधिकारी ने पांच लाभार्थियों को खतौनी व घरौनी व दर्जनों महिला लाभार्थीयों को आयुष्मान कार्ड का भी वितरण किया । कम्बल लेने के लिए जरूरतमंदों ने लाइन नही लगाई बल्कि डीएम जौनपुर व मुख्य विकास अधिकारी सीलम साईं तेजा ने सबके पास जाकर उन्हें खुद कम्बल दिया। जिसे देखकर वहां की जनता और कम्बल पाने वाले बहुत ही प्रसन्न होकर सराहना कर रहे थे। दो सौ कम्बल वितरण के बाद बुजुर्ग किसान मिश्रीलाल भीड़ से अलग निकलकर डीएम से कम्बल की मांग की जो कि उनको नही मिल सका था। डीएम जौनपुर ने अपनी गाड़ी में रखे कम्बल निकलवा कर मिश्रीलाल समेत दस अन्य जरूरमन्दों में बांटे। कम्बल वितरण के बाद स्टाल लगाकर बैठे महिला की गोदभराई के लिए जब डीएम पहुचे तो वहां गोदभराई के लिए टोकरी में रखे नाम मात्र फल देखकर डीएम भड़क उठे। उन्होंने मौजूद आँगनवाड़ी कार्यकर्ती को जमकर फटकार लगाई। उसके बाद गर्भवती महिला को फल की टोकरी वितरण करने के साथ कंबल भी दिया। नवजात जन्मी दो बच्चियों का अनप्राशन भी डीएम द्वारा कराया गया। उक्त कार्यक्रम मे सीडीओ जौनपुर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, केराकत एसडीएम सुनील कुमार, सांसद रविकिशन के जिलाप्रतिनिधि अनुराग दुबे समेत क्षेत्र के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# महाकुम्भ में स्नान करने पर शुभता का आगमन : सतीश राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। हमारी धार्मिक मान्यताएं एवं अनुष्ठान भी हमें स्वस्थ रखने में सहायक हैं। महाकुम्भ में स्नान करने पर शुभता का आगमन होता है। बीमारियों को ठीक करने में जो मदद करती हैं, उसे मेडिसिन कहते हैं। हमारी परम्पराएं भी शरीर को निरोग रखती हैं। यह बातें बुधवार को एसकेआर योग एवं रेकी शोध प्रशिक्षण और प्राकृतिक संस्थान में जाने माने स्पर्श चिकित्सक सतीश राय ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति का अनुसरण कर हम बीमारियों को दूर कर सकते हैं। सूरज डूबने से पहले भोजन करना और सुबह 8 बजे के बाद खाने से शरीर में कई तरह से लाभ होते हैं। इसे लगातार एक माह से ज्यादा करते रहें तो शरीर का ब्लड प्रेशर शुगर सही होने लगता है। उन्होंने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए महाकुम्भ मेला के सेक्टर 10 में भी शिविर लग रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की निःशुल्क चिकित्सा भी करेंगे।

कुम्भ में स्नान करने से पाप व बुराइयों का होता है इलाजसतीश राय ने कहा कि हमारे धार्मिक त्योहार भी हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं। महाकुम्भ में स्नान करने पर पाप व बुराइयों का इलाज होता है। कुम्भ के दौरान गंगा का पानी सकारात्मक ऊर्जा से भरा होता है।

सूर्य चंद्रमा की सकारात्मक विद्युत चुम्बकीय ऊर्जा की शक्ति जल में प्रवाहित हो जाती है। इस कारण त्रिवेणी संगम महाकुम्भ मे स्नान करने वाले व्यक्ति के जीवन में शुभता का आगमन होता है। कुम्भ में चमत्कारी गुणों से भर जाता है संगम का जलसतीश राय ने कहा कि ऐसी धार्मिक मानता है कि महाकुम्भ के दौरान संगम का जल चमत्कारी गुणों से भर जाता है। कुम्भ में स्नान करने से दैवीय तत्व जागृत होते हैं, जन्म-मृत्यु के चक्कर से मुक्ति मिलती है। देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। यदि गंगाजल को पानी की जगह पीते हैं तो शरीर के रोगों का नाश होता है। सतीश राय ने कहा कि शहरों में आजकल लोगों के घरों में पक्के मार्बल के फर्श होते हैं। मिट्टी की जमीन से लोगों की दूरियां बढ़ गई हैं। इस कारण भी लोग बीमार होते हैं। लोग हमेशा चप्पल या जूता पहन कर रहते हैं। शरीर को जमीन से स्पर्श कराना एक चिकित्सीय तकनीक है। जमीन से निकलने वाली ऊर्जा शरीर पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।

# प्रेम प्रसंग को छिपाने के लिए की थी पति की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ठाकुरगंज क्षेत्र में पति की हत्या कर पुलिस को गुमराह करते हुए हत्या को सामान्य मौत बनाने की कोशिश को नाकाम करते हुए पुलिस ने मात्र 48 घंटे से भी कम समय में घटना का खुलासा करते हुए हत्या में शामिल पत्नी व साथियों को गिरफ्तार किया है। पूरा मामला ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के न्यू हैदरगंज का है जहां 30 दिसंबर को चाट बेचने वाले 50 वर्षीय शत्रुघ्न राठौर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर के एक कमरे में मिला था। मृतक की पत्नी राखी राठौर ने अपने पति की हत्या किए जाने का शक जताते हुए पुलिस को तहरीर दी थी जिसके आधार पर ठाकुरगंज पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस को शुरू से ही मामला संदिग्ध नजर आ रहा था जिसके चलते पुलिस द्वारा गहराई से छानबीन करने के बाद यह पता चला की मृतक की पत्नी राखी राठौर ने ही अपने पति की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस के अनुसार मृतक की पत्नी का उसके रिश्तेदार धर्मेंद्र राठौर के साथ प्रेम प्रसंग था धर्मेंद्र राठौर पेशे से ड्राइवर है। अपने प्रेम प्रसंग को छिपाने और पति को रास्ते से हटाने के लिए उसने अपने प्रेमी और उसके साथीयों के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची। प्लानिंग के तहत मृतक की पत्नी ने रात को घर का दरवाजा खुला रखा था। देर रात धर्मेंद्र राठौर साथियों सहित गाड़ी से वहां पहुंच गया और राखी राठौर को लेकर घर के ऊपरी हिस्से में एक कमरे में सो रहे शत्रुघ्न राठौर के कमरे में पहुंचा जहाँ इन लोगों ने मिलकर शत्रुघ्न राठौर की गला दबाकर हत्या कर दी गला दबाने के दौरान हुई आवाज़ो को सुनकर बच्चों ने पुलिस को व मोहल्ले वालों को फ़ोन से इसकी सूचना दे दी इसके बाद हत्यारे मौके से फरार हो गए। हत्यारों द्वारा हत्या के बाद इसे सामान्य मौत दिखाने की कोशिश भी की गई। पुलिस ने 48 घंटे से भी कम समय में घटना का पर्दाफाश करते हुए हत्या में शामिल पारा थाना क्षेत्र के कुमार पुरम न्यू कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र राठौर व अंकित राठौर सहित मृतक की पत्नी राखी राठौर को गिरफ्तार कर लिया।

# महाराजा लाखन पासी जन्मोत्सव के अवसर पर 51 जोड़ों का हुआ सामुहिक विवाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। महाराजा लाखन पासी के जन्मोत्सव समारोह के अवसर पर सर्वसमाज सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम महाराजा बिजली पासी किला पर आयोजित किया गया। जिसमें 51 जोड़े एक दूसरे के दम्पति जीवन में प्रवेश किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मोहन लाल पासी करते हुए कहा कि गरीब निर्धन परिवारों के लड़की लड़कों की शादी पिछले एक दशक से करा रहे हैं। कार्यक्रम बहुजन क्रांति संघ के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर बहुजन क्रांति संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तरफ से भारत के महामहिम राष्ट्रपति मोहदया को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी सरोजिनी नगर को सौंपा और मांग पत्र में 8 सूत्रीय मांगो का मांग पत्र भी सौंपा गया। जिसमें टीले वाली मस्जिद के सामने स्थित तिकोनिया पार्क में महाराजा लाखन पासी की आदमकद प्रतिमा लगायी जाय , पूरे देश में एक समान शिक्षा लागू करने के लिए वन नेशन वन एजूकेशन का कानून बनाया जाय , वर्षों तक जरायम एक्ट की अमानवीय यातनाएं सहने वाले पासी समाज के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में सेना में पासी रेजीमेन्ट का गठन किया जाये ,पासी समाज के महापुरुषो के व्यक्तित्व समेत 8 मांगे शामिल है । इस कार्यक्रम के मौके पर बहुजन क्रांति संघ राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मोहन लाल पासी, प्रदेश अध्यक्ष डी पी रावत ,अंकित रावत , भाजपा मंडल अध्यक्ष काकोरी रवि राज लोधी ,देश राज रावत ,अनिल पासी ,शत्रोहन रावत ,महेश रावत ,लोक जनशक्ति पार्टी( रामविलास)मीडिया प्रभारी राजेश रावत , नीलम सरोज,राज कुमार पासी ,राम बहादुर रावत पूर्व आई ए एस ,पूर्व सांसद रीना चौधरी ,विनय सिंह रावत समेत कई सहयोगी शामिल रहे।

# नव वर्ष के स्वागत में सत्य मंदिर में वैदिक यज्ञ का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नव वर्ष के स्वागत में सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर की पावन भूमि पर संपूर्ण विश्व की मंगल कामना हेतु एक विशाल वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का आरंभ भगवान की वाणी के पाठ से हुआ। उसके उपरांत आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम जी एवं दिव्य शक्ति योगीराज श्री अभिनव महाराज जी की पावन उपस्थिति में वैदिक यज्ञ आरंभ किया गया। इस वैदिक यज्ञ में केवल वही श्रद्धालुजन आहुति का अर्पण कर पाए, जो शुद्ध शाकाहारी थे। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां पूनम जी ने अपने प्रवचन में बताया कि अगर आप आने वाले वर्ष में ईश्वर की कृपा और संरक्षण पाना चाहते हैं तो संरक्षण देना सीखें असहाय असमर्थ पशु पक्षियों को, अगर आपके हाथों में किसी निर्दोष पशु का रक्त लगा है तो आपके द्वारा किया गया कोई भी पूजा पाठ या दिया गया कोई भी अर्पण भगवान स्वीकार नहीं करते हैं। दिव्य शक्ति मां जी ने आगे कहा कि भगवान के आलौकिक मंत्र जाति है इंसान की, धर्म है मानवता का से प्रेरित होकर समाज के विभिन्न वर्गों में जाति प्रथा, दहेज प्रथा, कन्या उत्पीड़न, अंधविश्वास जैसी कुरीतियों का अंत हुआ है। यही नहीं, धर्म है मानवता के मंत्र से प्रेरित होकर आज बड़ी संख्या में लोग मांसाहार का त्याग कर शाकाहारी बने हैं। सत्य मंदिर की प्रवक्ता कोमल पत्रकार ने बताया कि देश विदेश में विख्यात सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर जिसकी स्थापना श्री कृष्ण चेतना अवतार देवी मां जी के द्वारा 1989 में इंदिरा नगर लखनऊ में हुई थी, की पावन भूमि से आज तक कोई भी खाली हाथ नहीं लौटा है। सबकी मनोकामनाएं पूर्ण हुई है और जीवन की विकट से विकट परिस्थितियों, संघर्षों से , असाध्य रोग और कष्टों से मुक्ति मिली है। आध्यात्मिक गुरु दिव्य शक्ति मां जी एवं दिव्य शक्ति योगीराज श्री अभिनव महाराज जी सत्य मंदिर लखनऊ द्वारा समय-समय पर मानवता और श्री कृष्ण भगवान की गीता पर आधारित दिव्य कर्मों की प्रेरणा देने वाले सत्संग भारत के अनेक शहरों में जैसे फरीदाबाद, दिल्ली, अल्मोड़ा, जयपुर, आगरा, अयोध्या, ग्वालियर, कानपुर में हो चुके है तथा विदेश में भी जैसे इंग्लैंड, सिंगापुर में भी सत्संग आयोजित किया जा चुका है।

प्रवचन के उपरांत भारी संख्या में आने वाले भक्तगणों ने श्री कृष्णचेतनावतार देवी मां द्वारा लिखित एवं स्वरबध दिव्य भजनों का आनंद लिया तथा महाआरती एवं प्रसाद द्वारा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# आलमनगर स्टेशन के नाम परिवर्तन के लिए बुद्धेश्वर महादेव से कामना की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार सुबह से ही हजारों की संख्या में भक्तों ने लंबी-लंबी लाइनों में लगकर बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए इस अवसर रामायणकालीन बाबा बुद्धेश्वर महादेव धाम में बुद्धेश्वर श्रृंगार समूह के तत्वाधान में सामूहिक रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस अवसर बुद्धेश्वर धाम प्रचार प्रसार समिति द्वारा चलाए जा रहे अभियान आलमनगर स्टेशन का नाम परिवर्तित कर बाबा बुद्धेश्वर धाम स्टेशन किए जाने की बाबा बुद्धेश्वर महादेव से कामना की गई।इस अवसर पर बुद्धेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी रामू पूरी, बाबा बुद्धेश्वर धाम प्रचार प्रसार समिति के अध्यक्ष अनूप शुक्ला, महामंत्री डॉ कुलभूषण शुक्ला, श्रृंगार समूह प्रमुख आदेश शुक्ला, सुजीत मिश्र, अरविंद, दीपक समेत अन्य भक्तो ने रुद्राभिषेक कर आलमनगर स्टेशन के नाम परिवर्तन का संकल्प लिया। बुद्धेश्वर विकास महासभा के मुख्य संरक्षक राम शंकर राजपूत अध्यक्ष राजेश शुक्ला महामंत्री शिव प्रसाद पांडे लग रहे वहीं साफ सफाई का भी विशेष ख्याल रखा। भक्तों ने बम बम भोले के नारों के साथ बाबा भोलेनाथ के दर्शन किये।

## पूर्व प्रधानाचार्य की मनाई गई जयंती

लखनऊ, बंथरा कैनविज टाइम्स संवाददाता। बंथरा के अमांवा स्थित श्री गांधी आदर्श विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य महान शिक्षाविद् स्वर्गीय शीलवान सिंह की जयंती मनाई गयी। विद्यालय में अध्यापकों व छात्र छात्राओं ने जयंती समारोह में चित्र पर पुष्पाजंलि कर नमन किया साथ ही उनके बारे में मौजूद छात्रों को विस्तृत जानकारी दी गई। पूर्व प्रधानाचार्य अमांवा विधालय में 35 वर्ष प्रधानाचार्य रहे वह अनुशासन प्रिय व शिक्षा के प्रति काफी शक्त रहे। उनके समय विद्यालय में काफी प्रगति हुई। जयंती कार्यक्रम का आयोजन पूर्व जिला उपाध्यक्ष कु0 राजेन्द्र सिंह राजू ने किया। साथ में विधालय के प्रधानाचार्य तीरथराम सोनकर, ग?रछा प्रमुख चन्द्रभान सिंह,आर पी0 सिंह,अवधेश सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## किसान हित में लिए गये प्रधानमंत्री के तीन निर्णय से करोड़ों किसान होंगे लाभान्वित : सूर्य प्रताप शाही

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नए वर्ष पर केंद्रीय कैबिनेट द्वारा किसानों के हित में लिए गए तीन महत्वपूर्ण फैसलों पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। डीएपी के लिए 1350 करोड़ रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का दायरा बढ़ाना तथा ऑटोमेटिक वेदर गेज स्टेशनों की संरचना के लिए 2025-26 से केंद्रीय सहायता की अनुशंसा के निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिया है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट के इन निर्णयों से पूर्व की भांति किसानों को 50 किलो डीएपी का एक बैग 1350 रुपए में मिलता रहेगा, इसके लिए भारत सरकार ने डीएपी उर्वरक पर 3850 करोड़ रुपए अतिरिक्त सब्सिडी देने का फैसला लिया है।

# सीपीए भारत क्षेत्र के जोन एक की महिला सदस्यों का कानपुर में होगा सम्मेलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन भारत क्षेत्र के जोन-1 के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के विधान मण्डलों की महिला सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन 8 जनवरी को कानपुर में होगा। यह सम्मेलन विधायी संस्थाओं में महिला सदस्यों की सहभागिता एवं भागीदारी तथा उनकी भूमिका के संदर्भ में चर्चा हेतु आयोजित होगा। कानपुर में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना, उत्तराखण्ड विधान सभा की अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण की मौजूदगी रहेगी। उद्घाटन के पश्चात सम्मेलन में कार्यशाला का आयोजन होगा।

उसमें विभिन्न राजनीतिक दलों की महिला सदस्य भाग लेंगी। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बुधवार को बताया कि अपराह्न में उक्त सम्मेलन का समापन समारोह होगा। समापन समारोह में पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी विशिष्ट अतिथि होंगी।

गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा पूरे देश में सी.पी.ए. भारत क्षेत्र के नौ जोन गठित किए गए हैं। ताकि इन सभी जोन में विधायी गतिविधियों का आयोजन हो सके। यह समस्त जोन अलग-अलग विधान सभाओं को मिलाकार गठित किए गए हैं। सी.पी.ए. के अंतर्गत विधायी संस्थाओं के समस्त सदस्यों के संदर्भ में संसदीय विषयों पर सम्मेलन एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। यह समस्त आयोजन एवं सम्मेलन किसी विशेष राजनीतिक दल द्वारा न तो आयोजित किए जाते हैं और न ही इन आयोजनों में किसी प्रकार का कोई राजनीतिक हस्तक्षेप होता है। इसी प्रकार कानपुर में आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड की महिला सदस्यों के सम्मेलन में सभी राजनीतिक पार्टियों की महिला सदस्य भाग लेंगी। इस आयोजन में किसी प्रकार का कोई राजनीतिक उद्देश्य अथवा सहयोग नहीं है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश की विधान सभा के अध्यक्ष द्वारा सी.पी.ए. ज़ोन-1, जिसमें उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड की विधान सभाएं सम्मिलित हैं, की महिला सदस्यों एवं युवा सदस्यों के सम्मेलन के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। इसके अंतर्गत जनपद कानपुर में महिला सदस्यों का यह सम्मेलन 08 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। युवा सदस्यों का सम्मेलन कालान्तर में लखनऊ में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। यह सम्मेलन विधायी संस्थाओं में महिला सदस्यों की सहभागिता एवं भागीदारी तथा उनकी भूमिका के संदर्भ में चर्चा हेतु आयोजित होगा। विभिन्न राजनीतिक दलों की महिला सांसदों को भी आमंत्रित किया गया है।

# नगराम: 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाताथ

नगराम, लखनऊ । नगराम पुलिस ने दो अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर 20 लीटर देशी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया है । नगराम थाना अध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छतौनी निवासी भारत लाल को एक विद्यालय के समीप से छापेमारी कर 10 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । वही दूसरे अभियुक्त भजा खेड़ा निवासी रोहित नट को उसके गांव किनारे से ही दबोच लिया उसके पास से 10 लीटर देशी शराब बरामद हुई हैं। दोनों करोबारी के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत सुपौल भेजा गया है। बरामद शराब को जब्त की गई है।

# हेल्पडेस्क इंडिया फाउंडेशन व वरदान एजुकेशन एकेडमी का आठवां वार्षिकोत्सव संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी, लखनऊ । बुधवार को नववर्ष के मौक़े पर हेल्पडेस्क इंडिया फाउंडेशन व वरदान एजुकेशन एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में 15-ए महार्षि नगर, आई.आई.एम.रोड,लखनऊ पर आठवां वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस मौक़े पर निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर,दीपयज्ञ,फूलों की होली तथा भारत की बदहाल होती व्यवस्था व बेरोजगारी का कारण व निवारणा विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई।संयोजक डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी नववर्ष के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए । उन्होंने बताया कि स्वर्गीय राजाराम जी की स्मृति में संस्था विगत कई वर्षों से लगातार शोषित,उपेक्षित एवं वंचित समाज के हितों को सुरक्षित करने के लिए समाज में सामाजिक चेतना के आंदोलन के रूप में एवं सहयोगात्मक कार्य निरंतर संस्था द्वारा किये जा रहे है।संस्था द्वारा वर्ष 2025 में शिक्षा चिकित्सा एवं रोजगार के क्षेत्र में विशेष कार्य करने का संकल्प लिया गया तथा गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग,विकलांग एवं विधवा पेंशन प्रमाण पत्र तथा जन चेतना यात्राओं का सफल आयोजन समाज हित में निरंतर किया जा रहा है।वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जे.के.सिन्हा पूर्व मुख्य स्थाई अधिवक्ता हाईकोर्ट लखनऊ,विशिष्ट अतिथि विश्वात्मा चेयरमैन विश्व परिवर्तन मिशन राजनैतिक परिवर्तक,एवं विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता जुगल किशोर एडवोकेट,जे.डी.आजाद एडवोकेट,आर एस मानव,श्री कृष्ण कुमार यादव,अजय वर्मा,विश्वनाथ पखारिया इटावा सहित अन्य लोगों ने गोष्ठी में अपने विचार रखे।आयोजित भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर डॉ एन.एल.जिज्ञासु,कर्नल राजेंद्र यादव,एडवोकेट सुखदेव यादव उन्नाव,रामकुमार यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उन्नाव,महेश सिंह गोंडा,कप्तान सिंह,अश्विनी यादव,महीप यादव,सौरभ यादव सहित अन्य सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# फरीदीपुर की जर्जर सड़कों ने लोगों की बढ़ाई मुश्किलें, विकास का इंतजार जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विधानसभा पश्चिम स्थित कन्हैया माधवपुर द्वितीय वार्ड के फरीदीपुर में सड़कें खस्ताहाल हो चुकी हैं, और यहां के निवासी पिछले कई सालों से इस समस्या का समाधान होने का इंतजार कर रहे हैं। इलाके की सड़कों की स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि यह क्षेत्रीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन चुकी है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र के सांसद, विधायक और पार्षद अपनी जिम्मेदारियों से आंख मूंदे हुए हैं। वे समय-समय पर अधिकारियों को क्षेत्र की समस्याओं के बारे में सूचित करते रहे हैं।लेकिन आज तक किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति ने क्षेत्र का दौरा तक नहीं किया और न ही समस्याओं का कोई समाधान हुआ।

नव वर्ष के अवसर पर जब पूरे देश में खुशियों का माहौल था, तो वहीं फरीदीपुर में ई-रिक्शा चालकों ने सड़कों पर बने बड़े गड्ढों और जलभराव के कारण सड़क पर अपने वाहन खड़े कर विरोध प्रदर्शन किया। क्षेत्रवासियों ने भी इन चालकों का समर्थन किया और विधायक तथा पार्षद के खिलाफ नारेबाजी की। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलभराव के कारण इलाके में बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है, लेकिन नगर निगम भी इस समस्या के समाधान में कोई तत्परता नहीं दिखा रहा। सड़क पर जलभराव की समस्या महीनों से बनी हुई है, जिससे क्षेत्रवासियों को काफी असुविधा हो रही है। इस संबंध में जब विधायक और पार्षद से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने मौके पर आना मुनासिब नहीं समझा। यही नहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास के बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही दिखाई देती है।

# शीतलहर व अत्यधिक ठंड के दृष्टिगत वास्तविकता परखने निकले जिलाधिकारी

❐ देर रात ठंड के बचाव से संबंधित तैयारियों व ब्यवस्थाओ का किया आकस्मिक निरीक्षण। जिम्मेदारों को दिया कड़े निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। बस स्टैंड स्थिति रैन बसेरा व अलाव का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित को प्रदान किया।रैन बसेरे में ठहरे हुए यात्रियों से बातचीत उनके आने की वजह की जानकारी लिया।

रैन बसेरे के रिकार्ड रजिस्टर का अवलोकन किया। जरूरतमंदों को उचित देखभाल के साथ रैन बसेरों में रजाई, गद्दों की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश संबंधित को प्रदान किया।अलाव ताप रहे लोगो से वार्ता कर अलाव जलने के समय की जानकारी लिया।अलाव हेतु लकड़ी की पर्याप्त मात्रा बनाये रखने हेतु निर्देशित किया।

जिला अस्पताल स्थिति रैन बसेरे का निरीक्षण कर अलाव, पानी,रजाई, गद्दे एवम साफ सफाई के निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त तहसील प्रशासन को ठंड, शीतलहर के दृष्टिगत सभी तैयारियों को सुनिश्चित रखते हुए ब्यवस्थाओ को बनाये रखने के निर्देश प्रदान किया। सभी तहसील के उपजिलाधिकारी रैंडम रैनबसेरों एवम अलाव स्थलों का निरीक्षण करते रहे।ठंड व शीतलहर से कोई जनहानि नही होनी चाहिए यह सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने प्रशासन/ पुलिस को रातभर जनपद में निगरानी रखने के निर्देश दिया।नए साल 2025 शुरुआत के दृष्टिगत शांति एवम कानून ब्यवस्थाबनाये रखने हेतु सभी से अपील किया।

जिला अस्पताल में भर्ती मरीज के तीमारदार ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद से बेहतर इलाज की फरियाद किया।तीमारदार की फरियाद का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी महोदय ने मुख्यचिकित्साअधीक्षक को मरीज के बेहतर इलाज करने हेतु निर्देशित किया

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर विनोद सिंह, नायब तहसीलदार सदर अतुलसेन सिंह,अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा नैमिषारण्य हनुमानगढ़ी में आयोजित हुआ विशाल भंडारा

❐ नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष किए गए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा 88000 ऋषि मुनियों के तपोस्थली नैमिषारण्य के हनुमानगढ़ी में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से नैमिषारण्य आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया साथ ही जिला अध्यक्ष द्वारा नैमिषारण्य हनुमानगढ़ में पूजन अर्चन भी किया गया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष निवर्तमान सांसद व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा पार्टी पदाधिकारी के साथ जगत जननी मां ललिता देवी का आशीर्वाद लिया गया। आयोजित भंडारे में पार्टी के समस्त नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा, हनुमान गढ़ी के महंत बंजरगदास व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा पटका, अंगवस्त्र पहनाकर व माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष व निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा व जिला अध्यक्ष द्वारा सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं व बधाई दी गई एवं सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई थी अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को 2027 के रण के लिए दायित्व दे दिया है। ऐसे में सभी मंडल अध्यक्षों को पार्टी की नीतियों के अनुसार अपने कार्य में लग जाना है और जन-जन तक पार्टी की नीतियों को पहुंचना है जिससे 2027 में उत्तर प्रदेश तीसरी भगवामय हो जाये। और भारतीय जनता पार्टी का कमल पुनः खिले। निवर्तमान सांसद राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बताया की पार्टी ने बूथ स्तर के बाद मंडल स्तर पर मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है और अब संगठन की अग्रणी पृकिया कार्यशील है उन्होंने बताया की आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी और मजबूत होकर उत्तर प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाएगी और हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन साकार होगा।

# बुंदेलखंड पृथक राज्य की मांग को लेकर गांव गांव पद यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

एजेंसी



जालौन। बुंदेलखंड पृथक राज्य की मांग को लेकर राजा बुंदेला के नेतृत्व में चलाई जा रही गांव-गांव , पांव-पांव यात्रा के दौरान उमड़े जनसैलाब ने अपार समर्थन दिया। बता दें कि बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर बुंदेलखंड विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध फिल्मकार राजा बुंदेला के नेतृत्व में दूसरे चरण की आठवीं दिन की गांव-गांव ,पांव-पांव यात्रा पंचनद तीर्थ क्षेत्र में स्थित श्री बाबा साहब मंदिर में पूजा अर्चना के बाद प्रारंभ हुई। इस अवसर पर राजा बुंदेला ने जगम्मनपुर में श्री राजमाता वैश्नी जूदेव इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को बुंदेलखंड के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी , उन्होंने बताया कि कुछ लोगों ने निजी स्वार्थ के चलते बुंदेलखंड के इतिहास को गुमनामी के अंधेरे में दफन कर दिया है यहां की वन संपदा व खनन से प्राप्त धन को बुंदेलखंड के बाहर के दूसरे क्षेत्र के विकास में खर्च किया जा रहा है और बुंदेलखंड का युवक दूसरे प्रदेशों में मजदूरी करने को वाध्य है अतः हमें हमारा बुंदेलखंड राज्य चाहिए अब तक हम किसी पर आश्रित नहीं रहेंगे और अपना विकास हम स्वयं कर लेंगे। बुंदेलखंड पृथक राज्य की मांग को लेकर यह पदयात्रा कंजौसा, जगम्मनपुर ,टीहर ,ऊमरी, गोहन ईंटों में सभा आयोजित होते हुए कुठौंद तक पहुंच गई है। इस अवसर पर प्रताप सिंह बुंदेला प्रदेश उपाध्यक्ष किसान यूनियन, अजीत सिंह सेंगर ब्लॉक प्रमुख रामपुरा, विजय द्विवेदी वरिष्ठ पत्रकार, संतोष सिंह सेंगर प्रधानाचार्य ,मोहन सिंह सिकरवार टीहर, दीपक पांडे प्रबंधक रामजी बालिका महाविद्यालय ,अभय सिंह भदौरिया ऊमरी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर राजा सुकृत शाह जूदेव जगम्मनपुर ,डॉ आर के मिश्रा, प्रमोद सिंह सेंगर पूर्व सदस्य जिला पंचायत, शिवम सिंह चौहान, पुष्पेंद्र सिंह चौहान ,सोनू सिंह हिम्मतपुर , शिवकुमार सिंह गौर ऊमरी, टीहर, सुखराम पाल ऊमरी, छोटे शुक्ल पूर्व चेयरमैन, मनोज तिवारी ,प्रज्ञादीप गौतम प्रधान जगम्मनपुर,पारस सिंह ,नीरज रावत,आशीष सोनी आदि सैकड़ो लोगों ने अपना समर्थन दिया।

# तीन दिवसीय खेल महोत्सव हुआ शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां (सीतापुर)। विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत उल्लहा में पहली बार आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव 2025 बुधवार को? शुरू हो गया। महोत्सव का शुभारंभ सांसद राकेश राठौर ने कार्यक्रम स्थल पर फीता काटकर किया। इस मौके पर प्रतिभागियों के साथ साथ क्षेत्र के तमाम संभ्रांत जन? एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सांसद ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दीं।

महोत्सव का उद्धाटन करने के बाद मुख्य अतिथि सांसद राकेश राठौर ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। खेल हमें शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाते हैं।

शरीर की स्वस्थता के लिए हमें अपनी दिनचर्या में खेलों को शामिल करना चाहिए।कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे सांसद प्रतिनिधि रिज़वान अहमद ने कहा खेल हमें धैर्य, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा सिखाते हैं।

खेल के पहले दिन ऑल यूपी कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई।

जिसमें पहला मुकाबला बलिया और सीतापुर जनपद के बीच हुआ जिसमें सीतापुर की टीम विजय घोषित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान फुरकान गाजी ने की तथा कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत आयोजक डा0 के के चौधरी, संयोजक अनुराग मिश्रा, फैसल अंसारी मुजक्किर खान व मो0 सईद आदि पूरी टीम ने किया। गुरुवार को विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता होगी।

## सुबह सुबह अपराधी और पुलिस की हुई मुठभेड़ अपराधी गिरफ्तार

**रामपुर कला सीतापुर ।** थाना रामपुर कलां क्षेत्र के दहावा पुल बंशीपुर संपर्क मार्ग पर पुलिस मुठभेड़ में पच्चास हजार का इनामी अपराधी हुआ गिरफ्तार मिली जानकारी अनुसार इनामिया शातिर अपराधी का नाम चाँद बाबू पुत्र रहमत निवासी मियांगज थाना बिसवां जनपद सीतापुर का है। नव वर्ष की सुबह सुबह पुलिस और अपराधी की मुठभेड़ हुई जिसमें थाना रामपुर कला की पुलिस टीम ने अपराधी का सामना करते हुए अपराधी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से दो हजार रुपये नगद, एक अदद मोटरसाइकिल अपाचे (बिना नंबर प्लेट की), एक अदद तमंचा 315 बोर, दो अदद जिन्दा कारतूस, दो अदद खोखा कारतूस बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवं अभ्यस्त किस्म का अपराधी है अभियुक्त पर गौवध/नकबजनी व गैंगेस्टर एक्ट जैसे गंभीर अपराधों में करीब डेढ़ दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं।

## नाथ संप्रदाय के अनुष्ठान का शिव नाम अखंड सप्ताह संपन्न

**अयोध्या।** कर्नाटक प्रदेश के बीदर जनपद के हडम्बर स्थित वीरानाथ मंदिर से सम्बद्ध नाथ संप्रदाय के अनुयायियों ने कारसेवकपुरम परिसर में एक हफ्ते पहले शिव नाम अखंड सप्ताह शुरू किया था। रामलला के चित्र को प्रतिष्ठित कर धूनी पूजन के साथ अनुष्ठान शुरू होकर आज विधि विधान पूर्वक संपन्न हो गया। आयोजकों के अनुसार लगभग 80 वर्ष पूर्व सनातन संस्कृति की रक्षा एवं लोकहित के लिए यह अनुष्ठान शुरू किया गया था। अब पांचवीं पीढ़ी इस क्रम को बरकरार रखे है । वर्ष के 45 सप्ताह चलने वाले इस अनुष्ठान को प्रतिवर्ष बद्रीनाथ धाम, महाकालेश्वर, त्रयंबकेश्वर सहित 12 ज्योतिर्लिंग, संप्रदाय के नवनाथ मठों सहित जनपद के आसपास क्षेत्र में आयोजन किया जाता है। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रथम बार यह आयोजन किया गया है । आज पहली जनवरी को धूनी पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया।

## नाथ संप्रदाय के अनुष्ठान का शिव नाम अखंड सप्ताह संपन्न

अयोध्या। कर्नाटक प्रदेश के बीदर जनपद के हडम्बर स्थित वीरानाथ मंदिर से सम्बद्ध नाथ संप्रदाय के अनुयायियों ने कारसेवकपुरम परिसर में एक हफ्ते पहले शिव नाम अखंड सप्ताह शुरू किया था। रामलला के चित्र को प्रतिष्ठित कर धूनी पूजन के साथ अनुष्ठान शुरू होकर आज विधि विधान पूर्वक संपन्न हो गया। आयोजकों के अनुसार लगभग 80 वर्ष पूर्व सनातन संस्कृति की रक्षा एवं लोकहित के लिए यह अनुष्ठान शुरू किया गया था। अब पांचवीं पीढ़ी इस क्रम को बरकरार रखे है । वर्ष के 45 सप्ताह चलने वाले इस अनुष्ठान को प्रतिवर्ष बद्रीनाथ धाम, महाकालेश्वर, त्रयंबकेश्वर सहित 12 ज्योतिर्लिंग, संप्रदाय के नवनाथ मठों सहित जनपद के आसपास क्षेत्र में आयोजन किया जाता है। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रथम बार यह आयोजन किया गया है । आज पहली जनवरी को धूनी पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया।

## विदेशी मेहमानों के कलरव से गुंजायमान हुआ पक्षी विहार

कन्नौज। कन्नौज मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूरी पर तिर्वा तहसील के अंतर्गत स्थित लाख बेहोशी पक्षी विहार में सर्दी का असर बढ़ना शुरू होने के साथ ही लाख बहोसी पक्षी विहार विदेशी पंछियों के कलरव से गुंजायमान होने लगा है। झील में रंग-बिरंगे विदेशी मेहमानों की मौजूदगी लोगों को आकर्षित करने लगी है। अब चार महीने तक विदेशी पक्षियों का डेरा यहां रहेगा। पक्षी प्रेमी पर्यटकों का पहुंचना भी शुरू हो चुका है। तिर्वा तहसील क्षेत्र के लाख बहोसी गांव में पक्षी विहार की स्थापना 1986-87 में तत्कालीन सांसद व बाद में दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं स्व.शीला दीक्षित ने की थी। 80 वर्ग किलोमीटर का पक्षी विहार लाख और बहोसी गांव में दो झीलों को मिलाकर बनाया गया है। इसमें बहोसी गांव की 250 हेक्टेयर और लाख गांव की 120 हेक्टेयर जमीन शामिल है। सर्दी शुरू होते ही विदेशी के साथ स्थानीय पक्षी भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराना शुरू कर देते। 70 से अधिक प्रजाति के स्थानीय तो 60 से अधिक विदेशी प्रजातियों के पक्षी आते हैं। सर्दी खत्म होते ही सभी पक्षी वापस चले जाते हैं। हर साल 10 से 12 देशों के पक्षी आते हैं।सुविधाओं को बढ़ाने से बढ़ सकता व्यापार तहसील क्षेत्र में एक मात्र पर्यटक स्थल इस पक्षी विहार में विभाग के अनुसार पिछले साल 2945 लोगों घूमने आए। इनसे टिकट के माध्यम से एक लाख रुपये से अधिक की आय हुई। पक्षी विहार में सुविधाओं के अभाव में पर्यटक विमुख हो रहे हैं। क्षेत्रीय वन अधिकारी विकास सक्सेना ने बताया कि सालाना पांच से छह लाख रुपये आता है वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि सुविधाएं बढ़ाई जाए तो व्याधार मिलेगा। छह देशों के तीन हजार से ज्यादा पक्षी पहुंचे क्षेत्रीय वन अधिकारी विकास सक्सेना के मुताबिक इस साल सर्दी शुरू होते ही छह देशों से करीब 25 प्रजाति के तीन हजार से अधिक विदेशी पक्षी आ चुके हैं। साइबेरिया, चाइना, सेंट्रल एशिया, नार्दन यूरोप, तिब्बत, नार्दन एशिया, सेंट्रल यूरोप, रुस, यूक्रेन समेत करीब 12 देशों से 55 से 70 प्रजाति के पक्षी आते हैं। इस समय में करीब 7500 स्थानीय और 2500 से अधिक विदेशी पक्षी झील में अठखेलियां कर रहे हैं।

## बेकाबू ट्रक बाइकों पर पलटा, मां-बेटे समेत तीन की मौत

**हाथरस।** हाथरस जनपद में आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हतीसा पुल पर बुधवार को एक बेकाबू ट्रक पलट गया। उसके नीचे दो मोटर साइकिलें दब गईं। हादसे में एक मोटर साइकिल पर सवार मां-बेटे समेत तीन लोगों की जान चली गई है। पुलिस ने वाहनों में फंसे शवों को बाहर निकालकर जाम खुलवाया। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि हतीसा पुल पर आगरा अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर यूटर्न लेते समय एक ट्रक दो बाइकों के ऊपर पलट गया। इस दुर्घटना में एक बाइक पर सवार 65 वर्षीय रेशमी देवी, उनके बेटे 40 वर्षीय विजयपाल की मौत हो गई। यह दोनों किसी काम से अपने गांव से हाथरस तहसील आ रहे थे। एक अन्य बाइक पर सवार रेलवे कर्मचारी 25 वर्षीय रामवीर सिंह निवासी रेलवे कॉलोनी मथुरा की भी मौत हो गई। आज मथुरा से हाथरस आ रहा था।

# नववर्ष -2025 के पहले दिन झांसी की जनता को ओवरब्रिज का तोहफा

एजेंसी



झांसी। आंग्ल नववर्ष-2025 में नए साल के पहले दिन ही झांसी महानगर को एक बड़ी सौगात दी है। अब लोगों को जाम के झाम से निजात मिल सकेगी। आगामी 50 वर्ष की यातयात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निर्मित ग्वालियर रोड स्थित सिद्धेश्वर मंदिर के पास ओवरब्रिज की दूसरी लाइन को बुधवार से जनता के लिए खोल दिया गया है।

भाजपा सांसद अनुराग शर्मा और सदर विधायक रवि शर्मा ने पुल का शुभारंभ करते हुए सबसे पहले फॉर्च्यूनर में बैठकर पुल पर यात्रा की और इसी के साथ इसे आमजन के सुपुर्द कर दिया। गौरतलब है कि 15 माह पहले ओवरब्रिज की एक लाइन शुरू की गई थी।

झांसी के लोग इस ओवरब्रिज की लंबे अर्से से मांग कर रहे थे।

पुल के बनने से लोगों का यातायात सुगम हो जाएगा। शासन ने दिसंबर 2021 में ग्वालियर रोड पर सिद्धेश्वर मंदिर से ग्वालियर रोड चौकी के आगे तक ओवरब्रिज बनाने की स्वीकृति दी थी। 991.91 मीटर लंबा ओवरब्रिज 102.73 करोड़ रुपए की लागत से बनकर तैयार हुआ है। सेतु निगम द्वारा मार्च 2022 में इसके निर्माण का काम शुरू किया था। सबसे पहले एक लाइन को कंप्लीट कर 2 अक्टूबर 2023 को चालू किया गया था। वहीं, दूसरी लाइन मार्च 2024 तक तैयार होनी थी। मगर काम पूरा नहीं हो पाया और बीते रोज जाकर 31 दिसंबर को दूसरी लाइन का कार्य पूर्ण हो सका। आज सुबह करीब 11:30 बजे सांसद व विधायक ने पुल की दूसरी लाइन का शुभारंभ किया। लोहे का धनुषाकार ढांचा वाला यह बुंदेलखंड का पहला पुल है। अभी स्ट्रीट लाइट का काम बाकी है। साथ ही पुल के दोनों ओर जाली भी लगाई जानी है, ताकि लोग नीचे न देख सकें। 50 साल के यातायात को ध्यान में रखकर ये पुल बनाया गया है। रिकॉर्ड टाइम में बना ओवरब्रिज सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि ग्वालियर हाइवे से शहर को जोड़ने का यह मुख्य मार्ग है। इससे झांसी और आसपास के लोगों को फायदा होगा। ये ओवरब्रिज रिकॉर्ड टाइम में बनकर तैयार हुआ है। वहीं, विधायक रवि शर्मा ने कहा कि जब रेलवे क्रॉसिंग बंद होती थी तो पूरा शहर बंधक हो जाता था। ऐसे में झांसी की मांग को देखते हुए सरकार में ओवरब्रिज के प्रस्ताव को रखा गया। मुख्यमंत्री ने तुरंत स्वीकृति प्रदान की। यह कम समय में बनकर तैयार हो गया। इससे शहर के लोगों को काफी लाभ होने वाला है।

# रोहनिया में पुलिस ने पिकअप मालवाहक पर लदा एक कुंतल 41 किग्रा गांजा पकड़ा



एजेंसी

वाराणसी। रोहनिया पुलिस और एसओजी टीम कमिश्नरेट वाराणसी ने बुधवार को भदवर अंडरपास के समीप वाहन चेकिंग में एक पिकअप मालवाहक पर लदा एक कुंतल 41 किग्रा 846 ग्राम गांजा बरामद कर दो तस्करों को भी दबोच लिया। बरामद गांजा की कीमत लगभग एक करोड़ रूपए आंकी गई। आंग्ल नववर्ष के पहले दिन पुलिस टीम की सफलता पर अफसरों ने भी सराहा। डीसीपी वरूणाजोन ने मीडिया कर्मियों को बताया कि गिरफ्तार तस्कर अंकुली सुनथारा थाना सदर जनपद गंजम राज्य ओडिसा निवासी राजकिशोर साहू, शीलू बहेरा बोलेरो पिकअप वाहन लेकर रामनगर की ओर से आते दिखे। भदवर अंडर पास के पास वाहन चेकिंग में जुटी रोहनिया पुलिस ने जब वाहन को रोका तो चालक ने बताया कि फल लेने लखनऊ जा रहे है। पुलिस टीम ने पिकअप का कंटेनर खुलवा कर देखा तो खाली कैरेट दिखी। कैरेट देखते ही वाहन पर सवार दोनों व्यक्तियों का हावभाव देख पुलिस टीम को शंका हुई। पुलिस टीम ने सख्ती से पूछताछ किया तो दोनों ने बताया कि वाहन के आगे की तरफ के डिवाइडर में गांजा भरा हुआ है। अधिक मुनाफा के चक्कर में गांजे को वाहन में छिपाकर स्थानीय बाजारों में बेचने के लिए ले जा रहे थे। गांजा बरामद करने के बाद पुलिस टीम ने एसीपी रोहनिया को इसकी जानकारी दी। डीसीपी के अनुसार आरोपितों के खिलाफ विधिक कार्रवाही की जा रही है। वार्ता में एसीपी रोहनिया संजीव कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक विवेक शुक्ल और उनकी टीम भी मौजूद रही।

# खाद्य विभाग ने 10 माह में 1500 से अधिक सैंपल जांच के लिए भेजे, 1100 की रिपोर्ट आई

एजेंसी



मुरादाबाद। मुरादाबाद मंडल से प्रतिमाह कम से कम 170 खाद्य पदार्थों के सैंपल वाराणसी लैब जांच के लिए भेजे जाते हैं। मंडलभर में अप्रैल से लेकर दिसम्बर तक 1500 से अधिक सैंपल भेजे गए, लेकिन 1100 सैंपल की रिपोर्ट आई है। 400 से अधिक सैंपल की रिपोर्ट अब तक नहीं आ सकी है। ऐसे में मिलावटखोरों पर समय से कार्रवाई नहीं हो पाती। सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-1, मुरादाबाद अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सैंपल की जांच रिपोर्ट आने में कई माह का समय लग जाता है। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद में लैब की स्थापना का काम जल्द ही शुरू होगा। लैब बनने के बाद मिलावटखोरी पर लगाम लगाने में आसानी होगी।

अभी तक मुरादाबाद मंडल के पांच जिलों रामपुर, संभल, अमरोहा, बिजनौर और मुरादाबाद के खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच के लिए वाराणसी स्थित लैब भेजे जा रहे हैं। मुरादाबाद में लैब बनने और फिर चालू होने के बाद 24 घंटे में रिपोर्ट मिलेगी और मिलावट पर कार्रवाई हो सकेगी। अभी तक रिपोर्ट मिलने में महीनों लग जाते हैं और तब तक मिलावट का धंधा जारी रहता है। मुरादाबाद जिले से प्रतिमाह 50 से 60 सैंपल जांच के लिए भेजे जाते हैं। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार बीते माह दिसम्बर में मुरादाबाद से खाद्य पदार्थों के 48 सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए थे लेकिन 30 सैंपल की रिपोर्ट ही खाद्य सुरक्षा विभाग को मिली।

जिले से बीते सात माह में 368 सैंपल लैब भेजे गए, लेकिन अभी तक 295 की ही रिपोर्ट आई है। 73 सैंपल की रिपोर्ट का अभी तक विभाग को इंतजार है। रिपोर्ट के अनुसार दिसम्बर माह में अमरोहा जिले से 31 खाद्य पदार्थों के सैंपल लैब भेजे गए लेकिन 18 सैंपल की रिपोर्ट मिली। बिजनौर जिले से 30 सैंपल भेजे गए इसमें 16 सैंपल की रिपोर्ट मिली। रामपुर जिले से सिर्फ 29 खाद्य पदार्थों के सैंपल लैब भेजे गए लेकिन 21 सैंपल की रिपोर्ट मिली। संभल जिले से 32 सैंपल भेजे गए। इनमें 31 सैंपल की रिपोर्ट मिली।

# नववर्ष पर रात में जश्न, सुबह मंदिरों में उमड़ी भीड़

एजेंसी



कानपुर। मंगलवार की रात घड़ी की सुई जैसे ही 12 को पार किया वैसे ही शहरवासी जश्न में डूब गये और बधाइयों का सिलसिला शुरु हो गया। वहीं सुबह होते ही नववर्ष की मंगल कामना के लिए शहरवासी मंदिरों की ओर रुख कर लिए। अपने आराध्य को ध्यान लगाकार आस्था पर लीन रहे और नया साल खुशियों से भरा रहा उसकी मन्नते मांगी गईं। यह हाल एक दो मंदिरों में नहीं लगभग सभी मंदिरों भक्तों की भीड़ रही जो देर शाम तक भी चलती रही। इस दौरान मंदिरों में भण्डारों का भी आयोजन चलता रहा और लोग प्रसाद ग्रहण करते रहे। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुटा रहा। साल 2024 अपनी खट्टी-मीठी यादों के साथ जा चुका है और नए साल 2025 की शुरुआत हो चुकी है। नववर्ष भव बाधा मुक्त रहे और खुशियों व तरक्की युक्त रहे इसको लेकर बुधवार को शहरभर के मंदिरों में भक्तों का जनसैलाब उमड़ा। लोग मंदिरों में अपने आराध्य पर ध्यान लगाकर लीन रहे और नववर्ष की मंगल कामना के लिए आशीर्वाद मांगा। घंटो इंतजार के बाद मिले बाबा के दर्शन शहर के मध्य ग्वालटोली के परमट इलाके में मां गंगा किनारे स्थापित बाबा आनंदेश्वर शिव मंदिर शहर के प्रमुख मंदिरों में से एक है। यहां पर सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब देखने को मिला। मंदिर में दर्शन करने आये भक्तों ने बताया कि सुबह करीब दो घण्टे लाइन में लगकर बाबा के दर्शन किये। वहीं पुलिस प्रशासन ने मंदिर कमेटी के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया, जिसे देखकर दर्शन करने आये भक्तों ने संतुष्टि जाहिर की है। मंदिर के अजय पुजारी ने बताया कि भोर पहर पट खुलने से पहले ही श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लग गई थी और नववर्ष पर देर शाम तक भक्त आते रहेंगे। इसके अलावा द्वितीय काशी के नाम से प्रसिद्ध जाजमऊ इलाके में स्थित बाबा सिद्धनाथ धाम पर भक्तों की भारी भीड़ रही। यहां पर चारों तरफ केवल हर-हर शंभू के जयकारे सुनाई दे रहे थे। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सुबह की कपकपा देने वाली ठंड होने के बावजूद बाबा के दर्शन करने मंदिरों में पहुंच रहे हैं और यह क्रम देर शाम तक चलता रहेगा। मंदिर के महंत बाल चैतन्य अरुण पुरी ने बताया कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो इसके लिए प्रशासन के साथ ही वालंटियर भी लगाए गये हैं। पनकी धाम में भी लगी लंबी-लंबी लाइनें पनकी इलाके में पंचमुखी हनुमान हनुमान मंदिर में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां मंगला आरती के बाद से ही हनुमानजी के दर्शन करने के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर में दर्शन करने आये भक्तों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मंदिर के पुजारी महामंडलेश्वर जितेंद्र दास जी ने बताया कि मंदिर में दर्शन करने आये भक्तों खासकर महिलाओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इसके लिए मंदिर कमेटी ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर रणनीति बनाते हुए अमल में लाया गया। सीसीटीवी कैमरों के जरिये हर छोटी बड़ी गतिविधियों पर विशेष तौर पर नजर रखी जा रही है।

# नव वर्ष पर रोटरी ने निःशुल्क ब्लड ग्रुप जांच शिविर का किया आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। रोटरी क्लब कुशीनगर ने नए वर्ष की शुरुआत में एक महत्वपूर्ण पहल की, जब रोटरी ने कुशीनगर चैरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क ब्लड ग्रुप जाँच शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के माध्यम से नव वर्ष के मेले में लोगों ने मुफ्त में अपने ब्लड ग्रुप की जाँच कराई। इस पहल के माध्यम से क्लब ने समाज में स्वास्थ्य संचार को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल व अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला ने फीता काट कर एवं अपना ब्लड ग्रुप जांच कराते हुए किया।

मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि भाग-दौड़ की वर्तमान जिन्दगी में प्रत्येक व्यक्ति के लिए अपने ब्लड ग्रुप की




जानकारी रखना बहुत जरूरी है। इससे खुद के किसी दुर्घटना का शिकार होने या मौका पड़ने पर किसी को रक्त देने व लेने में सहायता मिलती है।

रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने बताया कि ब्लड ग्रुप पता होने से रोगों से मुक्ति एवं आकस्मिक संकट के समय विशेष लाभ मिल जाता है।

साथ ही जिनका ब्लड ग्रुप एबी निगेटिव है जो कम लोगों में पाया जाता है, किसी को भी एबी निगेटिव रक्त की आवश्यकता पड़े तो वे सहर्ष रक्तदान कर लोगों के जीवन बचाने में सहयोग कर सकेंगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभासद केशव सिंह, राजेश मद्धेशिया, दिनेश तिवारी भोजपुरिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. संजय सिंह, पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण सहायक शादाब खान, प्रधानाध्यापक भगवंत सिंह सहित 503 लोगों ने अपने रक्त समूह की जांच कराई। जाँच के उपरांत सभी को प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस अवसर पर रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, संयुक्त कोषाध्यक्ष सदरे आलम, मीडिया अरूण कुमार वर्मा, राजीव तिवारी, अरूण कुमार मौर्या, रंजीत श्रीवास्तव, आदिल खान, शोभा राय, राजू चौहान आदि उपस्थित रहे।

# रोमांचक मुकाबले में पांच रनों से जीती डुमरी की टीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। श्री राम जानकी स्टेडियम अहिरौली राय के अहिरौली राय प्रीमियर लीग ए. पी. एल. 2024-25 क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन बुधवार को डुमरी और गोबरही के बीच खेला गया जिसमें डुमरी की टीम पांच रन से मैच रोचक तरीके से जीत लिया मैच का शुभारंभ ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय व भाजपा नेता चनद्रबली गोंड के द्वारा फीता काटकर किया मैच में टास जीतकर डुमरी की टीम पहले खेलते हुए पांच विकेट खोकर पचास रन बनाया ज़बाब में उतरी गोबरही की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरी विकेट खोकर पैंतालीस रन बनाकर आल आउट हो गए इस तरह डुमरी की टीम पांच रन से जीत



दर्ज कर लिया मौजूद खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक रूप से आदमी स्वस्थ रहता है खेल को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाएं इस तरह के आयोजन से आपसी सौहार्द कायम होता है मैच की कमेन्ट्री जावेद खा व रेफरी छोटे यादव व राकेश कुमार आयोजन समिति के सदस्य राहुल गोंड ने आये सभी अतिथियों को स्वागत किया इस अवसर पर रंजीत ,रूपम ,शैलेश, रतन, रोहित, राजेश कुमार सूरज ,बिन्नू ,दीपू ,शहंशाह ,मुकुल, सत्यम ,अनवर ,छोटे, दीपक, साहित्य क्षेत्र के सैकड़ो खिलाड़ी और दर्शक मौजूद रहे।

# नव वर्ष पर बुद्ध नगरी मे लगा मेला, दिन भर रही चहल–पहल

❑ रामाभार स्तूप,बौद्ध मंदिर, मुख्य मंदिर सहित रामकोला के विश्व दर्शन दार्शनिक स्थलों पर लोगो ने किया भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । नववर्ष के जश्न में बुधवार को सभी सराबोर नजर आए। मंगलवार की मध्य रात्रि से ही आतिशबाजी और गीत-संगीत का जो दौर शुरू हुआ, वह बुधवार को भी जारी रहा। सुबह कुशीनगर के बौद्ध मंदिर, रामाभार स्तूप, मुख्य मंदिर सहित अन्य दर्शनीय स्थलों पर भ्रमण के अलावा लोगों ने मदनपुर देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर नववर्ष की शुरुआत की।

रामकोला का विश्वदर्शन मंदिर भी पिकनिक स्पॉट के रूप मे नजर आया। वहां काफी संख्या में लोगों ने मेले का लुत्फ उठाया। इसी तरह पनियहवा में भी पिकनिक मनाने वालों की कमी नहीं थी।

हालांकि पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष कुशीनगर मे सैलानियों की भीड कम रही है। बेशक ! हर वर्ष की तरह इस बार भी कुशीनगर में जिले के अलावा गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज और पड़ोसी राज्य बिहार के लोग भी काफी संख्या में पहुंचे। सैलानियों के लिए महात्मा बुद्ध की लेटी



हुई प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बना रहा। इसके अलावा मंदिर मार्ग पर स्थित माथा कुंवर मंदिर सहित रामाभार स्तूप के परिसर में भी भीड़ लगी रही।

सुबह से ही युवक-युवतियां एवं नवदंपतियों का आना शुरू हो गया था।दोपहर बाद कुछ देर के लिए सूर्य देव ने दर्शन दिया किन्तु धूप न निकलने के कारण मौसम का मिजाज सर्द रहा। बावजूद इसके वजह से मेला में पिछले वर्ष के अपेक्षा इस साल भीड़ कम आंकी गई। यही वजह है कि मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार को पूरी तरह खोल दिया गया।

हालांकि पहले पुलिस की ओर से भीड़ को कतारबद्ध तरीके से प्रवेश कराने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन बाद में भीड़ को काबू में देखते हुए भीड़ को छोड दिया गया। मेले में मुख्य गेट से लेकर माथा कुंवर मंदिर तक खान-पान की व्यवस्था प्रतिबंधित कर दी गई थी। माथा कुंवर मंदिर से लेकर आगे तक तरह-तरह के फास्ट फूड, बेकरी, आइसक्रीम, काफी के अलावा खिलौनों की दुकानें लगाई गई थीं। पूरे मेला क्षेत्र में जगह-जगह पुलिस तैनात रही। मेले में संदिग्ध दिखाई देने वाले युवकों से पूछताछ भी की जा रही थी। धर्मशाला में कंट्रोल रूम बनाकर खोया-पाया केंद्र से लगातार मेले में हर गतिविधियों की सूचना दी जा रही थी।

सेल्फी लेकर यादों को कैमरे में किया कैद विश्व दर्शन मंदिर में भी नववर्ष की खुशी मनाने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे। युवक-युवतियों ने सेल्फी लेकर इन यादों को कैमरे में कैद किया।यहां बिहार के गोपालगंज, बेतिया तथा देवरिया, गोरखपुर, महाराजगंज सहित दूर-दूर से लोग आए थे। लोगों ने मंदिर पहुंचकर सभी धर्मों के महापुरुषों की मूर्तियों के दर्शन किए। मंदिर की सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात रहे।

मंदिर के पुजारी ने बताया कि आने वाले सभी भक्तों को दर्शन में कोई असुविधा न हो, इसके लिए लाइन लगाकर दर्शन कराया जा रहा है तथा दूसरे गेट से बाहर निकाला जा रहा है।

मेले की झलकियां प्रशासन की ओर से मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरे इंतजाम किए गए थे। इसके तहत मुख्य प्रवेश द्वार पर ही शराबियों की जांच के लिए पुलिस तैनात रही। डॉग स्क्वॉड की टीम भी मेला परिक्षेत्र का भ्रमण कर संदिग्ध वस्तुओं की जांच करते हुए देखी गई। धर्मशाला में प्रशासनिक अफसरों की ओर से केंद्र बनाया गया था। वहां एसडीएम साथ सीओ तहसीलदार नायब तहसीलदार मेले की व्यवस्था की मानीटरिंग कर रहे थे। इसके अलावा पुलिस के आला अफसरों ने दोपहर बाद मेला परिक्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया। इन अफसरों ने महापरिनिर्वाण मंदिर, रामाभार स्तूप, मांथा कुंवर मंदिर समेत पूरे क्षेत्र की मानीटरिंग किया।

# इंदिरा नगर, तकरोही में भव्य सुन्दर काण्ड एवं भण्डारें का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। के इंदिरा नगर, तकरोही बाजार में अन्नया फैशन बुटिक, संस्था द्वारा भव्य सुन्दर काण्ड, एवं भण्डारें का आयोजन किया गया, साथ ही गरीब एवं असहाय लोगों को भण्डारें का प्रसाद तथा कम्बल, वितरित किया गया।

जिसमें आर्दश व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष, संजय गुप्ता , श्रीमती, सीता नेगी, अध्यक्ष, महिला मोर्चा भाजपा लखनऊ महानगर, वर्तमान पार्षद अरविन्द यादव, पुर्व पार्षद डा0 काशीराम, युवा नेता कल्येश द्विवेदी, ,तकरोही इंदिरा नगर, अध्यक्ष कुलदीप यादव, महामंत्री जितेन्द्र सिंह ,एवं अन्य गणमान्य लोगों ने अपस्थित होकर प्रसाद और कम्बल वितरित किया। प्रबंधक अन्नया फैशन बुटिक, संस्था श्रीमती, माधुरी जैसवॉरा, श्रीमती ममता सिंह राठौर, मो0 हारुन, रोली सिह, सुनीता देवी सहित सभी सदस्य उपस्थित रहें।

आज कल गरीबों के लिए काफी संस्थाएं काम कर रही है, लेकिन हमारा उद्दे्श्य गरीबों, पिछड़ो ,एवं असहायों की सहायता करने के साथ ही समाज के लोगों को जागरुक करना भी है, ताकि समाज के किसी भी वर्ग को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसलिए हमारी संस्था बढ़चढ़ कर समय-समय पर विभिन्न चौराहों, पर गरीबों के लिए अलॉव, जलवाने, कपड़े वितरण करना ,तथा पैरों में पहनने के लिए चप्पल, जूता मोजा, टोपी, वितरित करने का कार्य भी हमारी संस्था करती रहती है।

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत



**पडरौना,कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली थाना क्षेत्र पड़रौना के बाँसी चौकी अंतर्गत ग्राम पँचायत लालगंज निवासिनी एक महिला की हुयी संदिग्ध मौत के परिप्रेक्ष्य में मायके वालों ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किये जाने की माँग किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका किरन पुत्री व्यास यादव निवासी बबुइयाँ हरपुर की शादी करीब पाँच वर्ष पूर्व पड़रौना कोतवाली थाना क्षेत्र की बाँसी चौकी अंतर्गत ग्राम पँचायत त्रिलोकपुर बुजुर्ग टोला लालगंज निवासी योगेन्द्र यादव के पुत्र अमन के साथ हुयी थी जिसकी बीते मंगलवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गयी जबकि मृतका के मायके वालों के कथनानुसार गला दबाकर हत्या किये जाने का आरोप लगाया जा रहा है। मृतका की दो सन्तानों में एक ढाई वर्षीय बालक व छः माह की बच्ची होने की बात बतायी जा रही है। मंगलवार की देर शाम हुयी घटना की सूचना पाकर पहुँची सम्बन्धित पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण हेतु जिला मुख्यालय स्थित शव विच्छेदन केन्द्र रवींद्र नगर भेज दी है। इस सम्बन्ध में बाँसी चौकी प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि मिली तहरीर के दृष्टिगत अन्त्य परीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

## बार एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए राजेंद्र तिवारी



**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हाटा कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के चुनाव में एडवोकेट राजेन्द्र तिवारी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं महामंत्री के चुनाव में आशुतोष कुमार मिश्र ने अपने प्रतिद्वंद्वी रामजी प्रसाद को आठ मतों से हरा कर महामंत्री निर्वाचित हुए। वही अभयानंद सिंह व त्रिपुरारी पासवान उपाध्यक्ष। आदर्श तिवारी प्रदीप कुमार पाठक मान सिंह को संयुक्त मंत्री व नंजय सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी रौनक अली खां रहे।बार एसोसिएशन हाटा तहसील के चुनाव संपन्न होने पर निवर्तमान अध्यक्ष चंद्रभूषण पाण्डेय, वरिष्ठ अधिवक्ता जयप्रकाश नारायण पाण्डेय, तेज बहादुर मिश्रा, रमाशंकर तिवारी, उमेश दुबे,रामेश्वर पाण्डेय, सचिन श्रीवास्तव,सिद्धार्थ पाण्डेय, सहित अन्य अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई दी।

## नवनिर्वाचित बोदरवार मण्डल अध्यक्ष का भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत



**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कप्तानगंज तहसील अंतर्गत बोदरवार मे बुधवार को ग्राम प्रधान राजकमल मद्धेशिया ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बोदरवार मण्डल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष का सम्मे चौक पर फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।भाजपा कार्यकर्त्ताओं के स्वागत से अभिभूत नवनिर्वाचित भाजपा मण्डल अध्यक्ष विचित्रमणि पाण्डेय ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा पार्टी ने मुझ पर भरोसा कर जो दायित्व हमें सौंपा है उसके विश्वास पर खरा उतरूगां। तन मन धन से पार्टी के हित में काम करूगां।पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान से कभी समझौता नही करूगां। अनुसुचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष रविन्द्र प्रसाद ने नव निर्वाचित मण्डल अध्यक्ष के निर्वाचन को को पार्टी हित में बेहतर निर्णय बताया । इस दौरान मोनू कन्नौजिया जितेन्द्र मिश्र अवधेश गिरी देवेश शाही महेन्द्र यादव मुकेश्वर चौबे रोशनी देवी आदि भाजपा कार्यकर्ता मण्डल अध्यक्ष के स्वागत में मौजूद रहे है ।

## पूर्व कुलपति प्रो. आरपी सिंह के निधन पर बीएचयू में शोकसभा

**वाराणसी।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी), उदयपुर के पूर्व कुलपति शिक्षाविद प्रो. आरपी सिंह के निधन पर बुधवार को बीएचयू के जेनेटिक्स और प्लांट ब्रीडिंग विभाग में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में प्रो. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद विभागाध्यक्ष प्रो. एस. के. सिंह ने उनके योगदान और कृषि क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि प्रो. आर. पी. सिंह प्रसार और किसान सलाहकार सेवाओं में योगदान के लिए जाने जाते रहे। वह 20 वर्षों तक आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पहले निदेशक प्रसार और विश्वविद्यालय के पहले उप–कुलपति भी रहे। उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कृषि ज्ञान केंद्र और कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना करके प्रसार सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। पूर्व प्रधानमंत्री अब स्मृतिशेष राजीव गांधी के कार्यकाल में प्रो.आरपी सिंह को ''लाल बहादुर शास्त्री पुरस्कार'' सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रो. आरपी सिंह के पुत्र प्रो. राजेश सिंह बीएचयू में वरिष्ठ प्रोफ़ेसर के साथ डीडीयू विश्वविद्यालय, गोरखपुर, पूर्णिया विश्वविद्यालय, पूर्णिया, बिहार के पूर्व कुलपति रहे हैं। प्रो. आरपी सिंह का लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान 31 दिसम्बर मंगलवार की शाम निधन हो गया। 85 वर्षीय प्रोफ़ेसर आरपी सिंह उम्र जनित बीमारियों से पीड़ित थे।

# टीएसएच में गुरुवार से होगी यूपी स्टेट क्लोज स्क्वैश चैंपियनशिप

एजेंसी

कानपुर। यूपी स्टेट क्लोज स्क्वैश चौंपियनशिप 2024-25 कल गुरुवार से 'द स्पोर्ट्स हब' (टीएसएच), आर्यनगर में होगी। चार जनवरी तक आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का उद्घाटन स्क्वैश रैकेट फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया की एक्सक्यूटिव मेंबर व प्रतियोगिता की पर्यवेक्षक मीनू बाजपेयी गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे बतौर मुख्य अतिथि करेंगी। उत्तर प्रदेश स्क्वैश एसोसिएशन के सचिव विनय पांडे ने बताया कि तीन दिवसीय चैंपियनशिप में सभी मुकाबले नॉकआउट आधार पर होंगे और इसमें सात आयु वर्गों के खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। इन वर्गों में अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19, पुरुष और महिला शामिल हैं। टीएसएच के डायरेक्ट र्स्पोट्स आरपी सिंह ने कहा कि यह आयोजन राज्य के स्क्वैश




खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा, जहां वे अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं और राज्य टीम में चयन का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के प्रमुख जनपदों जैसे नोएडा, मथुरा, वाराणसी, आईआईटी कानपुर, कानपुर नगर, लखनऊ, प्रयागराज, गाजियाबाद और अन्य क्षेत्रों की टीमें भाग लेंगी। इस चौंपियनशिप के आधार पर पुरुष और महिला खिलाड़ियों की राज्य टीमों का चयन किया जाएगा, जो 28 जनवरी से 3 फरवरी तक उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# सीएसजेएमयू में सुंदरकांड व हवन कर नूतन वर्ष का किया गया स्वागत



एजेंसी

कानपुर। नववर्ष 2025 के उपलक्ष्य में सीएसजेएमयू के दीनदयाल शोध केन्द्र के संयोजन में विश्वेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड पाठ व हवन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त देशवासियों और विश्वविद्यालय छात्रों व समाज के कल्याण की कामना करते हुए हवन कुंड में आहुति देने के साथ ही समापन किया गया।

देशभर में नव वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में लोग जश्न मना रहे है। वहीं छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के दीनदयाल शोध केन्द्र के संयोजन में नववर्ष 2025 के पहले दिन बुधवार को विश्वेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड पाठ व हवन का आयोजन किया गया। कर्मकांड व ज्योतिर्विज्ञान विभाग के छात्रों व आचार्यों के द्वारा विश्वविद्यालय की वर्षपर्यन्त चतुर्दिक प्रगति की अभिलाषा के साथ सामूहिक व संगीतबद्ध सुन्दरकाण्ड पाठ के उपरान्त हवन आचार्य श्रवण कुमार द्विवेदी, आचार्य स्वयंप्रकाश अवस्थी, आचार्य संगम बाजपेयी के दिशा निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मा.कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, डॉ वंदना पाठक ने सपरिवार पूजन किया। मुख्य यजमान की भूमिका में प्रतिकुलपति व दीन दयाल शोध केंद्र के निदेशक प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, सीडीसी प्रो.राजेश कुमार द्विवेदी रहे। इस इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार, विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, कर्मचारीगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## टीबी मुक्ति के लिए 100 दिन का अभियान

**बागपत।** बागपत जनपद में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय कार्यक्रम चलाया जाएगा जिलाधिकारी जितेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है। कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिला अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा है प्राइवेट डॉक्टरों की मदद से ऐसे टीवी के मरीज, जो अभी तक पहचान में नहीं आए है, उनकी पहचान की जाए। जनपद में जागरूकता अभियान चलाया जाए। 60 साल के ऊपर के जो भी बुजुर्ग जनपद में मौजूद हैं टीवी की बीमारी से ग्रस्त है,वे स्वास्थ्य केंद्र पर आकर अपनी जांच अवश्य कराये। टीबी मुक्त अभियान के लिए जनपद में 1000 अक्षय मित्र बनाए जाएंगे।प्रत्येक ग्राम पंचायत टीवी के मरीजों को गोद लेगी ओर 6 माह तक पोषण किट उपलब्ध कराएगी उनका ध्यान रखेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 38 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हो चुकी है 2025 में 62 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त किया जाएगा। सरकार मरीज को उपचार के लिए 1000 रुपये प्रति माह डीबीटी के माध्यम से मरीज के खाते में भेजेगी, उपचार प्रारंभ होने पर पहली किस 3000 और दूसरी किस्त 84 दिन के बाद, मरीज उपचार अवधि तक दिया जाएगा।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

| निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 56246193 | Supply, installation and commissioning of Two Stage Heavy Duty Racking system (TSHDRS) in storage wards of size 27450x11500mm each in Charbagh Stores Depot as per specifications and Drawing attached as Annexure-A, B & C including 112 Nos. of steel caged pallets of dimensions 1200Wx 1200Dx850H of UDL capacity 1000 kg per pallet as per specification and drawing attached as annexure-D & E with two plates of each size 200 x 100 mm on front and back side of pallet (one each side). One set of TSHDRS and steel caged pallets (112 Nos. each set) will be required for one storage ward. | 02 सेट | 31.01.2025 |

**निविदा शर्तें:** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

**टेंडर नोटिस सं.: ईपीएस/56/2024–25** **04/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **22.01.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 14902024 दिनांक 30.12.2024 |
| 2 | **निविदा संख्या : (1)** 28/ Sr.DEN-I/LK0/2024-25, **(2)** 29/ Sr.DEN-I/LK0/2024-25, **(3)** 30/ Sr.DEN-I/LK0/2024-25, **(4)** 31/ Sr.DEN-I/LK0/2024-25, **(5)** 32/ Sr. DEN-I/LK0/2024-25 |
| 3 | **कार्य का नाम : (1)** लखनऊ, सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/आलमबाग पश्चिम/लखनऊ के खण्ड में के अधीन डिप्टी सीओएस कॉलोनी के पीछे, धोबी घाट कॉलोनी, आरपीएसएफ फैमिली लाइन कॉलोनी, आरपीएफ फैमिली लाइन कॉलोनी आदि। पुराने और नए कानपुर सेंट्रल लाइन कॉलोनी के कर्मचारी क्वार्टर और अधिकारी बंगलों की आंतरिक और बाहरी सतह, दरवाजे और खिड़कियां, पानी की आपूर्ति और सैनिटरी फिटिंग, फर्श और रास्ते की भारी मरम्मत। **(2)** लखनऊ, सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/(आलमबाग पश्चिम/लखनऊ के खण्ड में अन्य सेवा भवन, गंगा बैरक, भागीरथी बैरक, एसओ की बैरक, संगम बैरक, रवि बैरक और यमुना बैरक की भारी मरम्मत, क्षतिग्रस्त दस्वाजों और खिड़कियों को बदलना, टपकते शौचालयों का नवीनीकरण, आंतरिक और बाहरी सतह में सुधार और आरपीएसआर 3 बीएन/एलकेओ और अन्य विविध मरम्मत कार्य। **(3)** लखनऊ, सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/चारबाग/लखनऊ के खण्ड में स्टेशन भवन की भारी मरम्मत का कार्य, प्लास्टरिंग, दीवार की फिनिशिंग, फर्श, छत, पानी के बूथ, पीएफ कॉपिंग, प्लेटफार्म दीवार, सेनेटरी का कार्य, स्वच्छता और शौचालय फिटिंग आदि। साथ ही असुरक्षित केबिन एच, सी, बी, डी, ई, एफ, आलमबाग पश्चिम से सटे गेट नंबर 1ए और निकास लाइन गुमटी (कुल 09 केबिन) की भारी मरम्मत। **(4)** लखनऊ, सहायक मण्डल इंजीनियर/मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/चारबाग के खण्ड में विभिन्न कॉलोनियों में स्थित कर्मचारी क्वार्टरों और अधिकारियों के बंगलों में विविध कार्य जैसे कि दीवार की फिनिशिंगए फर्श, छत का उपचार, स्वच्छता कार्य, जंग लगी और घिसी हुई पाइप लाइनों को बदलना, दरवाजे और खिड़कियों की मरम्मत, फुटपाथ और मार्ग की सतह का कार्य। **(5)** सहायक मण्डल इंजीनियर/वर्कशॉप/आलमबाग/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/वर्कशॉप/आलमबाग के खण्ड में कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग के अंदर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में ट्रिमिंग शॉप का विकास, कैरिज वर्कशॉप – आलमबाग के अंदर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में बायो टैंक रिपेयर शॉप का विकास, कैरिज वर्कशॉप – आलमबाग के अंदर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में रोलर बियरिंग का विकास और कैरिज वर्कशॉप आलमबाग के अंदर नए गैस गोदाम का निर्माण कार्य। |
| 4 | **अनुमानित लागत : (1)** रु. 99,99,511.70, **(2)** रु. 89,96,327.47, **(3)** रु. 2,20,40,499.17, **(4)** रु. 99,93,787.86, **(5)** रु. 2,74,43,481.91 |
| 5 | **धरोहर राशि : (1)** रु. 2,00,000.00, **(2)** रु. 1,79,900.00, **(3)** रु. 2,60,200.00, **(4)** रु. 1,99,900.00, **(5)** रु. 2,87,200.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि : क्रम संख्या 01 से 05 तक के लिये: (1)** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 08.01.2025 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 22.01.2025, 15:00 बजे |
| 9 | **बेबसाईट : www.ireps.gov.in** |

**नोटः-** निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **3997/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बीते साल 2024 में गोंडा को मिली कई बड़ी सौगात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। जिले में वर्ष 2024 में अपने विकास और उपलब्धि यों से प्रदेश और देश में एक नई पहचान बनाई है।डीएम नेहा शर्मा के नेतृत्व में जिले ने न केवल प्रशासनिक बल्कि सामाजिक और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। 1158 करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतरीं।

### मुख्यमंत्री योगी की सौगातों से बदली तस्वीर

मार्च में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1689.46 करोड़ रुपये की चार सौ 22 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।इनमें 271 करोड़ रुपये की लागत से बने गोंडा मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन भी शामिल है, जहां एमबीबीएस की कक्षाएं भी शुरू हो चुकी हैं।इसके साथ ही एक सौ 12 करोड़ रुपये की लागत से बने मिश्रौ लिया ओवर ब्रिज ने गोंडा के ट्रैफिक जाम की समस्या को हल किया।।

### गोण्डा जिले में अरगा ब्रांड की देशभर में चर्चा

डीएम नेहा शर्मा की पहल से शुरू हुआ अरगा ब्रांड महिलाओं के आत्मनिर्भरता की मिसाल बन गया। करीब 70,000 महिलाओं की आय में वृद्धि हुई और कई ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए अपने उत्पाद बेचकर आर्थिक स्वतंत्रता हासिल की।''लखपति दीदी'' के रूप में महिलाओं ने एक नई पहचान बनाई है। शहर को स्वच्छता की रंगोली से सजाने की डीएम की योजना ने गोंडा की सूरत बदल दी।पुराने कचहरी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कर उसे अमृत भारत योजना के तहत नई पहचान दी गई। वनटांगिया समुदाय को मिली रोशनी,

मनकापुर के वनटांगिया गांव बुटहनी में 77 साल बाद बिजली पहुंची।डीएम के प्रयास से यह बदलाव संभव हुआ,जिससे वहां के लोग गोंडा प्रशासन को धन्यवाद दे रहे हैं।वनटांगिया समुदाय के साथ प्रशासन ने वनटांगिया महोत्सव मनाकर 2100 सौ दीये जलाए और दीपावली की खुशियां साझा कीं।

### महिला सशक्तिकरण की नई पहल

11 अक्टूबर को शक्ति सारथी योजना के तहत एक हजार महिलाओं को ई-रिक्शा देकर सशक्त बनाया गया।पिंक रंग के ये ई-रिक्शा महिलाओं के लिए न केवल रोजगार का जरिया बने,बल्कि उनकी सुरक्षा का भी प्रतीक हैं।

### ग्रामीणों की राह हुई आसान

गोंडा में अंडरपास और ओवरब्रिज का निर्माण ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहा है।अब यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता है और उनके समय की बचत होती है।

### मतदान के प्रति जागरूकता

23 जनवरी को 1.6 लाख बच्चों की मानव श्रृंखला बना कर मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। यह गोंडा के इतिहास में अपनी तरह की पहली घटना थी। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद गोंडा से 11 सौ श्रद्धालुओं को लेकर पहली आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना हुई।

# कमिश्नर ने देर शाम रैन बसेरे का किया निरीक्षण रिक्शा और ठेला चालकों को बांटें कंबल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। मंगलवार की देर शाम कमिश्नर देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील द्वारा जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा शीतलहर से बचाव को लेकर किए गए व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया।आयुक्त ने कई रैन बसेरों का निरीक्षण कर प्रमुख चौराहों और रेलवे स्टेशन पर असहाय और जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किया।राहत कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है।

महिला अस्पताल चौराहा,जिला अस्पताल और रेलवे स्टेशन के पास भी कंबल वितरित किए गए।

अम्बेडकर चौराहा से लेकर रेलवे स्टेशन तक पैदल रिक्शा चालकों, ठेलेवालों और असहाय लोगों को कम्बल बांटे गए। इसके अलाव,मेवातियन रैन बसेरे में ठहरने वाले लोगों के लिए सोलर हीटर की व्यवस्था की गई और सात बेड पर तीन लोग ठहरे थे।इन सभी स्थानों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव की भी व्यवस्था की गई। आयुक्त ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीतलहर के कारण सभी प्रमुख स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जाए ताकि ठंड से बचाव सुनिश्चित हो सके।गोंडा मेवाति यन रैन बसेरे के संचालन में कम्बल की कमी पाई गई जिस पर प्रबंधक को कड़ी फटकार लगाई गई और सभी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आदेश दिए गए। साथ ही जिलाधिकारियों,उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को भी अपने-अपने क्षेत्र में जरूरतमंदों को कंबल देने और अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।इस मौके पर एडीएम आलोक कुमार और नायब तहसीलदार सदर उपस्थित रहे।

# नव वर्ष पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले में नए साल के मौके पर श्रद्धालु सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर भगवान के दर्शन कर रहे हैं और पूजा अर्चना में व्यस्त हैं। खासकर बालाजी मंदिर और बाबा दुखहरणनाथ मंदिर जो पूरे गोंडा में प्रसिद्ध है पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है।लोग वहां पहुंचकर भगवान से आशीर्वाद लिया और अपने जीवन में सुख,शांति और समृद्धि की कामना की हैं।वही नव वर्ष पर लोग विशेष तौर पर मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए उत्साहित हैं।उन्हें विश्वास है कि भगवान का आशीर्वाद उनके जीवन में नए साल में ढेर सारी खुशियाँ और सफ लता लाएगा।भक्तगण अपनी दिनचर्या की शुरुआत मंदिरों में जाकर करते हैं ताकि उनका साल शुभ और मंगलमय हो।बालाजी मंदिर,और बाबा दुखहरण नाथ मंदिर में भक्तों का तांता इस समय लगा हुआ है।महिलाएं, पुरुष, बच्चे सभी पूजा अर्चना में शामिल हो रहे हैं।कई लोग खासतौर पर इस दिन अपने परिवार की सुख-शांति और अच्छे स्वा स्थ्य की कामना करते हैं,जबकि कुछ लोग साल भर के कष्टों से मुक्ति के लिए भगवान के सामने सिर झुका रहे हैं।कुल मिलाकर,नव वर्ष के पहले दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं का ये समर्पण और भगवान से आशीर्वाद लेने का सिल सिला पूरे शहर में जोश और उत्साह का माहौल बना रहा है।मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं।ताकि श्रद्धा लुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर डीएम के हाथों ज़रूरतमन्दों को मिली कम्बल की सौगात

**❒ रैन बसेरों व अलाव व्यवस्था का डीएम ने लिया जायज़ा**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से नव वर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मंगलवार को देर रात्रि नगर क्षेत्र का भ्रमण कर रोडवेज़ व महर्षि बालार्क चिकित्सालय में संचालित रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद गरीब मुसाफिरों, रिक्शा चालकों, मरीज़ों के तीमारदारों व अन्य जरूरतमंदो को कम्बल का वितरण किया।

महर्षि बालार्क चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर मौजूद मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार को निर्देश दिया।

कि सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अलाव की व्यवस्था की जाये तथा चिकित्सालय के प्रसव कक्ष, इमरजेन्सी व अन्य वार्डों में रूम हीटर लगवाये तथा शरद ऋतु के दौरान भर्ती मरीज़ों के लिए कम्बल की माकूल व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बताया कि जनपद में 250 से अधिक स्थानों पर अलाव जलवाये जा रहे हैं। डीएम ने बताया कि राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मार्फत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में रैन बसेरों व अलाव की निरन्तर चेकिंग करायी जा रही है तथा जरूरतमन्द लोगों को कम्बल का वितरण भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर तहसीलदार सदर अनिरूद्ध कुमार यादव, डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह, आयुष चिकित्साधिकारी डॉ. पीयूष नायक सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## को-आपरेटिव बैंक वार्षिक बैठक 05 जनवरी को

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड बहराइच की 53वीं वार्षिक सामान्य बैठक 05 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच में आहूत की गयी है। यह जानकारी सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक लि. बहराइच ने दी।

## पुलिस अधीक्षक ने रात्रि गश्त के दौरान जरूरतमंदों को कंबल वितरण कर नववर्ष की दी गई शुभकामनाएं



**गोण्डा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने नववर्ष के अवसर पर जनपद में शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु रात्रि गश्त की गयी तथा ठंड के प्रकोप से बचाव हेतु रास्ते में मिलने वाले जरूरत मंदो को कंबल वितरण किया गया तथा नववर्ष की शुभकामनाएं दी गयी। कंबल पाकर जरूरत मंदो के चेहरे खुशी से खिल उठे। महोदय द्वारा बताया गया कि बढते ठंड को देखते हुए जरूरत मंदो के लिए सभी के द्वार ऐसे प्रयास किए जाने चाहिए जिससे जरूरत मंद ठंड एवं शीतलहर से बच सकें ।

## ब्लोवर लगाते समय करंट लगने से किशोरी की मौत



**जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लोवर लगते समय किशोरी को विद्युत करंट लग गया। किशोरी को गम्भीर हालत में परिजन लेकर सीएचसी पहुंचे,जहां डाक्टर ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। जरवलरोड थानाक्षेत्र के अंतर्गत जरवल नगर पंचायत की मोहल्ला चौक निवासी अनन्या गुप्ता (17) पुत्री ऋषि कुमार 'राजू' सुबह स्नान करने के बाद ब्लोवर का प्लग विजली के बोर्ड में लगा रही थी।प्लग लगाते समय करंट लगने से वह गम्भीर रुप से घायल हो गई। परिजन किशोरी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुस्तफाबाद पहुंचे, जहां इमरजेंसी चिकित्सक ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। किशोरी की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। नव वर्ष की प्रथम सुबह हुए इस आकस्मिक घटना को जिसने सुना वह अचंभित रहा गया, बच्चे जहाँ नव वर्ष की सुबह पर खुशहाली मनाने के लिए तैयार हो रहे थे, वही इस घटना के बाद पुरे मोहल्ले मे लोग ग़म मे डूब गए परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# बीते वर्ष कई अधूरे कार्य हुए पूरे तो कई कार्य रहे बाकी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नानपारा, बहराइच। बीता वर्ष कई यादें छोड़ गया सरकार की ओर से नानपारा में जहां कई विकास कार्य किया गया वहीं वर्ष बीत जाने पर भी तमाम कार्य अधूरे रह गए। बीते कई वर्षों से खराब सड़क इमामगंज चौक से बाईपास तक बनाई गई, नानपारा- मिहींपुरवा मार्ग पर मन्नत के पास वर्षों से खराब सड़क का निर्माण हो गया, नानपारा रामपुर की खराब सड़क बन रही है, नानपारा रेलवे स्टेशन एवं नेपालगंज रोड पर अमान परिवर्तन का काम चल रहा है, चीनी मिल के निकट जुड़ा मार्ग पर सड़क का निर्माण हो रहा है, नगर के काली कुंडा मंदिर का सौंदर्यकरण हो रहा है, नानपारा - शंकरपुर मार्ग का निर्माण हो चुका है नानपारा को अपना फायर स्टेशन भी मिल चुका है, नानपारा चीनी मिल भारी क्षमता के साथ चल रही है। नानपारा में नेताओं द्वारा मिल के अलावा अन्य उद्योग लगाने की बात कई बार कही गई परंतु इस वर्ष भी कोई उद्योग नहीं लगाया जा सका औद्योगिक इकाई लगने से क्षेत्र के काफी लोग कम पर लग जाते हैं। वहीं दूसरी ओर नानपारा नगर में रोडवेज डिपो की मांग अधूरी रह गई है, राजकीय महाविद्यालय की मांग भी अधूरी रह गई है, कृषि महाविद्यालय की मांग अधूरी रह गई है, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा में दलालों का जमावड़ा और मरीजों के शोषण में कोई कमी नहीं आई है। 10 वर्षों से तैनात केंद्र प्रभारी को नहीं हटाया गया, यहां पर यूनानी चिकित्सालय का संचालन किया किराए के भवन में किया जाता है परंतु गली कूचे में होने के कारण लोग वहां तक नहीं पहुंच पाते । मालूम हो कि पिछले 30 वर्षों से नानपारा जिला बनाओ समिति के अध्यक्ष समाजसेवी शकील अंसारी केशव पांडे के साथ व्यापार मंडल अधिवक्ता संघ सहित अनेकों संगठन नानपारा तहसील, मोतीपुर मिहीपुरवा तहसील एवं महसी तहसील एवं विधानसभा क्षेत्र नानपारा, विधानसभा क्षेत्र मटेरा एवं महसी को जोड़कर नानपारा को जिला बनाने की मांग करते रहे हैं परन्तु 2024 में भी यह मांग पूरी नहीं हो सकी बीता वर्ष लोगो को मायूसी दे गया इस संबंध में अधिवक्ता एसोसिएशन नानपारा के अध्यक्ष मोहम्मद अरशद एवं साहित्यकार रोशन जमीर का कहना है कि नानपारा का विकास बहुत हो चुका है सीमावर्ती क्षेत्र है यहां पर सीमा सुरक्षा बल की छावनिया भी हैं सुरक्षा की दृष्टि से नानपारा को जिला बनना चाहिए परंतु 2024 में भी नानपारा जिला नहीं बन सका।

# एसएसपी ऑफिस के बाहर युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास, हालत गंभीर

**एजेंसी**

बदायूं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने बुधवार को दोपहर में एक युवक ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुदकुशी कर ली। आग बुझाकर झुलसी हालत में पुलिस कर्मियों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर बरेली रेफर कर दिया गया है। मामले में एसएसपी ब्रजेश सिंह ने बताया कि एसएसपी कार्यालय के सामने आग लगाने वाले युवक की पहचान सदर कोतवाली के नई सराय निवासी फिरोज अहमद का पुत्र गुलफाम अहमद है। घायल युवक ने अपने बयान में बताया है कि मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने 30 दिसंबर 2024 को मेरा ई-रिक्शा, मोबाइल फोन और 2200 रुपये छीन लिया है। घटना में निहाल, मुनाजिर, शाकिर और मोहल्ले का वार्ड मेंबर भी शामिल हैं। सभी ने मेरा ई रिक्शा आदि छीनकर घर में बंधक बनाकर मारपीट भी की थी। इसकी शिकायत जब कोतवाली में की तो कोतवाल ने कोई कार्रवाई नहीं की। गुलफाम अहमद ने सीओ सिटी व सदर विधायक पर आरोपितों का साथ देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि पुलिस ने उस पर दबाव बनाने के लिए धमकाया कि दो किलो डोडा पाउडर में उसे जेल भेज देंगे। पुलिस ने मुझे बेबस और मजबूर कर दिया। मजबूरी में आज मैने यह कदम उठाया है। एसएसपी ब्रजेश सिंह ने बताया कि नई सराय के रहने वाले गुलफाम का दो साल से उसके ससुराल वालों से विवाद चल रहा है। उसमें कई मुकदमे सदर कोतवाली थाना सिविल लाइन और थाना मुजरिया में दर्ज है। 30 दिसंबर को गुलफाम अपनी ससुराल में जबरन घुस गया था। उसके साले की पत्नी ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे के तनाव में आकर ही उसने आत्मदाह का प्रयास किया, जिसमें वह झुलस गया। युवक का इलाज चल रहा है। फिलहाल पूरे मामले की चल रही है।

## क्रूरता से बांधकर ले जाए जा रहे 5 गोवंश बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना विन्ध्याचल पुलिस ने बुधवार को कठवईया पुल के पास से गोवंश तस्करी का पर्दाफाश किया। पुलिस ने टाटा सूमो से वध के लिए ले जाए जा रहे पांच गोवंश बरामद किए। पुलिस ने वाहन चालक और तस्कर गुड्डू अंसारी उर्फ गुड्डू सूपर (निवासी शिवरामपुर, थाना चांद, जनपद कैमूर, बिहार) को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के खिलाफ थाना विन्ध्याचल में मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। विंध्याचल थाने के उप निरीक्षक आनंद शंकर सिंह ने बताया कि आरोपित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए गोवंश की रक्षा सुनिश्चित की।

## बालिकाओं के हित में कानूनी अधिकार और सुरक्षा पर मंथन

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आदर्श इंटर कॉलेज, विसुंदरपुर के प्रांगण में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव डीएलएसए विनय आर्या ने की।शिविर का शुभारंभ अपर जनपद न्यायाधीश विनय आर्या ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर बालिकाओं के कानूनी अधिकार, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, स्वावलंबन, सेनेटरी पैड, सर्वाइकल कैंसर, और यातायात नियमों के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विनय कुमार त्रिपाठी ने छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी और 18 वर्ष से कम आयु में वाहन न चलाने की चेतावनी दी। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक, स्टाफ और डीएलएसए से जुड़े वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित रहे। जागरूकता शिविर ने छात्र-छात्राओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विनय आर्या ने बालिकाओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए बनाए गए विभिन्न कानूनों और मिशन शक्ति के तहत संचालित योजनाओं की जानकारी दी। वनस्टाफ सेंटर प्रबंधक पूजा मौर्या ने कन्या सुमंगला योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन, और महिला हेल्पलाइन जैसी योजनाओं की प्रक्रिया समझाई।एसआई रामपाल मिश्र ने किशोर अपराधों से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी।

# रेस्टोरेंट मालिक व उसके साथियों पर लगा छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

**एजेंसी**




कानपुर। कोहना थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक हाई प्रोफाइल रेस्टोरेंट में 31 दिसंबर की रात पार्टी करने के दौरान महिलाओं के साथ शराब के नशे में रेस्टोरेंट के मालिक और उसके साथियों पर छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। घटना की सूचना पर पर पहुंची पुलिस के सामने ही आरोपित अपनी कार में सवार होकर भाग निकले, हालांकि आरोप लगाने वाले पक्ष ने मुकदमा दर्ज करवा दिया है। सड़क के बीचों बीच हुए ड्रामे का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना मंगलवार की देर रात कंपनी बाग स्थित एक रेस्टोरेंट की है। जहां पर एक कारोबारी अपनी पत्नी और दोस्तों के साथ नए साल की पार्टी करने पहुंचे थे। आरोप है कि उनकी पत्नी वॉशरूम गई थी, वहीं पर रेस्टोरेंट का मालिक अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा। यह देख कारोबारी पति आग बबूला हो गया। उसने विरोध किया तो रेस्टोरेंट मालिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर दम्पती की पिटाई शुरू कर दी। देखते ही देखते माहौल काफी बिगड़ गया। पीड़ित पक्ष ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर रेस्टोरेंट मालिक अपने साथियों के साथ कार में बैठकर भाग निकला, हालांकि पीड़ित पक्ष ने रेस्टोरेंट मालिक के खिलाफ थाने में तहरीर दे दी है। उधर इस पूरे मामले को लेकर अपर पुलिस उपायुक्त मध्य राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को बताया कि छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाले पक्ष की ओर से तहरीर संबंधित थाना को मिली है और मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# भ्रष्टाचार अपराध मुक्त न्याय दल की संगोष्ठी आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। भ्रष्टाचार अपराध मुक्त न्याय दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 टी0आर0 सिंह की अध्यक्षता में यू0पी0 प्रेस क्लब लखनऊ में एक विचार-संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें भारत को भ्रष्टाचार मुक्त कैसे बनाया जाए और वर्तमान सरकार की क्राइम जीरो टॉलरेंस नीति कितनी सफल विषय पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भन्ते रतन सागर जी रहे। कार्यक्रम का संचालन हाईकोर्ट की एडवोकेट कुमारी राधा सिंह ने किया। इस मौके पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ0 मनमोहन सिंह के निधन पर राष्ट्रीय शोक के अवसर पर मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ0 टी0आर0 सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष भ्रष्टाचार अपराध मुक्त न्याय दल ने कहा कि देश को आजाद हुए लगभग 78 वर्ष बीत रहे हैं, भ्रष्टाचार का दानव इतना बढ़ गया कि आम आदमी का जीना दुशवार होता जा रहा है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल रिपोर्ट के अनुसार 2023 में भ्रष्टाचार के मामले में भारत 180 देशों में 93वें स्थान में रहा है। श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भ्रष्टाचार के खिलाफ सघन जांच खोजबीन अभियान चलाया जाना चाहिए, जिसका अनुपालन करना देश की प्रदेश सरकारों का दायित्व होना चाहिए। भ्रष्टाचार के विविध वंशवाद हैं-जैसे ब्लैकमेल करना, टैक्स चोरी, झूठी गवाही, झूठा मुकदमा, परीक्षा में नकल, परीक्षार्थी का गलत मूल्यांकन, सही उत्तर पर अंक न देना, पैसे लेकर संसद में प्रश्न पूछना, पैसे लेकर वोट देना, वोट के लिए पैसा व शराब, रिश्वत लेना, चुनाव में हेराफ़ेरी करना, लोगों के साथ विश्वासघात करना। सरकार को चाहिए कि भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सख्त और कठोर कानून बनाए और उसका अनुपालन कराए. भ्रष्टाचार में लिप्त डेमोक्रेसी के लोग, व्यूरोक्रेसी के लोग, न्यायपालिका के लोग, मीडिया के लोगों की चल-अचल सम्पत्ति की जांच कराकर जब्त किया जाए और आवश्यकता पड़ने पर गरीबों में वितरित कर दिया जाए, जिससे गरीवी खत्म हो जाए और जिससे देश विकास की मुख्य धारा से जुड़ सके। भ्रष्टाचार के मामले को मीडिया में शीघ्र उजागर किया जाना चाहिए और निवारण के लिए सूचना का अधिकार, लोकसेवा कानून, भ्रष्टाचार निरोधक कानून और लोकपाल की शक्तियों का उपयोग किया जाना चाहिए। भ्रष्टाचार एक ऐसी सामाजिक और राजनीतिक समस्या है कि जो किसी भी समाज की प्रगति को बाधित करती है। भ्रष्टाचार एक गहरी समस्या है, जो समाज और राष्ट्र की प्रगति में रुकावट है। भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को दण्डित करने के कानूनों को नियमित रूप से लागू किया जाना चाहिए। इस मौके पर डॉ0 उमेश कुमार, सुमन यादव, साक्षी सिंह, सरोज सिंह, छेदीलाल गौतम, अंकित यादव, सन्त प्रकाश गौतम, कैलाश गौतम, प्यारेलाल गौतम, शिवानी सरोज, ज्योति शुक्ला एडवोकेट,आदि ।

## शराब पिलाकर जमीन का एग्रीमेंट, तीन गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गीडा इलाके के बाघागाड़ा में शराब पिलाकर पुश्तैनी जमीन का औने-पौने दाम पर एग्रीमेंट कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने 12 दिन तक बंधक बनाकर जमीन बेचवाने की कोशिश करने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह है मामला बाघागाड़ा निवासी जगदीश गौड़ के पास 15.5 डिसमिल पुश्तैनी जमीन है। आरोप है कि रामभवन निषाद ने अपने साथी हनुमान और शैलेश के साथ मिलकर जगदीश को शराब पिलाकर मात्र 10 हजार रुपये में जमीन का एग्रीमेंट करा लिया। जमीन की वास्तविक कीमत 10 लाख रुपये प्रति डिसमिल से अधिक है। आरोपितों ने जमीन बिकने पर 2 लाख रुपये देने का वादा किया था। घरवालों ने दर्ज कराई शिकायत 17 दिसंबर को जगदीश के लापता होने पर उनके बेटे योगेंद्र गौड़ ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान घरवालों को पूरा मामला पता चला। बेटे ने मां के साथ एसपी नॉर्थ से मुलाकात कर मामले की जानकारी दी। तीन गिरफ्तार गीडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रामभवन, हनुमान और शैलेश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

## मुरादाबाद में लगातार तीसरे दिन भी नहीं निकला सूरज, सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**मुरादाबाद।** अंग्रेजी नववर्ष 2025 के पहले दिन भी ठंड का प्रकोप जारी रहा। बुधवार को लगातार तीसरे दिन मुरादाबाद में सूरज न निकलने से ठंड का पारा चढ़ गया, लोग घरों में कैद रहे और सड़कों व बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। आज भी मुरादाबाद का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं मुरादाबाद का अधिकतम तापमान 17 डिग्री रहा। सोमवार व मंगलवार को भी मुरादाबाद में सूर्यदेव नजर नहीं आए थे। मुरादाबाद में बुधवार को तड़के से ही आसमान में बादल छाए हुए थे और शीतलहर चल रही थी। सुबह से ही सूरज नहीं निकलने के आसार दिखाई दे गए थे। ठंड का प्रकोप बढ़ने से लोग घरों में कैद रहे और रूम हीटर, ब्लोअर, अंगीठी का सहारा लिया। वहीं चौराहों, फुटपाथों पर लोग आग जलाकर तापते नजर आए। मौसम विशेषज्ञ प्रो. एके सिंह ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को मुरादाबाद में बादल छाए रहेंगे व न्यूनतम और अधिकतम पारा एक डिग्री और नीचे आ सकता है। शनिवार को धूप निकल सकती है।

# चकबंदी प्रक्रिया में लापरवाही न बरती जाय : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक किया।बैठक में जिलाधिकारी निशा अनंत ने जनपद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के सम्बंध में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से जानकारी ली जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में जनपद में चकबंदी की प्रक्रिया में बावन गांव शामिल थे जिसमें से अब तक छह गांव की चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है गांव के अभिलेख तहसील को भेजे जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि दिसंबर माह में तीन गांव गडेरी, गाईमऊ व काजीपुर में धारा सत्ताइस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जनवरी माह में इन तीनों गांव की धारा बावन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।धारा बीस में दो गांव गूंगेमऊ व दौलतपुर लोनहट का प्रकाशन किया गया है, इक्का ताजपुर व महोना पूरब में धारा सात की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, सिंदुरवा व सरायखेमा में धारा 23 की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही धारा आठ में दो गांव, धारा नौ में चार गांव, धारा दस में नौ गांव तथा धारा बीस में दस गांवों में कार्य चल रहा है जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा।जिलाधिकारी निशा अनंत ने कहा कि सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार करें साथ ही पुराने गांव जो चकबंदी में चल रहे हैं उनको शीघ्र कब्जा परिवर्तन कर चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं, किसी भी गांव में चकबंदी प्रक्रिया को रोका न जाय सभी गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाय। बैठक में उन्होंने चकबंदी के तहत लंबित मुकदमों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा करते हुये कहा कि इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह सहित समस्त चकबंदी अधिकारी, सहायक संबंधी अधिकारी उपस्थित रहे।

# नववर्ष पर मां अहोरवा भवानी मंदिर में दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । नववर्ष के पावन पर्व पर आदिशक्ति पीठ मां अहोरवा भवानी के दरबार में बुधवार को दर्शन के लिये भक्तों का तांता लगा रहा।प्रातः काल में ही भक्तों ने मां के मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुये सुख,शांति की कामना की है।विकास खण्ड सिंहपुर मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर स्थित कस्बा अहोरवा भवानी में पाण्डवों द्वारा स्थापित मंदिर अनवरत कई वर्षों से क्षेत्र के साथ ही साथ आसपास के जनपद बाराबंकी, सुल्तानपुर, रायबरेली,लखनऊ के लोगों की आस्था का केन्द्र बिंदु बना हुआ है।यहां पर मत्था टेकने से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है।बुधवार को नववर्ष की बेला पर तिलोई की ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह ने सपरिवार वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दर्शन पूजन किया और प्रातः कालीन बेला में पांच बजे से भक्तगण मंदिर पहुंचने लगे और पूरे विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर सुख,शांति की कामना की है।मां के भक्त देर शाम तक मंदिर में पूजा पाठ करते रहे।

मंदिर के मुख्य पुजारी केदारनाथ तिवारी ने बताया कि दोपहर बारह बजे से एक बजे तक मंदिर के कपाट बंद रहते हैं।मंदिर के व्यवस्थापक पन्हौना रियासत के राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि दर्शनार्थियों को मंदिर में कोई समस्या न हो इसके लिये हम सब लोग लगे रहे और सुरक्षा व्यवस्था के लिये लगाये गये सीसी कैमरा से चोर उचक्कों के साथ ही जेबकतरों के हौसले भी पस्त हुये है।

# समाजसेवी संदीप ने विशेष अवसर पर कराया दीप यज्ञ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

## हनुमान चालीसा पाठ व भंडारे का आयोजन उपस्थित रहे चेयरमैन

पूरनपुर। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी संदीप खडेलवाल फ़ेसबुक साप्ताहिक लाइव हनुमान चालीसा के 211वें पाठ के अवसर पर मंगलवार शाम समाजसेवी संदीप खंडेलवाल ने नारायण टॉवर पर दीप यज्ञ, विशेष भंडारा, भजन संध्या, लाइव हनुमान चालीसा एवं हनुमान चालीसा पुस्तक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर 211 लड्डूओं का भोग भी लगाया गया। आयोजन में पूरनपुर चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, विवेक मिश्र 'नाहिल',कन्हैया खंडेलवाल, अनुज खंडेलवाल, संदीप खंडेलवाल 'जॉली', श्याम खंडेलवाल, विवेक तिवारी,अर्पण तिवारी, सभासद सूरज बाथम, अम्बर मिश्रा, मुकुल गुप्ता व अन्य क़ई सम्मानित जन उपस्थित रहे हैं।

# महिला शिक्षक संघ की टीम ने नववर्ष के अवसर पर भाजपा जिलाअध्यक्ष महिला मोर्चा से की मुलाकात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ पीलीभीत की जिला इकाई ने नववर्ष के अवसर पर माता यशवन्तरी देवी के मंदिर में दर्शन किए और सभी के लिए नववर्ष मंगलमय हो,इस कामना के साथ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया है।महिला शिक्षक संघ की वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूनम सहगल ने कार्यकारी अध्यक्ष संगीता वर्मा,महामंत्री रजनी जौहरी,कोषाध्यक्ष वर्षा सक्सेना और संयुक्त महामंत्री परिणीता सिन्हा के साथ भाजपा की महिला जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा से भी मुलाकात की है।समस्त कार्यकारिणी ने संघ के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए आगामी कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया है।इस अवसर पर रूपम,रेखा, ऋषिका,आकृति,श्रीनिका सहित कई महिला शिक्षक उपस्थित रही है।

# अपर जिलाधिकारी ने देर ठंड के दृष्टिगत अलाव, रैन बसेरा एवं गौशाला की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## ठंड से ठिठूर रहे जरुरतमंदों को वितरित किए कम्बल

पीलीभीत। अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया ने ठंडक के दृष्टिगत कल देर रात शहर के प्रमुख स्थलों का निरीक्षण कर अलाव व्यवस्था, रैन बसेरा एवं गौशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया।। इस दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा नकटादाना, गौहनिया,छतरी चौराहा,सुरभि कालोनी सहित अन्य चिन्हित स्थलों पर अलाव व्यवस्था देखी।भ्रमण के दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत कर अलाव जलाने की व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली गई।लोगों द्वारा अवगत कराया गया कि नियमित अलाव जलाने की जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान ठंडक से ठिठूर रहे जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित एवं उनसे बातचीत की। इसके साथ ही शहर में संचालित रैन बसेर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रैन बसेरे की व्यवस्थाओं को देखा और रैन बसेरे में ठहरे हुये लोगों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कोई भी व्यक्ति बाहर खुले में पाए जाये तो उसे तत्काल रैन बसेरे में पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने बढ़ती ठंडक के दृष्टिगत नौगवा पकड़िया की गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निराश्रित गौवंशों को शीत लहर से बचाव हेतु टिन शेड के चारों तरफ तिरपाल व्यवस्था को देखा व गौवंशो के बैठने हेतु भूसा, धान का प्यार आदि नीचे डाला जाए। इसके साथ ही उन्होंने निराश्रित गौवंशों हेतु हरा चारा, भूसा, चोकर, पेयजल व्यवस्था सेहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान उप जिलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे है।

# भाजपा के जिला कार्यालय में मण्डल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधियों का हुआ अभिनंदन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गौरीगंज अमेठी । गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा के अध्यक्षता में नवनिर्वाचित जनपद के सभी मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया गया।तिलोई विधानसभा के जायस नगर मण्डल अध्यक्ष अनोखेलाल,जिला प्रतिनिधि तीर्थराज सिंह,तिलोई मण्डल में पंकज अवस्थी अध्यक्ष, सोनू सिंह जिला प्रतिनिधि, सिंहपुर मण्डल में गौरव श्रीवास्तव अध्यक्ष,सुनील पासी जिला प्रतिनिधि, राजाफत्तेपुर मंडल में सत्य नारायण सिंह अध्यक्ष, इंद्रेश कुमार पाण्डेय जिला प्रतिनिधि,जगदीशपुर विधानसभा के रानीगंज मण्डल में अध्यक्ष अमरनाथ पासी, जिला प्रतिनिधि संजीत कोरी,जगदीशपुर मण्डल में शेखर तिवारी अध्यक्ष, धर्मचन्द्र कौशल जिला प्रतिनिधि,विश्वकर्मा नगर मण्डल में राजेश सिंह मण्डल अध्यक्ष,दीप चंद्र पाण्डेय जिला प्रतिनिधि, गौरीगंज विधानसभा के क्रमशः शाहगढ़ मण्डल में काशी प्रसाद मिश्रा, राधेश्याम चौहान जिला प्रतिनिधि, गौरीगंज ग्रामीण अजय सिंह गौर मण्डल अध्यक्ष,अरुण कुमार मौर्य जिला प्रतिनिधि,मुसाफिरखाना मण्डल में रामगोपाल कौशल मंडल अध्यक्ष, महेंद्र मिश्रा जिला प्रतिनिधि,अमेठी विधानसभा के संग्रामपुर मंडल में श्री राजेश कुमार शुक्ला मंडल अध्यक्ष,श्री चंद्रकेश यादव जिला प्रतिनिधि का अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।इस मौके पर प्रमुख रूप से काशी प्रसाद तिवारी, चन्द्रमौलि सिंह, सुधांशु शुक्ला,गिरीश शुक्ला, केशव सिंह,भागीरथी मौर्य, अशोक मौर्य,अतुल सिंह, प्रभात शुक्ला,मनोज जायसवाल, रणवीर सिंह, मनोज तिवारी, शंकर बक्श सिंह सहित अन्य तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## साल के पहले दिन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक हुई संपन्न

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पुरनपुर जनपद पीलीभीत की एक बैठक 1 जनवरी 2025 के साल के प्रथम दिन नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। जिसमें सभी पदाधिकारी उद्योग व्यापार मंडल के एवं व्यापारी सम्मिलित हुए सभी लोगों ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। साथ ही व्यापारियों एवं व्यापार संगठन को मजबूत करने के लिए जो भी जरूरी कदम उठाए जाने हैं। उन पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, रवि जायसवाल मंत्री,परवेज खान,संजय गुप्ता, रिजवान,नदीम हसन खान, गौरव गुप्ता, वीरेंद्र सिंह ,अनुज खंडेलवाल, सलमान खान,जफर अली सहित दर्जनों उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।

## रंजिशन घर में घुसकर मारपीट में महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव जेठापुर खुर्द के रहने वाले वेद प्रकाश ने बताया कि गांव का रहने वाला युवक दुसरे गांव कुछ दिन पूर्व शराब पीने गया था। उसी गांव में उसका विवाद व मारपीट हो गई थी। इसी को लेकर उक्त युवक व उसके परिजन वेद प्रकाश के परिवार के लोगों से रंजिश मानने लगे थे। सोमवार की शाम को आकाश,सुशील, अनिल, संजीव,अशोक कुमार परिवार की महिलाओं के साथ घर में घुसकर लाठी डंडों से पिटाई कर दी। जिसमें कांति देवी, मंजू देवी,सीता देवी, सरीता देवी,सुनील और वेद प्रकाश घायल हो गए। घायलों ने कोतवाली पहुंच कर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## पूरनपुर में मध्यरात्रि दो बजे से आधार संशोधन को लेकर बैंक खुलने का इंतजार करते लोग वीडियो वायरल

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव सुआबोझ, मोहनपुर जप्ती,गजरौला खास सहित कई गावों के लोग आधार कार्ड संशोधन एवं अपडेट कराने को लेकर डाकघर और बैंकों के चक्कर काट रहे हैं। पिछले कई महीनो से चक्कर काटने के बाद भी आधार कार्ड संशोधन नहीं हो पा रहा है। इसी को लेकर सोमवार मंगलवार की मध्यरात्रि लगभग दो बजे सुआबोझ गांव की रहने वाली महिलाएं बच्चों के आधार कार्ड संशोधन को भी बैंक खुलने का इंतिज़ार कर रहे है। जिसका वीडियो मंगलवार एक बजे सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। कड़ाके की ठंड पड़ने के बाद भी लोग रात्रि में बैंक वाहर बैठकर इंतिज़ार कर रहे है। और आधार कार्ड संशोधन को लेकर उसके बाद संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है।

## गर्ग राइसमिल में कास्टिक टैंक में गिरने से मजदूर झुलसा मामले में पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव सुआबोझ के रहने वाले रामपाल ने वुधवार 1:30 पर पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया। कि उसका पुत्र मुकेश कुमार 30 दिसंबर को गर्ग राइस मिल में पुताई का कार्य कर रहा था। कास्टिक के टैंक की गैंस से वह बेहोश होकर टैंक में गिर गया और थिनर गिरने से टैंक में आग लग गई। टैंक में गिरने से मजदूर झुलस गया जिसे मिल स्वामी ने उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। आरोप है कि मिल स्वामी बिना सुरक्षा के मजदूर से कार्य करा रहा था और अब इलाज के लिए पैसा भी नह ीं दे रहा है। घायल मजदूर मजदूरी कर के अपने बच्चों का पालन पोषण करता है और इलाज कराने के लिए उसके पास पैसा नहीं है। जबकि मिल मालिक ने इलाज कराने और रोज की मजदूरी देने की बात कही थी। पर अब इलाज कराने से भी मना कर दिया मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## जिलाधिकारी ने रैन बसेरा और अलाव का किया स्थलीय निरीक्षण

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार की रात्रि में जनपद भ्रमण के दौरान कस्बा जायस में रैन बसेरे का स्थलीय निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।जिलाधिकारी निशा अनंत ने निरीक्षण के दौरान आगंतुक रजिस्टर, साफ सफाई व्यवस्था, शौचालय, बिस्तर इत्यादि सुविधाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने निरीक्षण के दौरान कस्बा क्षेत्र में अलाव का कभी निरीक्षण किया। कस्बा जायस क्षेत्र के प्रमुख स्थलों पर अलाव जलते हुये पाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने जरूरतमंद व असहाय वर्ग के लोगों को ठंड से बचाव के लिये कम्बल वितरित किया।जिलाधिकारी निशा अनंत ने कहा कि शीतलहर के दृष्टिगत कोई भी व्यक्ति सड़क किनारे या खुले आसमान के नीचे ना सोये रैन बसेरे का आश्रय ले वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## प्रापर्टी डीलर पर जानलेवा हमले के आरोपी दो युवक तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जगदीशपुर पुलिस व स्वाट सर्विलांस टीम ने प्रापर्टी डीलर पर जानलेवा हमले के दो वांछित युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने पकड़े गये युवकों के कब्जे से दो अवैध तमंचा व चार अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव व स्वाट सर्विलांस टीम के प्रभारी अनूप कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर जानलेवा हमले के मामले में वांछित रवि पासी पुत्र शीतला पासी निवासी ग्राम शोहरत सिंह का पुरवा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब तीस वर्ष व मोहम्मद कैफ पुत्र मोहम्मद शरीफ निवासी ग्राम रामलीला मैदान मजरा जलालपुर तिवारी थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब बाइस वर्ष को राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सिंधियांवा प्रतीक्षालय से दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा तलाशी लेने पर रवि पासी के कब्जे से एक अवैध तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस एवं अभियुक्त मोहम्मद कैफ के कब्जे से एक अवैध तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस बारह बोर बरामद हुआ है। इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में युवकों ने बताया कि हम दोनो ने अपने साथियो लखन पंडित उर्फ केशव पंडित, युवराज सिंह, गगन मिश्रा, सर्वेश सिंह, सूरज मिश्रा के साथ मिलकर बाइस दिसम्बर को अनीत सिंह पुत्र तेज बहादुर निवासी ग्राम महमदपुर पर जान से मारने की नियत से गोलियां चलाई थी। उन्होंने बताया कि इन दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया है।

## तीन जनवरी को होगा मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह

सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में आयोजित मोस्ट प्रतिभा सम्मारोह के आयोजक राम उजागिर यादव ने बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी 03 जनवरी को तिकोनिया पार्क में माता सावित्री बाई फूले जयन्ती के अवसर पर आयोजित मोस्ट प्रतिभा सम्मान समारोह में सात विधाओं में पुरस्कृत/सम्मानित होने वालों के चयन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मोस्ट डायरेक्टर शिक्षक श्यामलाल ꠱गुरूजी꠱ ने शीत लहर से बचाव करते हुए मोस्ट समाज से तन–मन–धन से सहयोग और बढ़–चढ़कर कार्यक्रम में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# रक्तदान कर अंकुरण के युवाओं ने किया नववर्ष का स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जब पूरा देश नव वर्ष के स्वागत में मौज-मस्ती और जश्न के रंग में डूबा हुआ था, उसी समय जिले की सामाजिक संस्था अंकुरण फाउंडेशन के युवाओं ने समाज के प्रति अपने कर्तव्य को प्राथमिकता देते हुए रक्तदान कर मानवता की एक अनोखी मिसाल पेश की।

उनका यह कदम न केवल एक जरूरतमंद की जान बचाने का माध्यम बनेगा, बल्कि नव वर्ष का स्वागत करने का एक सार्थक और प्रेरणादायक तरीका भी बना, रक्तदान शिविर का उद्घाटन राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल श्रीवास्तव ने सी.एम.एस डॉ एस के गोयल एवं ब्लड बैंक प्रबंधक डॉ आर के मिश्रा के उपस्तिथि में फीता काट कर किया। डॉ सलिल श्रीवास्तव ने अंकुरण के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक आदर्श कदम बताया। सीएमएस डॉ एस के गोयल ने अंकुरण के सभी रक्तदानियों का पुष्पगुच्छ एवं सर्टिफिकेट देकर उत्साहवर्धन किया। ब्लड बैंक प्रबंधक डॉ आरके मिश्रा ने बताया कि बीते कई वर्षों से अंकुरण द्वारा रक्तदान कैंप आयोजित कर जरूरतमंदो को रक्त उपलब्ध कराया जाता रहा है, ब्लड बैंक में दुर्लभ समूह के रक्त की भी कमी अगर पड़ती है तो अंकुरण के सहयोग से दुर्लभ समूह के रक्तदाताओं तक पहुंच कर जरूरतमंदो को उपलब्ध कराया जाता है। अंकुरण के संगठन सचिव श्री बजरंग विक्रम ꠱संतोष꠱ सिंह ने कहा कि अंकुरण के रक्तदाता असली हीरो है जो अपने कार्यों से समाज को नई दिशा देते है, अंकुरण के सदस्यों ने नए वर्ष पर रक्तदान कर ये साबित किया कि समाजसेवा ही असली उत्सव है।

# पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के तीन आरोपियों को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित तीन बाइक सवार युवकों को एक अवैध तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस के गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर पाक्सो एक्ट में वांछित ऋषभ सिंह पुत्र शैलेन्द्र प्रताप सिंह निवासी ग्राम नंदियावा थाना जामो,अनुज शुक्ला पुत्र विजय कुमार शुक्ला निवासी ग्राम शुकुल का पुरवा मजरे बहोरखा थाना मुसाफिरखाना व

## मुसाफ़िरखाना पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तमंचा और कारतूस किया बरामद

शिवांश मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा निवासी ग्राम कुण्डा नेवादा थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को राष्ट्रीय राजमार्ग गौरीगंज अण्डरपास के पास से समय करीब एक बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा नही सके और दौरान तलाशी में ऋषभ सिंह के कब्जे से एक अवैध तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गई। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया गया है।

# 100 दिवसीय सघन टी.बी उन्मूलन अभियान, आठ सौ रोगी चिंहित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री टी.बी.मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद में चलाये जा रहे 100 दिवसीय सघन टी.बी उन्मूलन अभियान को सफल बनाये जाने हेतु बुधवार को नगर पालिका परिषद भव्य प्रांगण में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि टीबीमुक्त भारत अभियान के तहत अभी तक 600 नए पेशेंट चिन्हित किए जा चुके है, इस समय जनपद में करीब 8 हजार से ज्यादा टी.बी.पेशेंट है। नए टी.बी.पेशेंट को चिन्हाकिंत किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जितने भी टी.बी.पेशेंट है उनके साथ एक निःक्षय मित्र जरूर हो जाये जो उनके इलाज के दौरान उनका साथी



बना रहे। कई बार टी.बी.पेशेंट बीच में दवाई लेना बंद कर देते है जिससे अगली बार उन्हें दवाई का उतना असर नहीं हो पाता है। इसलिये प्रधानमंत्री जी का कहना है कि हर पेशेंट के साथ एक निःक्षय मित्र जरूर हो जो यह देखे की पेशेंट अपनी दवाई रेगुलर रूप से ले रहा है या नहीं और दूसरी बात निःक्षय मित्र को यह देखना है कि टी.बी.पेशेंट को प्रतिमाह पोषण पोटली भी मिलती रहे, जिससे उन्हें अच्छा पोषण प्राप्त होता रहे। जिलाधिकारी ने निःक्षय मित्रों से अनुरोध करते हुए कहा कि टी.बी पेशेंट को 6 माह तक नियमित दवाई के साथ पोषण पोटली जरूर उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि यदि आज हम टी.बी. पेशेंट को चिन्हित कर लेते है तो 31 दिसंबर

## डीएम सत्येंद्र ने बांटे पोषण पोटली

2025 तक हम जनपद सहित पूरे भारत को टी0बी0 मुक्त बना सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में टी0बी0 उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये जिलाधिकारी द्वारा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद नवाबगंज अध्यक्षा श्रीमती शीला सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (प्रशासन) डॉ0 डी. के. श्रीवास्तव, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजीव टण्डन, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ जितेंद्र पाल, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ राजीव सिंह, डीपीएम अम्बरीष द्विवेदी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अभय कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ लव गुप्ता, जिला समन्वयक शिप्रा सिंह व रितेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# माता-पिता की याद में गरीबों को बांटे कंबल, गोप ने सराहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी द्वारा अपने माता पिता की याद मे आयोजित कम्बल वितरण मे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने क्षेत्र के 5 सैकड़ा से अधिक गरीबों को ठंड से बचने के लिए कम्बल का वितरण किया।मसौली चौराहा स्थित पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी के प्रतिष्ठान पर बुधवार को कम्बल वितरण करते हुए पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने कहा कि गरीबो की मदद इबादत से कम नही होती उनके हालातो को समझने वालो पर ईश्वर खुश होता है। ठंड में समाज के गरीब वंचित असहाय बेसहारा लोगो का ख्याल रखना उनके काम आना फर्ज बनता है । श्री गोप ने आयोजक शकील सिद्दीकी के इस पुनीत कार्य की तारीफ करते हुए कहा कि गरीबो की दुआएं लेने वाले हमेशा कामयाब रहते है। पूर्व विधायक रामगोपाल रावत ने कहा कि गरीब एव असहाय की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है । पूर्व विधायक रामगोपाल रावत ने शकील सिद्दीकी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा सुविधा सम्पन लोगो को इसी प्रकार गरीबो की मदद करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब है, जब वह गरीब और असहायों की सेवा करे। सर्दी के इस मौसम में गरीबों को गर्म कपड़े वितरण करना सच्ची मानव सेवा हैं। जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी ने कहा कि मेरे माता पिता जीवन पर्यंत यह शिक्षा देते रहे कि हमेशा जरूरतमंदों की मदद बढ़-चढ़कर करनी चाहिए. आज भले ही वह दुनिया में नहीं है लेकिन उनकी दी हुई सीख को उन्होंने आज भी अपने जीवन में आत्मसात कर रखा है उन्होंने लोगो को करते हुए कहा कि हम लोग सभी परिस्थियों में आपके सुख दुख में साथ है और यथा सम्भव हर मदद करते रहेंगे। कम्बल वितरण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बड़ागाँव, मसौली, भयारा, छुलहा बन्नी, सदरुद्दीनपुर, अमदहा, मेढ़िया, डेडवा, नेवला, करसंडा, हेतमपुर, मुंजापुर, कुड़वा, किन्हौली, फतेहपुरवा, दहेजिया गाँवो के 500 व्यक्तियों को कम्बल दिये गये। ठंड में जरूरत मन्दो को जब कम्बल मिला तो उनके चेहरे खिल उठे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशन रावत के संचालन में नववर्ष की बधाई दी।

इस मौक़े पर सपा नेता धीरेन्द्र वर्मा, महमूद सिद्दीकी, बलराम सिंह, विपिन यादव, पूर्व चैयरमैन जैदपुर रियाज अहमद पूर्व प्रधान राममूर्ति यादव, हफ़ीज राइन, छोटेलाल वर्मा , अजय वर्मा, प्रधान मित्तल कुमार, विजय वर्मा, नूर मोहम्मद, युवा सपा नेता तुफैल सिद्दीकी, रयान सिद्दीकी, कृपा शंकर सोनी नौसाद राइन, शानू प्रधान, सोनू रावत आदि लोग उपस्थित रहे।

## पीडी ने किया निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ग्राम पंचायत बिरौली में लाभार्थियों के द्वारा बनाए जा रहे मुख्यमंत्री आवास का परियोजना निदेशक मनीष कुमार ने खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव के साथ निरीक्षण किया । उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत की और आवास समय से पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आवास की लाभार्थी सीमा पत्नी पुरषोत्तम ने बताया कि अभी तक उनको सिर्फ 45 दिन की मजदूरी मिली है। जिस पर परियोजना निदेशक ने पंचायत सचिव को निर्देश दिए की शेष बचे हुए काम में लाभार्थी को 90 दिनों की मजदूरी दें। सभी आवासों को 15 दिनों में पूरा करवाएं। बिरौली गांव में पांच मुख्यमंत्री आवास में लाभार्थियों का चयन किया गया था । जिनके खाते में पैसा भेजा गया और लाभार्थी अपना मकान बनवा रहे हैं। लेकिन अभी लाभार्थियों के मकान का प्लास्टर नहीं हो पाया है आवास अधूरे हैं। जिसपर परियोजना निदेशक मनीष कुमार ने पंचायत सचिव से पांचों आवासों को 15 दिन में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पंचायत सचिव सतीश कुमार वर्मा, टीए अखिलेश कुमार वर्मा, ग्राम प्रधान अनिल कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# टीबी रोगियों को बीडीओ ने पोषण पोटली की वितरित




कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ / निंदूरा बाराबंकी। टीबी मुक्त भारत अभियान की कड़ी में आज खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता की अगुवाई में ग्राम गोसूपर में टीबी मरीजों को पोटली वितरित की गई इस दौरान उन्होंने सभी से कुशलता पूछी इस दौरान मुख्य रूप से प्रधान रोहिणी देवी , नवीन कुमार सिंह ,समेत टीबी मरीज एवं ग्रामीण मौजूद रहे । टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को पोषण पोटली का वितरण ग्राम पंचायत सचिवो और ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में किया गया।निंदूरा ब्लॉक की ग्राम पंचायतों कुर्सी, बहरौली, मोहसंड, महोलिया, मौजमपुर सहित लगभग हर ग्राम पंचायत में पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर वितरण किया गया।कार्यक्रम में आए हुए टीबी रोगियों को पोषण आहर की पोटली बाटने के साथ ही टीबी बीमारी से बचाव एवं लक्षण की जानकारी दी गई। कहा कि टीबी रोग से बचाव के लिए जागरूकता अत्यंत जरूरी है। सभी लोग समय से दवा अवश्य खाए।

# विपत्ति विभाजी रघुवंश के हंस भैया भरत : अतुल कृष्ण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । श्रीराम कथा में कथा की सातवे और अंतिम दिन कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज ने श्रोताओं से कहा कि भरत व केबट से त्याग व भक्ति की प्रेरण लेनी चाहिए। क्योकि राम और भरत ने संपति का बटवारा नहीं किया बल्कि विपत्ति का बंटवारा किया। भारद्वाज ने राम-भरत मिलन प्रसंग सुनाते हुए प्रभु राम, भरत को रघुवंश का हंस कहा। भरत प्रेमरूपी अमृत के सागर है। भरत चित्रकूट से श्रीराम की चरण पादुका लेकर आये। चरण पादुका को ही सिंहासन पर रखकर भगवान के अयोध्या वापस आने के पूर्व ही रामराज्य ही स्थापना कर डाली। उन्होनें श्रोताओं से कहा कि जब हम अपने जीवन मात्र में अपने प्रति अन्य सबके योगदान के बारे में चिंतन करेगें और भगवान राम पर दृष्टिगत करेंगे तो अनुभव करेंगे कि अपने जीवन में हमारा योगदान शून्य है। हम सभी को अपनी योग्यता बढ़ानी होगी। देश के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने गीता का सार अध्ययन करने के बाद अपनी योग्यता का विस्तार कर अपना पूरा जीवन राष्ट्र की उन्नति हेतु लगा दिया। स्वामी विवेकानंद जी ने अमेरिका में वेदान्त का प्रचार कर अध्यात्म की दिशा में भारत को विश्व का सिरमौर बनाया। जो सच्चा ज्ञानी होता है वही समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। उन्होंने कहा कि कनिष्ठ भी अपने गुणों से श्रेष्ठ हो सकता है। क्योंकि श्रेष्ठता सदैव गुणों पर ही निर्भर करता है। विषम परिस्थितियों में कष्टों को झेलने को देखने का प्रयास करना चाहिए। श्रेष्ठता प्राप्त करने का यह प्रथम सोपान हैं भरत से हमे प्रेरणा लेनी चाहिए कि त्याग व भक्ति ही सदैव श्रेष्ठ होता ।इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश पंकज कुमार सिंह,अपर जिला जज कृष्ण चन्द्र सिंह,प्रदेश सरकार के मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, प्रान्त प्रचारक कौशल जी,सहविभाग प्रचारक अमरजीत सिंह,जिला संघ चालक डा आर एस गुप्ता,जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी,श्री राम कथा के संयोजक संतोष कुमार सिंह,अधिवक्ता परिषद अवध प्रान्त के उपाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय एडवोकेट, अधिवक्ता परिषद जिला अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी,जिला बार एसो के महामंत्री अशोक वर्मा,उपाध्यक्ष राकेश तिवारी,प्रदीप तिवारी,आर पी सिंह राजन सहित भारी संख्या में अधिवक्ता,सभासद आलोक वर्मा ,टिकैत नगर पालिका अध्यक्ष जगदीश गुप्ता,भाजपा के जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य,सहित संगठन के कई पदाधिकारी ,नगर वी जिले के विभिन्न हिस्सों से आए कई हजार श्रद्धालुओं ने अंतिम दिन कथा का रसपान किया। कथा के उपरांत विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जहां देर रात तक प्रसाद वितरित किया गया।

# राम कथा सुनने से मिलता है परमानंद : राकेश वर्मा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकास खंड बंकी क्षेत्र के दरामनगर मे चल रही श्री राम कथा का बुधवार को समापन हुआ। अंतिम दिन भंडारे का आयोजन मे भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा द्वारा प्रसाद वितरण किया गया।

कथा के आयोजक संजीव कुमार वर्मा, अरविन्द, रामसजीवन व राजेश वर्मा की ओर से किया गया। अंतिम दिन कथा सुनने के लिए सैकड़ो भक्त उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि भाजपा नेता राकेश वर्मा कर्रा ने समापन अवसर पर कहा कि हरि अनंत हरि कथा अनंता, कहहि सुनहि बहुविधि सब संता। भगवान राम की लीला कहने और सुनने मे परम आनंद है। इस अवसर पर अरविंद वर्मा (लंबरदार), अजय वर्मा, भाई लाल यादव,सूर्य प्रकाश (मँचू), हिमांशु वर्मा आदि भक्त उपस्थित रहे। भाजपा नेता ने पहुंच कर पूजा अर्चना की और प्रसाद वितरण किया।

## प्रधान और सचिव ने टीवी रोगियों को दी पोषण पोटली

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता एवं पंचायत सचिव के नेतृत्व में पोषण पोटली का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत विरौली, मुस्काबाद व सैदनपुर में परियोजना अधिकारी मनीष कुमार, खण्ड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव ने क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित किया। बुधवार को पीड़ी मनीष कुमार, बीडीओ अदिति श्रीवास्तव ने सबसे पहले बिरौली में ग्राम प्रधान अनिल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में गांव के 3 मरीजों को पोषण किट का वितरण किया । इस मौके पर पंचायत मनीष वर्मा,टीए अखिलेश वर्मा, मौजूद रहे। इसी तरह मुस्काबाद में ग्राम प्रधान चंद्रभान रावत पंचायत सचिव धर्मेंद्र वर्मा ने ग्राम पोषण किट वितरण किया । दुर्जनपुर में प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुलदीप श्रीवास्तव ने ग्राम प्रधान विजय कुमार के साथ पोषण पोटली वितरण किया। सैदनपुर के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान रियाज मसूद पंचायत सचिव कुलदीप वर्मा ने 3 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया। औरैला पंचायत भवन में ग्राम प्रधान मुकाम हुसैन ने 3 मरीजों को पोषण किट वितरण किया ।रामपुर भवानीपुर में ग्राम प्रधान नियाज अंसारी सचिव मनीष शुक्ला ने 15 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया।

# शीत लहर के दृष्टिगत एसडीएम प्रीति ने बांटे गरीबों को कंबल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। गलन भरी बढ रही ठंड को लेकर तहसील प्रसाशन लगातर सक्रिय हैं। कोटवाधाम में उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा राजस्व निरीक्षक अवधेश कुमार लेखपाल प्रदीप कुमार वर्मा आशीष शर्मा आदि राजस्व कर्मियों के साथ निराश्रितों को कम्बल एंव नव वर्ष के उपलप्क्ष में मिष्ठान वितरण किया है। बुधवार को उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा राजस्व टीम के साथ कोटवाधाम मन्दिर के पास 50 निराश्रित लोगों को कम्बल एंव मिष्ठान वितरित किया।इस मौके पर साहेब प्रसाद, दुर्गेश दीक्षित अजय कुमार दीक्षित आदि मौजूद रहे। इस सम्बंध में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने बताया कि शीतलहर को देखते हुए कोटवाधाम में गरीबों में कम्बल का वितरण किया गया। सभी लेखपालों को निर्देशित किया गया है कि क्षेत्र में गरीबों को चिन्हित करके उनको कम्बल दें । जिससे गरीबों को ठंड से निजात मिल सके। वही चिन्हित स्थान पर अलाव भी जलाए। इस कार्य मे लापरवाही बिल्कुल भी न बरतें जिम्मेदारी से कार्य करें।

## जिलाधिकारी ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण, गरीब जरूरतमंद को बांटे कंबल

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शीतलहर से बचाव हेतु जन-सामान्य को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह व राजस्व तथा नगर पालिका टीम के साथ संयुक्त रूप से तहसील नवाबगंज के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर अलाव एवं स्थाई रैन बसेरों का निरीक्षण किया।साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, लेबर अड्डों एवं चिकित्सालय के आस पास भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के मौसम में रात्रि के दौरान विशेषकर बेघर , मजदूर और दूर दराज के इलाकों से आए हुए यात्रियों के लिए अलाव और रैन बसेरे जीवन रक्षक साबित होते हैं। शासन का यह प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण प्रभावित न हो और जरूरतमंदों को तुरंत राहत मिले। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अलाव की स्थिति रैन बसेरे की साफ सफाई और वहां उपलब्ध सुविधाओं को परखा। इसके साथ ही शौचालय, बिस्तर, आगंतुक रजिस्टर इत्यादि सुविधाओं को देखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जरूरतमंद व असहाय वर्ग के लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि ठंड के दृष्टिगत कोई भी व्यक्ति सड़क किनारे या खुले आसमान के नीचे ना सोए, रैन बसेरे का आश्रय लें। वहां पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। रैन बसेरा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर रुके लोगों से बातचीत की तथा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन-सामान्य को शीतलहर से बचाव के हर सम्भव प्रयास किये जा रहे है। पर्याप्त संख्या में स्थाई रैन बसेरों को बनवाया गया है साथ ही शीतलहर से बचाव के लिये अलाव भी जिले भर में जलवाए जा रहे।

## सेवा निवृत्त बनारसी को भावभीनी विदाई

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर कार्यालय पर बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन कर सेवा निवृत्त हुए सफाई कर्मी बनारसी लाल को नगर पंचायत अध्यक्ष रमंता रावत प्रतिनिधि लल्लू रावत, पूर्व चेयरमैन हाकिम अली बादशाह,नगरपंचायत अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी , वरिष्ठ लिपिक श्रीष मिश्रा,व सभासद अखिलेश यादव, राहुल यादव,दिप्तांशू निगम,मो.अतहर,दिलशाद, अभिषेक कुमार उर्फ पिंटू यादव आदि ने पुष्प की माला पहनाकर स्वागत किया तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। तथा नगर पंचायत प्रशासन द्वारा साल,रामायण,व साइकिल देकर सम्मान पूर्वक विदाई की गयी।इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी समेत उपस्थित अन्य संभ्रांत जन व सफाई कर्मचारियों ने सेवा निवृत्त कर्मचारी बनारसी लाल के उज्जवल भविष्य एवं सुखमय जीवन कि कामना कर विदाई दी।इस मौके पर नगर पंचायत के दुर्गेश मिश्रा, विपिन कुमार,विनय कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## भगवान महादेव के दर्शन अर्चन को उमड़ी भीड़

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। आंग्ल नव वर्ष 2025 के मौके पर शिवतीर्थ लोधेश्वर महादेवा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी नए साल पर हजारों भक्तों ने भगवान लोधेश्वर जी का जलाभिषेक पूजन कर महादेव जी को प्रसन्न किया।जिले के अधिकारियों सहित विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने भी सपरिवार व समर्थकों सहित महादेवा में आकर शिवजी का पूजन अर्चन किया।इसी क्रम में लोकप्रिय सपा नेता पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने समर्थको के साथ महादेवा मठ में पहुंचकर विधिवत भक्तिभाव से लोधेश्वर जी का जल व दूध से अभिषेक कर पूजन किया।पूर्व मंत्री द्वारा पूजन दर्शन के बाद सपा कार्यालय पर सदस्यता लेने आए लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गई।इसी दौरान गोप ने कार्यालय पर उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों को नववर्ष की बधाईयां प्रेषित की।वहीं पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने इस खुशनुमा माहौल में अपने नेता का नए साल पर माल्यार्पण कर व बुके भेंट कर स्वागत सम्मान किया।इस मौके पर पूर्व विधायक रामसागर रावत व विधानसभा अध्यक्ष अवधेश यादव सहित रामनरेश यादव अनिल यादव मिर्ज़ा उमर बेग आदि सैकड़ों कार्यकर्ता व क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सहायक कोषाधिकारी सेवा निवृत्त, भावभीनी विदाई

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोषागार के सहायक कोषाधिकारी अजय प्रकाश के सेवानिवृत्ति के अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्री सिंह ने अजय प्रकाश के व्यक्तित्व एवं कार्यशैली की प्रसंशा करते हुए सेवानिवृत्ति की बधाई और शुभकामनाएं अंग वस्त्र पहना कर प्रदान की । अजय प्रकाश ने अपने सहायक कोषाधिकारी के पद के दायित्वों और अनुभवों को साझा करते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान सहकर्मियो द्वारा मोमेन्टो व माल्यार्पण कर अजय प्रकाश को सम्मानित किया गया। महिला कर्मियों ने पुष्पगुच्छ भेट किये । प्रभारी सहायक कोषाधिकारी हेमंत श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# सामाजिक, आर्थिक विकास का स्वर्णीम युग था मनमोहन का कार्यकाल

## वर्ष 25 नामे मनमोहन, अद्वितीय कार्यों का होगा प्रचार प्रसार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। पूर्व सांसद डा. पी.एल. पुनिया ने आज ओबरी में कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशन एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो.मोहसिन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नव वर्ष 2025 दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह को समर्पित कर उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यो से जनसमान्य को अवगत कराने का संकल्प लिया। श्री पुनिया ने पुरजोर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का कार्यकाल देश के सामाजिक और आर्थिक विकास का स्वर्णीम युग था।उनके द्वारा किये गये कार्य आज भी देश के विकास के लिये मील का पत्थर है। पूर्व सांसद डा.पी.एल. पुनिया ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डा0 मनमोहन सिंह का निधन 26 दिसम्बर 2024 को हो गया था इसलिये केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर नव वर्ष 2025 पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 सिंह को समर्पित करते हुये उनके द्वारा हमारे देश के लिये किये गये महत्वपूर्ण कार्यो को याद कर उनसे जनसमान्य को अवगत कराना हम सब का दयित्व है और यही हमारे प्रिय नेता को हम सबकी ओर से एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व सांसद श्री पुनिया ने दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के द्वारा देश हित में किये गये नौ ऐतिहासिक कार्यो पर चर्चा करते हुये कहा कि दिवंगत प्रधानमंत्री श्री सिंह का सबसे प्रमुख कार्य सम्पूर्ण कृषि ऋण माफ करना था जिसके तहत मनमोहन सिंह की सरकार ने 72 हजार करोड का कृषि ऋण माफ करके देश के लाखो - लाख परिवार को राहत दी। पारदर्शिता और जवाब सुनिश्चित करने के लिये सूचना के अधिकार का अधिनियम लाया गया जिसने सरकारी कार्यो में आम जनता के सहभागिता का अधिकार प्रधान किया। भारत-अमेरिका परमाणु समझौता करके देश को उर्जा के संकट के बाहर निकालने में मदद की और भारत की वैश्विक स्थिति को मजबूत किया। फारेस्ट राइट एक्ट के तहत आदिवासियो एवं जंगलो में रहने वाले समुदायो के अधिकार की रक्षा की गयी। डिजिटल भारत की दिशा में आधार योजना की शुरूआत की गयी जिसने सरकारी योजनाओ में पारदर्शिता एवं दक्षता बढाई। देश के हर बच्चे को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा प्राप्त हो इसके लिये शिक्षा का अधिकार प्रदान किया गया। गरीब और जरूरतमन्द परिवार को 2 रूपये किलो गेहूं और 3 रूपये किलो चावल प्राप्त हो जिसके लिये उनका परिवार चल सके। इसके लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम प्रभावी किया गया। किसानो के हित की रक्षा हो सके और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया न्याय संगत हो इसके भूमि अधिग्रहण कानून लाया गया। ग्रामीण क्षेत्रो में ग्रामीणो को रोजगार मिले इसके लिये राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना की शुरूआत की गयी।

पूर्व सांसद डा. पी.एल पुनिया जी ने कहा कि कंग्रेस पार्टी हमेशा विकास की राजनीति करती है और हमारे पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 मनमोहन सिंह जो रिजर्व बैक के गर्वनर, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, भारत सरकार के वित्त मंत्री और 10 सालो तक 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री थे उनके द्वारा किये गये कार्य जो कंग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाते है उन्हे जन-जन तक पहुंचाना हम लोगो का नैतिक दायित्व है। हमारे राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय नेतृत्व ने नव वर्ष सन् 2025 को दिवंगत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को समर्पित किया इस दौरान कंग्रेस पार्टी जन जागरण अभियान चलाकर कंग्रेसजन हर दरवाजे पर पहुंचकर डा0 मनमोहन सिंह जी के कार्यो पर चर्चा करके उनके योगदान से अवगत करायेगे। कंग्रेस अध्यक्ष मो.मोहसिन ने कहा कि उक्त कार्यक्रम जो राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय नेतृत्व द्वारा दिवंगत प्रधानमंत्री डा0 मनमोहन सिंह की याद में दिया गया है ये निश्चित रूप से एक नेतृत्व द्वारा उठाया गया अद्वितीय कदम है इसके तहत हम कंग्रेस की नीतियो एवं दिवंगत प्रधानमंत्री जी के द्वारा किये गये ऐतिहासिक कार्यो को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम हम कंग्रेसजन करेगे। ओबरी में जिला कंग्रेस कमेटी द्वारा अयोजित इस कार्यक्रम मे पूर्व सांसद डा. पी.एल पुनिया, कंग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, अजीत वर्मा, रमाकान्त मौर्या, अजय रावत, आनन्द गौतम, अल्ताफ कुरैशी, होलीराम गौतम, अशोक गौतम, राम विलास, देशराज गौतम, अखिलेश कुमार, विनोद कुमार यादव, मंगल जयसवाल, इकराम अंसारी, श्रीकान्त मिश्रा सहित दर्जनो की संख्या में कंग्रेसजन है।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में सर्वाधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बने बुमराह

एजेंसी

नई दिल्ली । तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में सर्वाधिक रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने मेलबर्न में एक और सफल टेस्ट मैच के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग मेंशीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जिसमें उन्होंने मैच में नौ विकेट लिए थे। सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए आईसीसी पुरुष क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड और आईसीसी पुरुष टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवार्ड के लिए नामित किये गए बुमराह ने रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ते हुए 907 रेटिंग पॉइंट्स हासिल किये हैं। बुमराह अब इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर डेरेक अंडरवुड के साथ सर्वकालिक सूची में संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। इस सूची में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज सिडनी बार्न्स (932) और जॉर्ज लोहमैन (931) शीर्ष पर हैं। जबकि इमरान खान (922) और मुथैया मुरलीधरन (920) तीसरे और चौथे



स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस, 837 रेटिंग पॉइंट के साथ टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। जबकि जोस हेजलवुड 843 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। 2025 का पहला साप्ताहिक अपडेट जिसमें सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच पहले टेस्ट और बुलावायो में जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान के बीच टेस्ट मैच में प्रदर्शन को भी शामिल किया गया है, कमिंस ने 283 अंकों के साथ ऑलराउंडरों की सूची में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ तीसरा स्थान हासिल किया है, जो अगस्त 2019 में हासिल किए गए उनके पांचवें स्थान से बेहतर है। ऑलराउंडरों की सूची में रवींद्र जडेजा 405 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। मेलबर्न टेस्ट में कमिंस की 49 और 41 की पारी ने उन्हें बल्लेबाजों के बीच 10 पायदान ऊपर चढ़कर 97वें स्थान पर पहुंचा दिया है। दक्षिण अफ्रीका के मार्को जेनसन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग हासिल की है। उन्होंने दूसरी पारी में 52 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे उन्हें पहली बार 800 रेटिंग अंक हासिल करने में मदद मिली। वहीं पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने मैच में सात विकेट लेने के बाद 23वें स्थान पर फिर से रैंकिंग में प्रवेश किया है। नसीम शाह (छह स्थान ऊपर 33वें स्थान पर) और डेन पैटरसन (आठ स्थान ऊपर 46वें स्थान पर) सेंचुरियन में अपने प्रदर्शन के रैंकिंग में आगे बढ़े हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के स्कॉट बोलैंड (सात स्थान ऊपर 38वें स्थान पर) और जिम्बाब्वे के ब्रायन बेनेट (48 स्थान ऊपर 94वें स्थान पर) भी गेंदबाजी रैंकिंग में बढ़े हैं। टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पाकिस्तान के बाएं हाथ के बल्लेबाज सऊद शकील दूसरी पारी में 84 रन बनाकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। स्टीव स्मिथ 140 रन बनाकर तीन पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 84 और 82 रन बनाकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 854 रेटिंग अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। सेंचुरियन में 89 और 37 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच बने दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज एडेन मार्कराम आठ पायदान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि भारत के नितीश कुमार रेड्डी आठवें नंबर पर अपने शानदार शतक के बाद 20 पायदान ऊपर 53वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सीन विलियम्स की 154 रनों की पारी ने उन्हें 653 अंकों के साथ 19वें स्थान पर पहुंचा दिया है, जो कि 2014 में ब्रेंडन टेलर के 684 अंकों तक पहुंचने के बाद जिम्बाब्वे के किसी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए सर्वोच्च अंक हैं।

# वेस्ट हैम यूनाइटेड के स्ट्राइकर माइकल एंटोनियो को अस्पताल से मिली छुट्टी

एजेंसी

लंदन, 1 जनवरी (हि.स.)। वेस्ट हैम यूनाइटेड के स्ट्राइकर माइकल एंटोनियो को एक गंभीर कार दुर्घटना के बाद अस्पताल में तीन सप्ताह बिताने के बाद मंगलवार से छुट्टी दे दी गई है। 7 दिसंबर को एपिंग, एसेक्स में हुई दुर्घटना के बाद एंटोनियो के निचले अंग में फ्रैक्चर की सर्जरी की गई थी और उन्हें सेंट्रल लंदन के एक अस्पताल में ले जाया गया था। नेशनल हेल्थ सर्विसेज और एयर एम्बुलेंस यूके की त्वरित प्रतिक्रिया के बाद, कार में फंसे एंटोनियो को वाहन से बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया। ईस्ट लंदन स्थित इस क्लब ने एनएचएस और एयर एम्बुलेंस को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद देने के लिए चैरिटी के माध्यम से 60,000 पाउंड तक जुटाए हैं। क्लब की ओर से मंगलवार को जारी बयान में कहा गया, ''वेस्ट हैम यूनाइटेड ने हाल ही में प्रीमियर लीग में वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स के खिलाफ़ खेले गए मैच में पहने गए कपड़ों की नीलामी के बाद एनएचएस और एयर एम्बुलेंस यूके चैरिटी को लगभग 60,000 पाउंड का दान दिया है। मिशेल एंटोनियो की सड़क दुर्घटना के बाद हुई नीलामी से प्राप्त राशि एनएचएस और एयर एम्बुलेंस यूके चैरिटी के बीच बराबर-बराबर बांटी जाएगी, जो यूके की एयर एम्बुलेंस चैरिटी के जीवन रक्षक कार्यों का समर्थन करने वाली राष्ट्रीय चैरिटी है। एंटोनियो प्रीमियर लीग में वेस्ट हैम के सर्वकालिक शीर्ष स्कोरर हैं, जिन्होंने 268 लीग मैचों में 68 गोल किए हैं। वेस्ट हैम के कप्तान जेरेड बोवेन ने कहा, ''हम सभी एनएचएस और एयर एम्बुलेंस यूके दोनों द्वारा मिशेल को उनके और उनके परिवार के लिए चुनौतीपूर्ण समय के दौरान दी गई देखभाल के लिए आभारी हैं, और वे देश भर के लोगों के लिए हर दिन जो करते रहते हैं, उसके लिए भी आभारी हैं। कठिन समय के दौरान एक साथ रहना ही वेस्ट हैम यूनाइटेड का हिस्सा होना है और टीम की ओर से, मैं दो महान कारणों के लिए अविश्वसनीय राशि जुटाने में हमारी मदद करने के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहता हूँ।''

वेस्ट हैम यूनाइटेड की मुश्किलें और बढ़ गई हैं, एंटोनियो के बाहर होने के बाद, क्लब ने इस खबर के साथ अपने सीज़न को एक बड़ा झटका दिया है कि कप्तान जेरोड बोवेन के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। यह चोट रविवार को लंदन स्टेडियम में लिवरपूल के खिलाफ़ हैमर्स की 0-5 की हार के दौरान लगी थी। वर्तमान में प्रीमियर लीग में 13वें स्थान पर बैठे वेस्ट हैम को अब अपने प्रमुख खिलाड़ियों के बिना जनवरी के चुनौतीपूर्ण मुकाबलों में भाग लेना होगा।

## हैंडबाल की इंटरनेशनल चैंपियनशिप आईएचएफ ट्राफी की मेजबानी करेगा लखनऊ

एजेंसी

लखनऊ । नवाबों का शहर लखनऊ पहली बार हैंडबॉल की प्रतिष्ठित इंटरनेशनल चैंपिनशिप आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर (कांटिनेंटल फ़ेज - एशिया) की मेजबानी करेगा। इस चैंपियनशिप में मेजबान भारत सहित चार देशों की टीमें आकर्षण का केंद्र होगी। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा आयेजित इस चैंपियनशिप के हाईवोल्टेज मुकाबले तीन से सात जनवरी तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के नवनिर्मित अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में खेले जाएंगे। बुधवार को चैंपियनशिप की ट्रॉफियों का अनावरण भी किया गया। इस बारे में आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन की अध्यक्ष अलका दास ने बताया कि इस चैंपियनशिप में जूनियर व यूथ दोनों श्रेणियों में मेजबान भारत सहित चार टीमें विजेता बनने के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा करेंगी। उन्होंने बताया कि आईएचएफ ट्रॉफी पुरुष यूथ व जूनियर (कांटिनेंटल फ़ेज - एशिया) में अंडर-18 यूथ व अंडर-20 जूनियर वर्ग के मुकाबले होंगे। इसमें भारत सहित बांग्लादेश, कजाखिस्तान व उज्बेकिस्तान की टीमें दोनों ही श्रेणियों में भाग लेंगी। पहली बार लखनऊ में हो रही इस चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए आईएचएफ से टेक्निकल डेलीगेट यूएई से सालेह मोहम्मद सईद सहित थाईलैंड, कोरिया, उज्बेकिस्तान व हांगकांग के रेफरी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय (कार्यकारी निदेशक, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया) ने बताया कि चैंपियनयशिप में दोनों ही श्रेणियों में 6-6 लीग मैच के बाद सेमीफाइनल, फाइनल व कांस्य पदक के लिए मैच होंगे यानि कुल 20 मैच खेले जाएंगे।

# मालदीव के खिलाफ दूसरे मैच में और अधिक नए खिलाड़ियों को मौका देंगे भारतीय कोच अलेक्जेंडरसन

एजेंसी

बेंगलुरु। जोकिम एलेक्जेंडरसन ने भारत में अपने कोचिंग करियर की शानदार शुरुआत की, उनकी कोचिंग में भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने बेंगलुरु में फीफा महिला मैत्री मैचों में से पहले मैच में मालदीव को 14-0 से हराया। खास बात यह रही कि आठ खिलाड़ियों ने सीनियर इंडिया में पदार्पण किया, और स्वीडिश खिलाड़ी ने भरोसा दिलाया कि 2 जनवरी को होने वाले दूसरे मैच में और भी खिलाड़ी शामिल होंगे। गुणवत्ता में अंतर पहली सीटी से ही स्पष्ट था। जबकि एलेक्जेंडरसन खुश थे कि अधिकांश चीजें योजना के अनुसार काम करती हैं,

अब वह यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि गुरुवार को उनकी बेंच क्या पेश करती है। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ



(एआईएफएफ) के हवाले से उन्होंने कहा,''मुझे लगता है कि हमने खेल का अच्छा उपयोग किया। हम उनके लिए बहुत बड़े थे। हमने अपने पास मौजूद लाभ का उपयोग किया और गेंद को आगे बढ़ाने, पीछे की जगह का उपयोग करने, वाइड जाने और सेंट्रल लाइन का उपयोग करने के संबंध में सुधार किया। तो हाँ, मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह हमारा अच्छा प्रदर्शन था।'' उन्होंने कहा, ''हम अगले गेम में शुरू से ही अधिक अनुभवहीन लड़कियों को शामिल करने के अवसर का उपयोग करने जा रहे हैं। हम कुछ रोटेशन करने जा रहे हैं। आइए देखें कि वे अगले गेम में क्या पेश कर सकते हैं।'' पदार्पण करने वालों में लिंडा कोम सेर्टो सबसे प्रभावशाली साबित हुईं, उन्होंने चार गोल किए। जो लोग स्ट्राइकर को उसके शुरुआती वर्षों से फॉलो करते आए हैं, वे इसे उसका सामान्य प्रदर्शन ही कहेंगे, भले ही यह उसका सीनियर डेब्यू था। लिंडा ने पहली बार तब सुर्खियाँ बटोरीं, जब उन्होंने 2017 में 12 साल की उम्र में सैफ अंडर-15 चैंपियनशिप में दो गोल किए। वह 2022 में सैफ अंडर-18 चैंपियनशिप में मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर और शीर्ष स्कोरर थीं, और उसी साल बाद में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में भारत की नंबर नौ खिलाड़ी थीं। लिंडा ने साथी सीनियर स्ट्राइकर और ओडिशा एफसी टीम की साथी प्यारी ज़ाक्सा के साथ अच्छी साझेदारी की, जिसमें दोनों ने टीम के आधे गोल किए। एलेक्जेंडरसन ने कहा, ''मुझे लगता है कि लिंडा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। वह सामरिक रूप से भी अच्छी थी, हमने खेल से पहले उसके बारे में बात की थी।

## बैंकिंग प्रणाली में 98 फीसदी से अधिक वापस आए 2000 रुपये मूल्य के नोट : आरबीआई

मुंबई/नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बुधवार को कहा कि 2000 रुपये मूल्?य के 98.12 फीसदी नोट अब तक बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं, जबकि 6,691 करोड़ रुपये मूल्य के दो हजार के नोट अब भी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। दो हजार रुपये के नोटों को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। हालांकि, यह सुविधा अब भी आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। उसके बाद से ही इन नोटों को वापस लेने की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा आम लोग देश के किसी भी डाकघर से डाक के जरिए दो हजार रुपये मूल्?य के नोट आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय को अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए भेज सकते हैं।

# मनु भाकर ने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं, कहा- आइए नए संकल्पों के साथ 2025 का स्वागत करें

एजेंसी

नई दिल्ली। डबल ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने बुधवार को नए साल की शुभकामनाएं दीं। भारत ने पूरे देश में जश्न के साथ 2025 का स्वागत किया और विभिन्न शहरों में लोगों ने इस अवसर को खुशी और उत्साह के साथ मनाया। कई शहरों में पार्टियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, लाइव संगीत प्रदर्शनों और थीम वाली सजावट के साथ नए साल का जश्न शुरू हो गया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर मनु ने कहा, ''2024 के उतार-चढ़ाव, अच्छे और बुरे के लिए चीयर्स! आइए 2025 का स्वागत नए संकल्पों के साथ करें जो हमारे जीवन को बेहतर बनाते हैं।'' पेरिस ओलंपिक का मुख्य आकर्षण निशानेबाज मनु

भाकर का प्रदर्शन था। 22 वर्षीय मनु स्वतंत्रता के बाद के युग में ओलंपिक



के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं। इससे पहले यह गौरव पेरिस 1900 खेलों में नॉर्मन प्रिचर्ड के नाम था। मनु ने महिलाओं की व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल करके ओलंपिक में भारत के लिए पदक तालिका खोली, वह भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला निशानेबाज बन गईं। इसके बाद, सरबजोत सिंह और भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल (मिश्रित टीम) स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जो भारत का पहला शूटिंग टीम पदक था। अपने अंतिम इवेंट में, भाकर ऐतिहासिक ग्रैंड ट्रेबल से चूक गईं और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं। वह ओलंपिक में तीन पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने का अवसर चूक गईं।

## म्योहॉल हॉस्टल बनी प्रेमानंद स्मारक वॉलीबाल प्रतियोगिता की चैम्पियन

प्रयागराज । डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन की ओर से मेजारोड स्थित क्षेत्रीय वॉलीबाल स्टेडियम सोरांव पॉती के मैदान पर अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी प्रो.प्रेमानंद श्रीवास्तव की स्मृति में तीन दिवसीय आमंत्रण वॉलीबाल प्रतियोगिता हुई, जिसमें म्योहॉल हॉस्टल विजेता एवं पुलिस लाइंस क्लब उपविजेता बना।

उक्त प्रतियोगिता में कुल 28 टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कल देर रात्रि दूधिया प्रकाश (फ्लड लाइट) में प्रतियोगिता का सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेला गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स हॉस्टल म्योहॉल प्रयागराज एवं एंबीशन क्लब पुलिस लाइंस प्रयागराज के बीच खेला गया, जिसमें अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स हॉस्टल म्योहॉल ने एंबीशन क्लब पुलिस लाइंस प्रयागराज की टीम को 25-23, 24-26 व 25-23 अंकों से हराकर प्रेमानंद स्मारक आमंत्रण वॉलीबाल प्रतियोगिता की चैम्पियन ट्रॉफी जीत ली।

विजेता टीम की ओर से तुषार चौधरी, विनीत व जैनुल व उपविजेता टीम की ओर से अभिषेक यादव व विवेक शुक्ला का खेल विशेष रूप से सराहनीय रहा। विजेता टीम के तुषार को मैन ऑफ द मैच तथा उपविजेता टीम के विवेक शुक्ला को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से नवाजा गया।

प्रतियोगिता के दौरान फूलचंद गुप्ता, अल्ताफ अली, मुकेश शुक्ला, संतोष भास्कर, असफाक अहमद व रवि वर्मा ने निर्णायक की भूमिका अदा की। समापन एवं पुरस्कार वितरण सोरांव यूथ क्लब के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि समाजसेवी व भाजपा नेता राजू शुक्ला ने विजेता व उपविजेता टीम कप्तान को ट्रॉफी तथा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात राय में मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। आयोजन समिति द्वारा वॉलीबाल के कई पूर्व खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### इरेडा का 2025 विजन: बाजार में नवाचार, खुदरा अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देना और वैश्विक विस्तार : सीएमडी

नई दिल्ली । भारतीय अक्षय ऊर्ज़ा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने बुधवार को अक्षय ऊर्ज़ा के वित्तपोषण के लिए इरेडा की अथक प्रतिबद्धता पर जोर दिया। नए वर्ष 2025 के आगाज पर दास ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभी कर्मचारियों को संबोधित किया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) डॉ. बिजय कुमार मोहंती, मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार साहनी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। प्रदीप कुमार दास ने इरेडा कर्मचारियों को संबोधित करते ग्रीन अमोनिया और पंप स्टोरेज हाइड्रोपावर परियोजनाओं के साथ-साथ सोलर रूफटॉप और पीएम कुसुम के तहत विकेंद्रीकृत उत्पादन परियोजनाओं के लिए बाजार में सबसे पहले समर्थन की पेशकश करके बाजार नवाचारों को आगे बढ़ाने में इरेडा के नेतृत्व पर प्रकाश डाला।

दास ने विस्तार प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए गिफ्ट सिटी में इरेडा की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के अस्थाई पंजीकरण का उल्लेख भी किया, जिसका उद्देश्य विदेशी मुद्रा वित्तपोषण के माध्यम से ग्रीन हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्ज़ा उपकरण विनिर्माण को बढ़ावा देना है। उन्होंने अपने संबोधन में खुदरा सहायक कंपनी स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी के बारे में भी जानकारी साझा की। यह सहायक कंपनी पीएम-सूर्यघर (रूफटॉप सोलर) और पीएम-कुसुम योजनाओं के तहत खुदरा कारोबार को संभालने पर ध्यान केंद्रित करेगी, साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन, ऊर्ज़ा भंडारण, हरित प्रौद्योगिकी और ऊर्ज़ा दक्षता सहित नवीकरणीय ऊर्ज़ा में उभरते बी2सी सेगमेंट पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। प्रदीप कुमार दास ने अस्थाई क्यू3 आंकड़ों के अनुसार इरेडा के शानदार प्रदर्शन को भी रेखांकित किया, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 129 फीसदी बढ़कर 31,087 करोड़ रुपये हो गए हैं। उन?होंने कहा कि संवितरण 41 फीसदी बढ़कर 17,236 करोड़ रुपये हो गए हैं। वहीं, बकाया ऋण पुस्तिका में 36 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो 69,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। संचयी रूप से इरेडा ने 2.39 लाख करोड़ रुपये से अधिक स्वीकृत किए हैं और 1.52 लाख करोड़ रुपये से अधिक वितरित किए हैं।

### एम. नागराजू ने जन शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान करने के दिए निर्देश

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने जन शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, पीएसआईसी के अध्यक्ष, एमडी और ईडी स्तर के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को हर महीने हल की गई शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता की निगरानी के लिए कम से कम 20 मामलों की समीक्षा करनी चाहिए।

डीएफएस सचिव एम. नागराजू ने बुधवार को जन शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए शिकायतकर्ता, पीएसबी, बीमा कंपनियों और नियामकों के साथ बैठक की।उन्होंने समाधान की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) और बीमा कंपनियों की सार्वजनिक शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने सबसे पहले 26 दिसंबर, 2024 को आयोजित प्रगति बैठक में दिए गए प्रधानमंत्री के निर्देश को दोहराया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, पीएसआईसी के अध्यक्ष, एमडी और ईडी स्तर के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को हर महीने हल की गई शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता की निगरानी के लिए कम से कम 20 मामलों की समीक्षा करनी चाहिए।

समीक्षा बैठक के दौरान डीएफएस सचिव ने पाया कि अधिकांश ग्राहक किसी संगठन के विरुद्ध वास्तविक शिकायत के कारण शिकायतें करते हैं तथा उन्होंने इस बात पर बल दिया कि ग्राहक संतुष्टि ही शिकायत निवारण तंत्र का मूल लक्ष्य है।

नागराजू ने इस बात पर भी जोर दिया कि शिकायत निवारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही ग्राहक सेवा की भावना के विरुद्ध है तथा इससे संगठन की प्रतिष्ठा या ब्रांड वैल्यू प्रभावित होती है। उन्होंने निर्देश दिया कि जन शिकायतों का समय पर ईमानदारी एवं सकारात्मक तरीके से समाधान किया जाए। डीएफएस सचिव ने समान प्रकृति की बार-बार आने वाली शिकायतों को कम करने के लिए उपयुक्त तकनीकी या आईटी समाधान तैयार करने पर भी जोर दिया है, जिससे समाधान में लगने वाले समय की बचत होगी और समाधान प्रक्रिया की दक्षता बढ़ेगी।

# साल के पहले दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 3.08 लाख करोड़ का मुनाफा

एजेंसी

नई दिल्ली। वर्ष 2025 के पहले दिन घरेलू शेयर बाजार शुरुआती कारोबार में उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की मिली-जुली शुरुआत हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली का दबाव बनने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी ने लाल निशान में गोता लगा दिया, लेकिन सुबह 10 बजे के बाद खरीदारी शुरू हो जाने के कारण थोड़ी ही देर में दोनों सूचकांकों ने हरे निशान में अपनी जगह बना ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत और निफ्टी 0.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, एनर्जी और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होती रही। इसी तरह पीएसई, ऑयल एंड गैस, टेक, हेल्थ केयर, एफएमसीजी,



कंज्यूमर ड्यूरेबल, आईटी और बैंकिंग इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। रियल्टी और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.50 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.03 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 444.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 441.35 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.08 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,071 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,741 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,241 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 89 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,513 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,876 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 637 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर बढ़त के साथ और 8 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 126.06 अंक की मजबूती के साथ 78,265.07 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के थोड़ी देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सुबह 10 बजे तक ये सूचकांक 240.71 अंक टूट कर 77,898.30 अंक तक गिर गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने बाजार में लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आने लगी। लगातार हो रही खरीदारी के कारण दोपहर 2 बजे के थोड़ी देर बाद ये सूचकांक निचले स्तर से 850 अंक से अधिक उछल कर 617.48 अंक की बढ़त के साथ 78,756.49 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद हुई मुनाफा वसूली के कारण सेंसेक्स ऊपरी स्तर से करीब ढाई सौ अंक गिर कर 368.40 अंक की मजबूती के साथ 78,507.41 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 7.15 अंक की मामूली गिरावट के साथ 23,637.65 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।

# जम्मू देश का पहला उच्च पर्वतीय रेलवे मंडल होगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे का 68 वां रेलवे मंडल जम्मू देश का पहला उच्च पर्वतीय रेलवे मंडल होगा जो पंजाब के पठानकोट से शुरू होकर उत्तरी हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और भविष्य में लद्दाख तक विस्तृत होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्ष 2025 की शुरुआत में जम्मू कश्मीर को एक अलग रेल मंडल का तोहफा देने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री वीडियो लिंक के माध्यम से रविवार को जम्मू रेलवे मंडल का उद्घाटन करेंगे। जबकि जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह जम्मू में उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। रेलवे के सूत्रों के अनुसार जम्मू रेलवे मंडल की शुरुआत पठानकोट से होगी। यह रेलवे मंडल पठानकोट से बारामूला तक 423 किलोमीटर, पठानकोट से भोगपुर तक 87 किलोमीटर, पठानकोट से बटाला 68 किलोमीटर, पठानकोट से जोगिंदरनगर तक 163.72 किलोमीटर तक कुल 741.72 किलोमीटर का होगा। सूत्रों ने बताया कि भविष्य में बनने वाला सामरिक रूप से अति महत्वपूर्ण बिलासपुर-मनाली-लेह रेलमार्ग भी जम्मू मंडल के अंतर्गत आएगा।



उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश का उक्त रेलवे नेटवर्क वर्तमान में उत्तर रेलवे के फिरोज़पुर मंडल के अंतर्गत आता है। फिरोज़पुर रेलवे मंडल को उत्तर भारत के सबसे कमाऊ रेलवे मंडल के रूप में जाना जाता है। सूत्रों का कहना है कि रेलवे मंडल के गठन पर कुल करीब 350 करोड़ रुपए का व्यय आने का अनुमान है। लेकिन इसके बाद राजस्व की दृष्टि से इस क्षेत्र को बहुत लाभ होने की उम्मीद है। माल ढुलाई एवं यात्री परिवहन पर मिलने वाले माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से इस क्षेत्र को सालाना करीब दस हजार करोड़ रुपए मिलेगा जो वर्तमान में फिरोज़पुर चला जाता है। सूत्रों ने बताया कि छह जनवरी को ही रेलवे मंडल के उद्घाटन के दिन ही श्रीमाता वैष्णोंदेवी कटरा से रियासी के बीच रेलवे लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा अंतिम परीक्षण किया जाएगा। रेल संरक्षा आयुक्त की मंजूरी मिलते ही कश्मीर घाटी से शेष भारत का रेल लिंक पूर्ण हो जाएगा और जल्द ही इस पर गाड़ियों का परिचालन शुरू हो जाएगा। रेलवे लिंक के चालू होने के बाद कश्मीर घाटी से माल की आवाजाही भी रेलवे को मिलने लगेगी और घाटी के विकास को गति मिलेगी।

जम्मू कश्मीर में रेलवे के इतिहास पर नज़र डालें तो 1947 से पहले अविभाजित भारत में जम्मू और सियालकोट के बीच सीधी रेल सेवा थी, जो 1890 में शुरू हुई थी, लेकिन 1947 में देश के विभाजन के बाद रेल सेवा बंद हो गई। 1965 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के बाद पंजाब के पठानकोट से जम्मू की ओर रेल सेवा पर काम शुरू हुआ और 1972 में यह शुरू हुई। जम्मू के लिए पहली ट्रेन श्रीनगर एक्सप्रेस के नाम से शुरू हुई, जो अब झेलम एक्सप्रेस के नाम से चलती है और उसके बाद से जम्मू में अन्य ट्रेनें भी आने लगीं। वर्ष 1981 में जम्मू से ऊधमपुर तक रेल परियोजना शुरू की गई थी और इसकी आधारशिला तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 14 अप्रैल 1983 को रखी थी। करीब 22 वर्ष बाद 13 अप्रैल 2005 को तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने ऊधमपुर के लिए रेल सेवा को हरी झंडी दिखाई जो सेना की उत्तरी कमान का मुख्यालय भी है। इसके बाद 11 अक्टूबर 2009 से स्थानीय रेल सेवा के विभिन्न खंड शुरू किए गए और 4 जुलाई 2014 को माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा के लिए भी रेल सेवा शुरू की गई जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। बीते वर्ष फरवरी में कश्मीर घाटी में बानिहाल से संगलदान तक 48 किलोमीटर का खंड शुरू हो गया है। इसके बाद संगलदान से रियासी तक रेलवे लाइन पर रेल संरक्षा आयुक्त की मंजूरी मिल चुकी है। रियासी से श्रीमाता वैष्णोंदेवी कटरा के बीच करीब 17 किलोमीटर की लाइन बन कर तैयार है और इसे शीघ्र ही रेल संरक्षा आयुक्त की मंजूरी मिलने की संभावना है। रेलवे के अधिकारी कटरा से श्रीनगर एवं बारामूला के बीच गाड़ियों के परिचालन के लिए योजना भी तैयार कर रहे हैं।

# विजय चौधरी का बयान सरकार के अड़ियल रवैए को जाहिर करता है : कुणाल

एजेंसी

पटना। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा माले) के राज्य सचिव कुणाल ने बिहार के जल संसाधान मंत्री विजय कुमार चौधरी के उस बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया, जिसमें उन्होंने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) पीटी परीक्षा को सभी केंद्रों पर पुनः आयोजित करने की मांग खारिज कर दी है। श्री कुणाल ने बुधवार को कहा कि श्री चौधरी का यह बयान बीपीएससी के अड़ियल रुख का समर्थन करता है और यह स्पष्ट करता है कि राज्य सरकार लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने कहा कि बीपीएससी परीक्षा में समान अवसर सुनिश्चित करने की मांग को लेकर आंदोलनरत अभ्यर्थियों की मांग पूरी तरह जायज है। उन्होंने सरकार पर बर्बरता की सारी हदें पार कर देने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए. उनका रवैया सरकार के घोर अहंकार को दर्शाता है। भाकपा माले के राज्य सचिव ने कहा कि श्री कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रास्ते पर चलते हुए न्यायपूर्ण मांगों को कुचलने के लिए क्रूर दमन का सहारा लिया है। श्री कुमार शायद यह भूल रहे हैं कि वे खुद 1974 के छात्र आंदोलन की उपज हैं। बिहार की जनता ने हमेशा तानाशाही के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और इस बार भी ऐसा ही होगा। उन्होंने राजभवन मार्च के दौरान वाम दलों और कांग्रेस के सांसदों, विधायकों और विधान पार्षदों के साथ पुलिस के अपमानजनक रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक आंदोलनों को दबाने का प्रयास सरकार की तानाशाही सोच को दर्शाता है। श्री कुणाल ने कहा कि यदि सरकार सकारात्मक कदम नहीं उठाती है, तो तानाशाही और सत्ता के क्रूर दमन के खिलाफ नए साल में न्याय और लोकतंत्र की लड़ाई को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ भाकपा माले अन्य संगठनों के साथ आंदोलन को और बड़े स्तर पर ले जाएगी।

# विविधतापूर्ण आरोपों से अलंकृत हुई आम आदमी पार्टी : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी पर आज आरोप लगाया कि देश की राजनीति में बदलाव का सपना दिखा कर सत्ता में आयी इस पार्टी पर बीते साल भ्रष्टाचार एवं अपराध के जितने विविधतापूर्ण आरोप लगे हैं वैसे आरोप किसी अन्य पार्टी पर नहीं लगे। भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा, ल्लवर्ष 2024 का वर्ष गुजर चुका है और ये भारत की राजनीति और विश्व में एक अद्भुत, विस्मयकारी, सुखद और विचित्र अनेक प्रकार की स्मृतियां छोड़ गया है। उन्होंने कहा कि 2024 में जहां एक तरफ 500 वर्षों के बाद प्रभु श्रीराम मंदिर का उद्घाटन हुआ। 60 वर्ष के बाद देश में लगातार तीसरी बार किसी प्रधानमंत्री को सरकार बनाने का मौका मिला। संविधान के 75 वर्ष पूर्ण हुए। दूसरी तरफ, एक विचित्र संवैधानिक उदाहरण भी 2024 में देश ने देखा। जब जेल से रहकर किसी मुख्यमंत्री ने सरकार को चलाया। डॉ. त्रिवेदी ने कहा, ल्लकेजरीवाल जी पर आरोप लगा और उन्हें जेल जाना पड़ा। हालांकि केजरीवाल जी जेल जाने वाले पहले मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसके पहले भी हेमंत सोरेन जी, मधुकोड़ा जी, लालू प्रसाद यादव जी, जयललिता जी, करूणानिधि जी... ये सब भी पद पर रहते हुए जेल गए। परंतु लालू प्रसाद यादव जी ने इतनी मर्यादा रखी थी कि उन्होंने पद छोड़ दिया था। लेकिन 2024 एक ऐसा विस्मयकारी और विचित्र उदाहरण देश को देखने को मिला कि जिन्होंने (केजरीवाल ने) जेल जाने के बाद भी मुख्यमंत्री का पद नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इस विचार के साथ राजनीति में आई थी कि वह नई राजनीति ला रहे हैं। उस समय की राजनीति में सभी राजनीतिक दलों के बीच सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता का संकट था। आम जनता के बीच यह धारणा बन गई थी कि राजनेता जो कहते हैं, उसका पालन नहीं करते। पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने इस धारणा को बदला और राजनीति में विश्वसनीयता स्थापित की। दूसरी ओर, आप इसके विपरीत चरमपंथ का प्रतिनिधित्व करती है, जहां वे हमेशा अपने वादों को पूरा करने में विफल रहते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ये हैरानी की बात है कि इतने विविधतापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप, इतने कम कालखंड में किसी राजनीतिक पार्टी पर नहीं लगे होंगे।

# झारखंड में खरसाँवा गोली कांड के शहीदों को नमन : अर्जुन मुंडा

रांची। आजाद भारत के सबसे भीष्म गोलीकांड,खरसावां गोली कांड के शहीदों को पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,पूर्व विधायक शमंगल सिंह सोय,बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता जे . बी तुबिद,पूर्व प्रत्याशी मीरा मुंडा,जिला अध्यक्ष भाजपा सरायकेला उदय सिंहदेव, विजय महतो पूर्व जिला अध्यक्ष एवं सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद बेदी पर पहुँच कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

श्री मुंडा ने कहा कि आज ही के दिन 1 जनवरी 1948 को आजाद भारत में पहली गोली कांड की घटना इस स्थान पर घटित हुई थी और अनगिनत लोग मारे गए थे।उन्होंने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि यहां वर्षों से 1 जनवरी को श्रद्धांजलि अर्पित करने की परंपरा और स्थान की गरिमा को बनाए रखने के लिए हम सब ने प्रयास किया है। देश में कांग्रेस कालीन सरकार ने गोली चलवाई।

# भाजपा के विरोध के बावजूद पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना लागू होगी: आप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) चाहे जितना विरोध कर ले, लेकिन दिल्ली में 'आप' की सरकार बनने के बाद श्री अरविंद केजरीवाल पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना को लागू करके रहेंगे।

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि जब से पुजारियों और ग्रंथियों के लिए 18,000 रुपए प्रति माह की सम्मान राशि देने की घोषणा की है, तब से पूरी भाजपा अरविंद केजरीवाल को गाली देने में जुट गई है। टीवी चैनलों पर भाजपा के प्रवक्ता चीख-चीखकर कह रहे हैं कि मौलाना को तनख्वाह क्यों नहीं दे रहे? भाजपा के लोग कह रहे हैं कि पुजारी-ग्रंथी की योजना कहां से लेकर आए? पैसा कहां से आएगा? भाजपा ने हरियाणा चुनाव के समय अपने घोषणापत्र में कहा था कि मस्जिद के इमामों की तनख्वाह बढ़ाएंगे। हरियाणा में इमाम और मौलाना की सैलरी करीब 50 फीसद बढ़ाई गई। वहां इमामों को हर महीने लगभग 16 हजार रुपए मिलते हैं। वहीं दिल्ली में अरविंद केजरीवाल पुजारियों और ग्रंथियों को 18,000 रुपए देना चाहते हैं तो भाजपा इसके खिलाफ खड़ी हो गई है।

श्री सिंह ने आगे कहा कि भाजपा इतनी नफरत से क्यों भरी हुई है? इन्हें पुजारियों और ग्रंथियों से इतनी नफरत क्यों है? भाजपा ने हरियाणा में इमामों को 16 हजार रुपए दिए, वहीं अगर दिल्ली में अरविंद केजरीवाल पुजारियों और ग्रंथियों को 18,000 रुपए दे रहे हैं तो इन्हें क्या तकलीफ है? पूरा देश भाजपा के चरित्र को देख रहा है। पूरा देश नफरत की राजनीति में डूबी भाजपा और उसके नेताओं को देख रहा है। आप नेता ने साफ करते हुए कहा कि भाजपा के लोग चाहें जितना विरोध कर लें, दिल्ली में मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपए प्रतिमाह देने की गारंटी को अरविंद केजरीवाल सौ फीसद लागू करेंगे। भाजपा की 22 राज्यों में सरकार है, लेकिन ये किसी एक राज्य में पुजारी को तनख्वाह नहीं देते। अगर केजरीवाल का मुकाबला करना है तो भाजपा अपने 22 राज्यों में पुजारियों के लिए 18,000 रुपए की सम्मान राशि घोषित करे।

# नया साल किसानों को समर्पित : शिवराज सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि नये साल को सरकार ने किसानों को समर्पित किया है।

बुधवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज कैबिनेट ने किसानों के हित में 3 बड़े फैसले लिये हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने की मंजूरी दी है, जिसका कुल बजट 69,515.71 करोड़ रुपये है। इस निर्णय का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं के खिलाफ किसानों को जोखिम कवरेज प्रदान करना है। मंत्रिमंडल ने बीमा योजना में प्रौद्योगिकी सुधार के लिए 824.77 करोड़ रुपये आवंटित करने के साथ, नवाचार और प्रौद्योगिकी कोष की स्थापना को मंजूरी दी है। प्रमुख पहलों में प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए उपज अनुमान प्रणाली शामिल है, जो फसल उपज अनुमानों के लिए रिमोट सेंसिंग का उपयोग करती है। स्वचालित मौसम स्टेशनों के माध्यम से मौसम डेटा को बढ़ाने के लिए मौसम सूचना और नेटवर्क डेटा सिस्टम राज्य सरकारों की सहायता के लिए 2024-25 में शुरू होगा। उन्होंने दूसरे फैसले के बारे में बताते हुए कहा कि कैबिनेट ने डाई-अमोनियम फॉस्फ़ेट (डीएपी) पर एकमुश्त विशेष पैकेज को 31 दिसंबर, 2025 तक बढ़ाने को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि डीएपी किसानों के लिए किफायती बना रहे। पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) नीति के तहत, उर्वरक कंपनियां निश्चित सब्सिडी के आधार पर कीमतें तय करती हैं।

# 74 वर्षीय वकील रवींद्र घोष अस्पताल में भर्ती, शिष्य करेंगे बांग्लादेशी संत चिन्मय दास का प्रतिनिधित्व

एजेंसी

कोलकाता। बांग्लादेश के हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास के वकील रवींद्र घोष कोलकाता के अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी अनुपस्थिति में उनके दो जूनियर वकील और 18 अन्य कानूनी प्रतिनिधि गुरुवार को बांग्लादेशी अदालत में दास का प्रतिनिधित्व करेंगे।



74 वर्षीय घोष को मंगलवार रात अचानक सीने में दर्द की शिकायत के बाद कोलकाता के सरकारी सेट सुखलाल कर्णानी मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वे इन दिनों बेटे राहुल के बैरकपुर स्थित घर पर थे, जहां वे पत्नी के साथ पिछले महीने से इलाज के लिए रुके हुए थे। घोष के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। हालांकि, अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद घोष अपने जूनियर वकीलों के साथ निरंतर संपर्क में हैं और मामले को मजबूती से लड़ने की प्रतिबद्धता जताई है। घोष ने कहा कि मेरे जूनियर वकील और अन्य 18 कानूनी प्रतिनिधि कल अदालत में चिन्मय दास का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे उनके संपर्क में हैं और मामले को अंत तक लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनका कहना है कि जैसे ही स्वस्थ होंगे, वे बांग्लादेश लौट जाएंगे।

संत चिन्मय दास का मामलाबांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जागरण जोट के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास को पिछले साल नवंबर में ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। वे चटगांव में एक रैली में भाग लेने जा रहे थे। उनपर झूठे आरोपों के तहत मुकदमा चलाने का दावा किया जा रहा है। अदालत ने दास को जमानत देने से इनकार कर दिया और 2 जनवरी तक जेल भेज दिया। घोष का कहना है कि दास को हिंदू समुदाय को संगठित करने के प्रयासों के कारण निशाना बनाया गया है।

गुरुवार को चिटगांव उच्च न्यायालय में एक अहम सुनवाई होनी है, जहां दास की रिमांड अवधि समाप्त हो रही है। घोष ने कहा कि वे मामले की गंभीरता को समझते हैं और संत के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। घोष ने खुलासा किया कि इस मामले को संभालने के बाद से वे लगातार दबाव में हैं। बावजूद इसके, उन्होंने पिछले हफ्ते कहा था कि वे हर परिस्थिति में संत के लिए न्याय दिलाने की कोशिश करेंगे।

# प्रख्यात कार्टूनिस्ट हरीश चंद्र शुक्ला 'काक' नहीं रहे

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के ख्यातिलब्ध कार्टूनिस्ट हरीश चंद्र शुक्ला 'काक' नहीं रहे। 16 मार्च 1940 को उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के पुरा गांव में जन्मे काक ने बुधवार सुबह गाजियाबाद में अंतिम सांस ली। उनके परिवार ने इसकी पुष्टि की है। शोकाकुल उनके पुत्र सुभव शुक्ला ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर गाजियाबाद में हिंडन नदी के तट पर बने श्मशान घाट पर कर दिया गया। वो अपने परिवार के साथ वैशाली में रहते थे।

काक देश के उन दुर्लभ कार्टूनिस्ट्स में से एक हैं, जिन्होंने हिंदी भाषा के प्रमुख समाचार पत्रों जनसत्ता, नवभारत टाइम्स, दैनिक जागरण और राजस्थान पत्रिका आदि से जुड़कर कार्टून जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने व्यंग्य की अनोखी शैली ईजाद की। काक ने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और जटिल राजनीतिक विषयों को सरलता से आम आदमी से जोड़कर अपने कार्टून में प्रस्तुत किये। कार्टूनिस्ट क्लब ऑफ इंडिया के संस्थापक अध्यक्ष काक के लिए उनके कार्टूनों का स्वर्णिम काल 1983 से 1990 के बीच रहा। इस दौर में अधिकतर पाठक अखबार पढ़ने से पहले उनके कार्टून देखते थे और फिर खबर पढ़ते थे। सुभव ने अपने पिता के फ़ेसबुक अकाउंट पर लिखा, ''भारी मन से मैं अपने पिता प्रख्यात कार्टूनिस्ट काक (हरीश चंद्र शुक्ला) के निधन की सूचना दे रहा हूं। वह 01 जनवरी. 2025 की सुबह हमें छोड़कर चले गए। उन्हें सुबह पांच बजे अचानक कार्डियक अरेस्ट हुआ। उन्हें तत्काल मैक्स हॉस्पिटल वैशाली ले जाया गया। वहां उन्होंने आखिरी सांस ली। उनका निधन हमारे जीवन में एक गहरा खालीपन छोड़ गया है। शांति। काक मूलतः मैकेनिकल इंजीनियर और उनके पिता शोभानाथ शुक्ला प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी थे। कार्टूनिस्ट काक को कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया।

# पेज एक का शेष

## चार बहनों, मां...

आदित्यनाथ से इस वीडियो में अपील की है जिसमें उसने कहा है, जब पुलिस को यह वीडियो मिलता है, मेरी लखनऊ पुलिस और योगी जी से गुजारिश है कि वे ऐसे मुस्लिमों को ना छोड़ें। आप जो काम कर रहे हैं वह तारीफ के काबिल है क्योंकि ये मुस्लिम जमीन हड़पने और हर किसी को दबाने में लगे हुए हैं। वे नकली नोटों का चलाने सहित गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त हैं। उसने जोर देकर कहा कि उसके परिवार ने उनके खिलाफ कार्रवाई करने की पूरी कोशिश की, लेकिन नाकाम रहे। अरशद ने रानू उर्फ आफताब, अहमद, अलीम खान, सलीम ड्राइवर, अहमद रानू, आरिफ और अजहर को इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया। उसका आरोप है कि ये लोग एक बड़ा भूमाफिया गिरोह चलाते हैं और लड़कियों सहित मानव तस्करी में लिप्त हैं। अरशद ने जुर्म स्वीकारते हुए कहा, इन लोगों की योजना हमें झूठे मामले में फंसाने और हमें जेल भेजने की थी और हमारी बहनों को हैदराबाद के एक व्यक्ति को बेचने की थी जो लड़कियां उपलब्ध कराता है। यह सब हम बर्दाश्त नहीं कर सकते थे जिसकी वजह से हमें यह कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा। उसने एक पलंग पर पड़े बहनों के शवों का वीडियो क्लिप इस वीडियो में दिखाया। बाद में अरशद ने दावा किया कि उसने पुलिस और विभिन्न राजनीतिक समूहों से मदद मांगी थी, लेकिन कोई भी उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया। उसने कहा कि उसका परिवार मूल रूप से बदायूं से है और उनके पास 1947 के समय का दस्तावेज है जो उन्हें उनकी चाची के जरिए मिला। इसके बावजूद, उन्हें झूठा फंसाया जा रहा था और बांग्लादेशी मूल का बताया जा रहा था। अरशद ने कहा, हमारे पूरे परिवार का प्रमाण हमारी चाची के पास है। मैं एक चीज़ कहना चाहूंगा कि भारत में किसी परिवार के सामने फिर से ऐसी स्थिति नहीं आनी चाहिए। मोदी जी और योगी जी, मैं हाथ जोड़कर आपसे यह समझने का अनुरोध करता हूं कि हर मुस्लिम एक जैसा नहीं है। उसने कहा, यदि जीते जी हमें न्याय नहीं मिलता तो हमारे मरने के बाद दोषियो को कड़ी सजा दी जानी चाहिए। उन लोगों ने पहले ही आधी संपत्ति ले ली है और बाकी लेने की कोशिश कर रहे हैं। अरशद ने कहा, लेकिन मैं यह जरूर कहूंगा कि अगर आप सच्चे हिंदू और ठाकुर हैं तो यह बात जानें कि हम हिंदू धर्म अपनाना चाहते थे। उस मकान पर केवल मंदिर बनना चाहिए। उसने यह भी साफ किया कि जिस गेस्ट हाउस में उसका परिवार ठहरा था, वहां के लोग इस घटना में शामिल नहीं थे। यह अभी तक साफ नहीं है कि यह परिवार आगरा से कब लखनऊ पहुंचा और इसके पीछे क्या कारण था।

डीएपी की बोरी ...

कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, भारत सरकार ने डाई-अमोनियम फॉस्फ़ेट (डीएपी) उर्वरक की कीमत को अपरिवर्तित रखते हुए किसानों को बड़ी राहत दी है। भू-राजनीतिक बाधाओं और वैश्विक बाजार स्थितियों की अस्थिरता के बावजूद सरकार ने खरीफ और रबी 2024-25 के लिए किसानों को किफायती मूल्य पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करके किसान हितैषी दृष्टिकोण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखी है।

## रक्षा मंत्रालय ने...

तत्परता सुनिश्चित करना और वैश्विक मंच पर नवाचार और नेतृत्व को बढ़ावा देना है। तीनों सेनाएं अंतर-सेवा सहयोग और प्रशिक्षण के माध्यम से परिचालन आवश्यकताओं और संयुक्त परिचालन क्षमताओं की साझा समझ विकसित करें। अधिग्रहण प्रक्रियाओं को सरल और समय-संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है, ताकि तेज और मजबूत क्षमता विकास को सुगम बनाया जा सके। इसके अलावा रक्षा क्षेत्र और नागरिक उद्योगों के बीच प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और ज्ञान साझाकरण को सुगम बनाने और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। बैठक में फैसला लिया गया कि भारत को रक्षा उत्पादों के विश्वसनीय निर्यातक के रूप में स्थापित करने, भारतीय उद्योगों और विदेशी मूल उपकरण निर्माताओं के बीच अनुसंधान एवं विकास और साझेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा स्वदेशी क्षमताओं के माध्यम से वैश्विक मानकों को प्राप्त करने में आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के साथ ही देश की परिस्थितियों के अनुकूल आधुनिक सेनाओं से सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने पर जोर दिया गया। इस वर्ष प्रमुख पहलों में सुव्यवस्थित संचालन के लिए एकीकृत थिएटर कमांड की स्थापना, एआई और रोबोटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाना, स्वदेशी रक्षा उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देना और वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना शामिल है।

## मनमोहन सिंह के...

कहे जाने वाले पूर्व वित्त मंत्री और दो बार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर को निधन हो गया था। वह 92 साल के थे। सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर किए जाने को लेकर कांग्रेस ने सरकार की आलोचना की थी। अंतिम संस्कार और स्मारक बनाने को लेकर भाजपा तथा कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी चला।

## पल्लवी ने प्राविधिक शिक्षा...

डीपीसी के माध्यम से दिए गए शासनादेश को तत्काल निरस्त किया जाए। पल्लवी पटेल ने विधानसभा के बीते सत्र के दौरान भी इस मुद्दे को सदन में उठाने की कोशिश की थी लेकिन विधानसभा अध्यक्ष द्वारा मुद्दा उठाने की अनुमति न दिए जाने पर उन्होंने सदन के बाहर चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के करीब देर रात तक धरना दिया था।

## बार-बार चालान होने...

पर ही इनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। एक्सप्रेस वे पर अक्सर ज्यादा भार लादे वाहन खड़े रहते हैं। यह दुर्घटना का कारण बनते हैं। इन वाहनों को क्रेन से हटवाया जाए। हेलमेट, सीट बेल्ट और सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएं। जागरुकता से जुड़ी होर्डिंग सभी जिलों की 350 तहसीलों, 1500 थानों व सभी नगर निकायों के बाहर भी लगाई जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्कूलों में रोड सेफ्टी क्लब की तरह हर जिले में रोड सेफ्टी पार्क बनाए जाएं। बसों की फिटनेस का भी ध्यान रखा जाए। हर निकायों में वेंडिंग जोन बनाकर रेहड़ी-पटरी वालों को स्थापित किया जाए। सड़कों पर कहीं भी अवैध स्टैंड न लगें। इनके लिए स्थान तय किया जाए। मुख्यमंत्री ने इस पर सख्ती से निर्देश दिए कि अवैध बसों का संचालन किसी सूरत में न होने दिया जाए। ये बसें ही दुर्घटना का बड़ा कारण बनती हैं। बिना अनुबंधित बसों का पंजीकरण कर उनका रूट तय कर दिया जाए। बैठक में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, नगर विकास मंत्री एके शर्मा, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के अलावा परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह, एमडी मासूम अली सरवर समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# नीतीश ने अपनी माताश्री परमेश्वरी देवी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी माताश्री परमेश्वरी देवी को आज उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री कुमार ने बुधवार को अपनी माताश्री की पुण्यतिथि के अवसर पर अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा, हरनौत स्थित कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका जाकर स्व. परमेश्वरी देवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने पिता कविराज स्व. रामलखन सिंह एवं अपनी धर्मपत्नी स्व. मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के बड़े भाई सतीश कुमार, पुत्र निशान्त कुमार एवं निकट परिजनों ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने भी स्व. परमेश्वरी देवी की



पुण्यतिथि के अवसर पर कल्याण बिगहा, हरनौत स्थित कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका में प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक डॉ0 जितेन्द्र कुमार एवं कौशल किशोर, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, एवं ललन सर्राफ, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. उदयकांत, पूर्व विधायक ई. सुनील, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, पूर्व विधान पार्षद रणवीर नंदन, बिहार राज्य शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अफजल अब्बास, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मो. इरशादुल्ला, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, जिलाधिकारी पटना चन्द्रशेखर सिंह, नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, वरीय पुलिस अधीक्षक पटना अवकाश कुमार, पुलिस अधीक्षक नालंदा भारत सोनी, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता, गणमान्य व्यक्ति, शुभचिन्तक एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा के भगवती मंदिर (देवी स्थान) में पूजा अर्चना की और राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कल्याण बिगहा एवं आसपास के लोग मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर अत्यधिक प्रफुल्लित थे। उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्यायें सुनी और उसके समाधान के लिये अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

# नए साल में मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब, मां खड्गेश्वरी काली मंदिर में शंखनाद से हुआ नववर्ष की शुरुआत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फारबिसगंज/अररिया। भीषण ठंड के बीच बुधवार को नव वर्ष का आगाज लोगों ने मंदिरों में पूजा अर्चना करके किया। वही, अररिया जिला के विभिन्न मंदिरों में उमड़ा लोगों का जन इस कदर उमड़ा आस्था सैलाब कि मंदिरों में दर्शनों के लिए श्रद्धालु घंटों तक कतार में लगे रहे। अररिया और फारबिसगंज के विभिन्न मंदिरों में जहां सुबह से श्रद्धालुओं का दर्शन करने के लिए तांता लगा है, वहीं दूसरी ओर कई जगह भंडारों का आयोजन हुआ। नव वर्ष का आगाज लोग धार्मिक स्थानों पर पहुंचकर भगवान के शरण से आशीर्वाद लेकर कर रहे है। फारबिसगंज के बड़ा शिवालय मंदिर, सुंदरनाथ धाम, हनुमान मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर का में भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा पड़ा है। वही, अररिया जिला मुख्यालय में स्थित में मां खड्गेश्वरी काली मंदिर है. जो लगभग 200 साल से भी ज्यादा पुराना है और भक्तों की मुराद पूरी करने के लिए विख्यात है. इसलिए हर रोज यहां सैकड़ों की संख्या में भक्त मां के चरणों में माथा टेकने आते हैं और मां भी उन्हें सर्वमंगल होने का आशीर्वाद देती हैं इसलिए आज विशेष दिन नव वर्ष के मौके पर तो यहाँ माँ खड़गेश्वरी काली के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए पड़ोसी देश नेपाल और दूसरे जिले से भी लोगों के आने का तांता लगा हुआ है और नजारा देखते ही बन रहा था। यहां पर श्रद्धालुओं ने दर्शन करने के लिए कतारें लगी थीं जो काफी लंबी थीं। लंबे इंतजार के बाद लोगों का दर्शन के लिए नंबर आ रहा था। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में इसी तरह की भीड़ देखी गई। पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भरा पड़ा हुआ है। नव वर्ष के मौके पर मां खड्गेश्वरी काली मंदिर के मुख्य पुजारी व साधक नानू बाबा से भी श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद वही, नानू बाबा ने बताया की हमने माँ काली से सभी भक्तों के लिए प्रार्थना किया की नया साल सभी को ढ़ेर सारी खुशियां दे, माँ काली सबों की मनोकामनाएँ पूरी करें जीवन में सुख-शांति और समृद्धि हो. वही, नव वर्ष में मंदिरों में भरी को देखते हुए जिला प्रशासन के तरह से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

# पूर्व रक्षा राज्य मंत्री डूमर लाल बैठा को सौवीं जयंती पर समारोहपूर्वक दी गई श्रद्धांजलि



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। भारत सरकार के पूर्व रक्षा राज्य मंत्री डूमर लाल बैठा की सौवीं जयंती बुधवार को बंगाली टोला स्थित उनके आवासीय परिसर में समारोहपूर्वक मनाई गई।जयंती पर पूर्व केंद्रीय मंत्री के परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में कंाग्रेसी नेता सहित गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर वक्ताओं ने उनके सामाजिक और राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री डूमर लाल बैठा ने 1952 में पहली बार इस क्षेत्र से विधायक का चुनाव जीतकर मंत्री बने थे और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया। छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय होकर स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने की बात कही।कहा कि डूमर लाल बैठा 1979से लेकर 1989 तक लगातार दो बार अररिया लोकसभा का प्रतिनिधिव करते हुए कई अहम पदों पर रहे।जहां तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के मंत्रिमंडल में उन्हें खाद्य आपूर्ति और रक्षा राज्यमंत्री के रूप में शामिल किया। उनका जन्म एक जनवरी 1924 को हुआ था। मौके पर शाद अहमद, अम्बरीश राहुल,नगर अध्यक्ष अमितेश कुमार गुड्डू, यूथ कंाग्रेस के प्रदेश महासचिव करण कुमार पप्पू , एनएसयूआई जिलाध्यक्ष इरशाद सिद्दीकी, मुमताज शेख, दिलीप पासवान, सुनील कुमार, मनोज शाह, कंचन विश्वास, अरुण निराला, विनय कुमार रजक, हरिनारायण रजक, मासूम अंसारी, मो. ताहा,श्री ठाकुर, गुलाबचंद ऋषिदेव, डॉ नवी हसन सहित कई लोग मौजूद थे। वहीं परिजनों में दामाद उपेन्द्र प्रसाद रजक, पुत्री पूनम देवी, रोहित राज, सतीश कुमार, अमित कुमार, मनीष कुमार, प्रिंस राज, प्रियांशी कुमारी, पीहू कुमारी, प्रीति देवी, रेशमी कुमारी, पूजा कुमारी, शिल्पी कुमारी आदि मौजूद थे।

# उत्तराखंड में न्यू इयर डेस्टिनेशन! बर्फबारी, पार्टी और पर्यटन का अनोखा संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड ने 2025 का स्वागत अपने अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विविधता और उत्साहपूर्ण कार्यक्रमों के साथ किया। राज्य के विभिन्न हिस्सों में पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने अपने-अपने अंदाज में नववर्ष का स्वागत किया। खासकर देहरादून और मसूरी में शानदार पार्टियों, बर्फबारी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अनोखा संगम देखने को मिला। नववर्ष का यह जश्न उत्तराखंड में न केवल पर्यटकों के लिए यादगार रहा, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सुंदरता को भी प्रदर्शित करता है। नई रौनक और होटल पार्टियों की धूमराजधानी देहरादून ने नए साल का स्वागत खास अंदाज में किया। शहर के प्रमुख होटलों, रिसॉर्ट्स और रेस्टोरेंट्स में विशेष नववर्ष पार्टियों का आयोजन हुआ। पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने डीजे नाइट्स, लाइव म्यूजिक और फूड फ़ेस्टिवल का भरपूर आनंद लिया। मुख्य आकर्षण होटल पार्टीज़ः होटल मधुबन, सॉलिटेयर और वेलहम्स जैसी जगहों पर भव्य पार्टियां आयोजित की गईं, जिनमें डांस, मॉकटेल और गाला डिनर का आनंद लिया गया।राजपुर रोड की रौनकः राजपुर रोड और पेसिफिक मॉल में युवाओं की भीड़ नजर आई। यहां आयोजित लाइव बैंड और फूड स्टॉल्स का हर किसी ने लुत्फ उठाया।साहसिक खेलः मालदेवता और गेबुआ रिज़ॉर्ट में एडवेंचर एक्टिविटीज जैसे बोनफायर, कैंपिंग और माउंटेन बाइकिंग ने पर्यटकों को रोमांचित किया। मसूरी : बर्फबारी में जश्न का माहौलमसूरी में हल्की बर्फबारी ने नए साल



का उत्साह और भी बढ़ा दिया। मॉल रोड और लंढौर क्षेत्र में सजावट और आतिशबाजी का अनोखा दृश्य देखने लायक था। मसूरी के होटलों और रिज़ॉर्ट्स ने विशेष पार्टियों का आयोजन किया। मुख्य आकर्षण मॉल रोड का आकर्षणः पर्यटकों ने मॉल रोड पर ढोल-नगाड़ों और लाइव म्यूजिक के साथ डांस किया।लक्जरी पार्टियांः जे डब्ल्यू मैरियट मसूरी और सेवॉय होटल में भव्य डिनर, लाइव पियानो म्यूजिक और विशेष बफ़े का आयोजन हुआ।कैम्पटी फॉलः बर्फ से ढके कैम्पटी फॉल पर लोगों ने नए साल की पहली सुबह बिताई। नैनीतालः झील किनारे उत्सव की रोशनीनैनीताल में नववर्ष का जश्न अपने चरम पर था। नैनी झील के किनारे और माल रोड पर हजारों पर्यटकों ने डीजे नाइट्स, लोकसंगीत और आतिशबाजी का आनंद लिया। मुख्य आकर्षण रोशनी से सजी नावेंः झील पर नावों को रोशनी से सजाया गया, जिससे झील का दृश्य अद्भुत हो गया।होटल आयोजनों की धूमः मनु महारानी और नैनी रिट्रीट जैसे होटलों में लाइव म्यूजिक, कुमाऊंनी व्यंजन और डांस पार्टियां आयोजित की गईं। हरिद्वार और ऋषिकेशः आध्यात्मिक नववर्ष हरिद्वार में हर की पौड़ी पर गंगा आरती के साथ लाखों श्रद्धालुओं ने नए साल का स्वागत किया।

# रोहतास में बाइक सवार तीन युवक नहर में गिरे तीनों की मौत

पटना। रोहतास जिले के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात बाइक सवार तीन युवक नहर में गिर गए। इस घटना में तीनों की मौत हो गयी। तीनों युवक एक ही परिवार के थे और बहन के घर से जन्मदिन की पार्टी कर लौट रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। सुबह जब कुछ युवक दौड़ने के लिए गए तब घटना की जानकारी मिली। बताया गया है कि मृतकों में मुंद्रिका सिंह का 25 वर्षीय पुत्र प्रियांशु कुमार, संजय सिंह का 25 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार और रामेश्वर सिंह का 23 वर्षीय पुत्र शशिरंजन उर्फ मनु हैं। तीनों युवक गुंसेज गांव के रहने वाले थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दिल्ली पीआरएस की सेवाएं 2-3 जनवरी की रात डेढ़ घंटे बंद रहेंगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रेलवे की पब्लिक रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) की सभी सेवाएं 2-3 जनवरी की मध्यरात्रि को डेढ़ घंटे तक अस्थाई रूप से बंद रहेंगी। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि दिल्ली पीआरएस में फाइलों के कम्प्रेशन के मद्देनजर 2-3 जनवरी की रात्रि 23.45 से 01.15 बजे तक कुल एक घंटा 30 मिनट के लिए पीआरएस साइट बंद रहेगी। इस दौरान दिल्ली साइट के लिए पीआरएस एप्लीकेशन की पीएनआर पूछताछ, करंट रिजर्वेशन, निरस्तीकरण, चार्टिंग, ईडीआर (असाधारण डेटा रिपोर्ट) और काउंटरों पर पीआरएस रिपोर्ट सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी।

# 'हमारी विरासत एवं विभूतियां' पुस्तक को मिली सरकार की मंजूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भावी पीढ़ी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक लोक विरासत और महान विभूतियों की जीवनी से परिचित हो सके, इसके लिये राज्य सरकार ने प्राथमिक शिक्षा के तहत सामाजिक विज्ञान विषय की सहायक पुस्तिका के रूप में 'हमारी विरासत एवं विभूतियां' पुस्तकों को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। इस पुस्तिका को कक्षा 06 से 08 तक के पाठ्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2025-26 से पढ़ाया जायेगा। नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के तहत प्रदेश के स्कूलों में छात्र-छात्राएं अब अपनी समृद्ध सांस्कृतिक लोक विरासत, गौरवशाली इतिहास सहित प्रदेश की महान विभूतियों की जीवनी को पढ़ेंगे। प्रदेश सरकार ने इसके लिये राज्य शैक्षिक अनुसांधन एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से तैयार



'हमारी विरासत एवं विभूतियां' पुस्तकों को पाठ्यक्रम शामिल करने की मंजूरी दे दी है। ये पुस्तकें कक्षा 06 से लेकर कक्षा 08 तक सामाजिक विज्ञान विषय की सहायक पुस्तिका के रूप में पढ़ाई जायेगी। विद्यालयी स्तर पर इन पुस्तकों का संचालन आगामी अकादमिक सत्र 2025-26 से किया जायेगा। 'हमारी विरासत एवं विभूतियां' सहायक पुस्तिकाओं से छात्र-छात्राएं प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक लोक विरासत, लोकगीत, लोक नृत्य, सांस्कृतिक विविधता, प्रदेश का गौरवशाली इतिहास, पृथक राज्य आंदोलन, विभिन्न राजनीतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक चेतना से जुड़े आंदोलन, प्रदेश का सामाजिक व आर्थिक विकास सहित प्रदेश की महान विभितियों की जीवनी से परिचित होंगे। इन पुस्तिकाओं को पाठ्यक्रम में शामिल करने के बाद इसका परीक्षा मूल्यांकन होगा। जिसमें कक्षावार सामाजिक विज्ञान विषय की अर्द्धवार्षिक व वार्षिक लिखित परीक्षा में कुल 80 अंक में से अधिकतम 05 अंक निर्धारित किये गये हैं। जबकि मासिक परीक्षा में इन पुस्तकों से 10 में से अधिकतम 2 अंकों का मूल्यांकन किया जायेगा। सामाजिक विज्ञान हेतु पाठ्यक्रम में प्रोजेक्ट कार्य के लिये पूर्व से निर्धारित 10 अंक में से 3 अंक का मूल्यांकन हमारी विरासत एवं विभूतियां पुस्तक से किया जायेगा।






चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063